e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 160

**सुविचार**
गिरने से डरोगे, तो कभी खड़े नहीं हो पाओगे।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
13.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी गई, खालिस्तानी नारे लिखे जाने की भी खबर

**रोम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली दौरे से पहले एक शर्मनाक घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को खालिस्तानी चरमपंथियों ने उद्घाटन के कुछ ही देर बाद ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी गई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक घटनास्थल को तत्काल साफ किया गया।

### भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए पेमा खांडू, एक बार फिर बनेंगे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश में कौन मुख्यमंत्री बनेगा, भाजपा ने इस सवाल से पर्दा हटा दिया है। पेमा खांडू को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है जिसके साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि इस नए टर्म के लिए भी पेमा खांडू ही राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। मिली खबर के मुताबिक पेमा खांडू कल यानी 13 जून 2024 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। आपको बता दें कि पेमा खांडू का मुख्यमंत्री के तौर पर पिछला कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो चुका है।

### तीसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा पर इटली जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को इटली जाएंगे। यहां वे दुनिया की सात बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी7 की बैठक में भाग लेंगे।विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन में भारत की नियमित भागीदारी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए नई दिल्ली के प्रयासों की बढ़ती मान्यता की ओर इशारा करती है।जी7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में बोर्गो एग्नाज़िया के लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। इसमें यूक्रेन और गाजा में जारी संघर्ष का मुद्दा सबसे ज्यादा हावी रहेगा।शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शामिल होंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की का भी अपने देश में जारी संघर्ष पर एक सत्र होगा।क्वात्रा ने बताया कि भारत स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में उचित स्तर पर भाग लेगा। हालांकि शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेगा इसकी अभी जानकारी नहीं दी गई है।

### अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा, केंद्र की राजनीति करेंगे सपा अध्यक्ष

**नई दिल्ली :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब केंद्र की राजनीति करेंगे। उन्होंने करहल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। इसके बाद उन्हें एक सीट से इस्तीफा देना था तो उन्होंने करहल सीट छोड़ दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे के अनुसार यह इस्तीफा प्राप्त हो गया है। शीघ्र ही स्वीकार करने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। इससे पहले सपा के विधायक लालजी वर्मा भी इस्तीफा दे चुके हैं। लालजी वर्मा भी लोकसभा सदस्य चुने गए हैं।

### उत्तराखंड में सभी धार्मिक मठ-मंदिरों के विकास पर राज्य सरकार का पूरा फोकस: महेंद्र

**गुप्तकाशी:** उत्तराखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बुधवार को कहा कि केदारनाथ धाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट पर लगातार कार्य गतिमान है। इसकी पल-पल की खबर पीएमओ कार्यालय को प्रेषित की जाती है। उत्तराखंड में सभी धार्मिक मठ-मंदिरों के विकास पर राज्य सरकार का पूरा फोकस है।विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के दर्शन कर लौटे महेंद्र भट्ट ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केवल ग्रीष्मकाल ही नहीं, अपितु शीतकाल में भी यात्रा अनवरत चलती रहे, इस पर भी बड़े स्तर पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि न केवल केदारनाथ धाम बल्कि मद्महेश्वर, तुंगनाथ, कार्तिक स्वामी, भविष्य बद्री सहित विभिन्न अलौकिक मंदिरों तथा नैसर्गिक आभा से सुसज्जित पर्यटन स्थलों को भी यात्रा से जोड़ने की कवायद चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा यात्रा को सुचारू तथा व्यवस्थित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभाग युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार का पूरा फोकस है कि उत्तराखंड के पौराणिक मठ-मंदिर ऐतिहासिक स्थलों को विकसित कर देश-विदेश के पर्यटकों को इन स्थानों पर आने के लिए जागरूक किया जाए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |


### झारखंड मंत्रालय में सीएम ने विभिन्न विभागों के प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की

# अबुआ आवास पर पैनी नजर रखें अधिकारी : चंपाई सोरेन

**सीएम ने कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं। ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करें।**

#### किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। योजनाओं का लाभ देने में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचे, इस दिशा में पूरी ताकत के साथ काम हो रहा है।



#### जनता की उम्मीदों को पूरा करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार से राज्य की जनता को काफी उम्मीदें हैं जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में हमें अपनी जिम्मेदारियां को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है। लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे सम्मान के साथ देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसमें आप सभी का योगदान काफी मायने रखता है।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

उच्च स्तरीय बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री श्री बादल, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव-सह- विकास आयुक्त अविनाश कुमार सहित सभी विभागों के प्रधान सचिव, सचिव, सभी प्रमंडलों के आयुक्त, सभी जिलों के उपायुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**2 लाख**
**अबुआ आवास की पहली किस्त जारी होने पर कार्य में तेजी लाने का निर्देश**

#### टाइमलाइन पर पूरी हो योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित में कई नई योजनाएं शुरू होगी। ऐसे में सभी योजनाओं की टाइमलाइन तय की जाएगी। कब योजनाओं का उद्घाटन होना है और कब पूरा होना है, यह पहले से तय होगा और इसमें इसमें किसी प्रकार का विलंब बर्दाश्त नहीं होगा।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मंत्रालय में सीएम ने विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव,सचिव और प्रमंडलीय आयुक्तों की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्तों के साथ विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए 2 लाख आवास और इसकी पहली किस्त की राशि जारी होने के उपरांत आवास निर्माण के प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं।

ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करें। सीएम ने कहा कि इस योजना में अनियमिता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिनों तक चली इस बैठक में कानून और व्यवस्था से लेकर विकास योजनाओं और उसकी प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें योजनाओं के क्रियान्वयन में क्या समस्याएं आ रही हैं। उन समस्याओं का क्या समाधान हो । योजनाएं कैसे धरातल पर उतरे। लोगों को इसका लाभ किस तरह मिले। इस पर रणनीति बनाने का कार्य हुआ।

### सीएम चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे पीएम मोदी



**बीते दिनों एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने पवन कल्याण की तारीफ करते हुए कहा था, ये पवन, पवन नहीं आंधी है।**

एजेंसी

**विशाखापत्तनम :** तेलुगू देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी भी पहुंचे। उनके अलावा कई फिल्मी सितारे भी समारोह में शामिल हुए।समारोह के दौरान सीएम नायडू और पवन कल्याण ने पीएम मोदी को भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में पवन कल्याण की पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पीथापुरम सीट से चुनाव जीता है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत की पीएम मोदी तारीफ कर चुके हैं। बीते दिनों एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने पवन कल्याण की तारीफ करते हुए कहा था, ये पवन, पवन नहीं आंधी है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी ने पवन कल्याण से मुलाकात के दौरान उनकी पीठ थपथपाई। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम नायडू और पवन कल्याण को राज्य में उनकी नई भूमिकाओं के लिए बधाई दी।

### ओडिशा : मोहन चरण माझी ने मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने आज भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन चरण मांझी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी शपथ समारोह में मौजूद रहें।


## जूनियर इंजीनियर 5 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के रंका अनुमण्डल क्षेत्र के चिनिया प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित सहायक अभियंता (मनरेगा) अनुज कुमार रवि को रंका प्रखंड स्थित कंचनपुर उनके घर से एसीबी की टीम ने पांच हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफतार किया है।जानकारी के अनुसार अनुज कुमार मनरेगा योजना में लाभुक से रिश्वत मांगी थी। लाभुक ने इसकी शिकायत एसीबी से किया था। शिकायत के आलोक में एसीबी की टीम ने मामले की छानबीन की जिसमें लाभुक द्वारा लगाया गया आरोप सही पाया। इसके बाद एक टीम बनाकर बुधवार को अनुज कुमार के कंचनपुर निवास पर पहुंची जहां लाभुक ने पांच हजार रिश्वत के रुप में दिया। इसके बाद एसीबी की टीम ने धावा बोलकर उसे गिरफतार कर लिया है। गिरफतार करने के बाद उसे मेदिनीनगर ले गई। सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि लाभुक से गढ़वा के रंका स्थित अपने आवास पर घूस ले रहे थे. एसीबी ने गिरफ्तार करने के बाद उनके आवास में भी तलाशी ली है.एसीबी एसपी सादिक रिजवी ने बताया कि सहायक अभियंता डोभा निर्माण की योजना में घूस मांग रहे थे, इसी क्रम में उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार सहायक अभियंता को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है.

## अलग-अलग छापेमारी में मिले सबूतों का हेमंत सोरेन से जुड़ाव : ईडी




**ईडी ने बहस के दौरान कहा कि हेमंत सोरेन का जुड़ाव उन सबूतों से है,जो ईडी की अलग-अलग छापेमारी में मिले हैं**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में भूमि घोटाले के आरोपित झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। ईडी ने बहस के दौरान कहा कि हेमंत सोरेन का जुड़ाव उन सबूतों से है,जो ईडी की अलग-अलग छापेमारी में मिले हैं। ईडी की बहस सुनने के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता को लिखित बहस जमा करने का निर्देश दिया। ईडी की बहस आज गुरुवार को भी होगी। कोर्ट में ईडी ने कहा कि बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानू प्रताप के ठिकाने से दस्तावेजों से भरा हुआ जो ट्रंक बरामद हुआ था, उसमें कई ऐसे कागजात मिले थे, जो भूमि घोटाला से ही संबंधित थे। विनोद सिंह के मोबाइल से जो चैट और नक्शा बरामद हुआ था, उसके मुताबिक 8.86 एकड़ भूमि पर बैंकवेट हॉल बनाये जाने की तैयारी थी।तत्कालीन सीओ मनोज कुमार ने अपने बयान में कहा था कि अभिषेक प्रसाद पिंटू और सीएमओ में कार्यरत उदय शंकर के कहने पर उन्होंने हल्का कर्मी भानू प्रताप को इस भूमि का सर्वे करने का निर्देश दिया था। अभिषेक प्रसाद ने अपने बयान में कहा है कि उन्होंने उक्त भूमि को लेकर जो भी निर्देश दिए वह हेमंत सोरेन के कहने पर ही दिए। बचाव पक्ष ने सबूतों पर जो सवाल खड़े किए हैं, वो पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। क्योंकि, राज्य सरकार के कर्मचारियों की मौजूदगी में सभी सबूतों को सील किया गया है और जब्ती सूची पर सबके हस्ताक्षर हैं।सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट में हेमंत सोरेन के पक्ष में वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा, हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और प्रदीप चंद्रा मौजूद रहे।

## भीषण आग लगने से 40 भारतीय की मौत, 30 घायल

एजेंसी

**कुवैत :** कुवैत के मंगाफ में बुधवार सुबह एक इमारत में लगी भीषण आग में 41 लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए. मरने वालों में 40 भारतीय शामिल हैं. कुवैत में भारतीय दूतावास ने कहा कि आग की घटना में 30 से अधिक भारतीय श्रमिक घायल हो गए. घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे मंगाफ शहर में हुई. एक वरिष्ठ पुलिस कमांडर ने स्टेट टीवी को बताया,जिस इमारत में आग लगी,उसका इस्तेमाल श्रमिकों के आवास के लिए किया जाता था और वहां बड़ी संख्या में श्रमिक थे.अधिकारियों ने बताया कि आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगाफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी.बताया जाता है कि इमारत में करीब 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के कर्मचारी हैं. कुवैत के मंगाफ में बुधवार सुबह एक इमारत में लगी भीषण आग में 41 लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए. मरने वालों में 40 भारतीय शामिल हैं. कुवैत में भारतीय दूतावास ने कहा कि आग की घटना में 30 से अधिक भारतीय श्रमिक घायल हो गए.अधिकारियों ने बताया कि आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगाफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी. अधिकारियों ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है. बताया जाता है कि इमारत में करीब 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के कर्मचारी हैं.



## 18वीं लोस का पहला सत्र 24 और रास की कार्यवाही 27 जून से शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इसके अलावा 264वीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से प्रारंभ होगा। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। दोनों सदनों के सत्र तीन जुलाई तक चलेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री ने बुधवार को बताया कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। सत्र के पहले तीन दिन नवनिर्वाचित नेताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही सदन के अध्यक्ष का चुनाव भी कराया जाएगा। सत्र का समापन 3 जुलाई को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्षों के लिए नई सरकार के रोडमैप की रूपरेखा पेश करेंगी।राज्यसभा का 264वां सत्र भी 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त होगा।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# आपसी विवाद में दोस्त ने की दोस्त की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदूआ में बीते 8 जून दिन शनिवार को शाहपुर निवासी लक्की कुमार की हत्या कर दी गई थीं।पुलिस ने शव को बंदूआ के खोहरी गांव से बरामद कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया था।मृतक लक्की की माता रेखा देवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चैनपुर थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक एसपी रेशमा रमेशन के निर्देश के आलोक में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मामले का उद्भेदन के लिए छापामारी की जा रहीं थीं। वहीं चैनपुर पुलिस को सफलता भी मिली पुलिस ने लक्की के हत्या के आरोपी रोहित कुमार पिता शिव शंकर राम कांदू मोहल्ला निवासी वहीं दूसरा पवन कुमार पिता अरुण कुमार डाल्टनगंज निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य दो आरोपी विक्की गुप्ता कांदू मोहल्ला व अश्वनी तिवारी रेड़मा निवासी फरार बताया जा रहे हैं जिसकी छापामारी की जा रहीं हैं। वहीं आज बुधवार को प्रेस वार्ता कर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है उन्होंने बताया कि लक्की की हत्या कर उसके शव को खोहरी में फेंक दिया गया था। उन्होंने बताया कि हथियार अश्वनी तिवारी का था जिस हथियार को रोहित ने मामूली विवाद में नोक झोंक के दौरान हथियार से लक्की की हत्या कर दी थीं।पुलिस दोनों को पूछताछ के लिए चैनपुर थाना लाई इसके बाद पूछताछ के क्रम में पवन ने सारी जानकारी दी जिसके बाद रोहित को उसके घर से गिरफ्तार किया गया दोनो आरोपी घटना में अपनी स्वीकृति जाहिर की है इस संदर्भ में चैनपुर थाना कांड संख्या 117/2024 धारा 302, 201, 34 के तहत दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। अन्य दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। छापामारी दल अभियान में थाना प्रभारी श्री राम शर्मा, चंदन कुमार, रंजीत कुमार, राजकुमार मेहता, रामचंद्र चौधरी सहित चैनपुर थाना रिजर्व गार्ड शामिल था।

### किसान ब्रिगेड ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# चंपई सरकार में किसानों का सुध लेने वाला कोई नहीं : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** आगामी 19 जून दिन बुधवार को किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार पंचायत वाइज जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं। उसी क्रम में बुधवार को किसान ब्रिगेड की टीम लोटनिया पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा। ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि यह लड़ाई आम जनों और किसानों की हैं इसलिए आप सभी को हमें सहयोग व समर्थन देने की आवश्यकता है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन उनका सुद लेने वाला कोई नहीं है। सरकार द्वारा दी जा रही 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ यहां के किसानों को नहीं मिल पा रहा है। किसान सर्वे में भूमि गड़बड़ी, सिंचाई की समस्या एवं सरकारी अस्पताल के लचर व्यवस्था से परेशान है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है नवजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। इसलिए इस गूंगी बहरी सरकार को जगाना जरूरी है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को उत्प्रेरित किया कि तन मन धन से लगकर पंचायत में हर घर तक पहुंचने का कोशिश करें और हमारे विचारों को उन तक पहुंचाएं। उन्होंने ग्रामीण जनता व किसानों से 19 जून को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान महापंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया। लोटनिया पंचायत के ग्रामीण किसानों ने इस महापंचायत को समर्थन देने की बात कही। मौके पर मनोज सिंह विनोद सिंह फिरंगी राम रजनीश सिंह राहुल उपाध्यक्ष श्रवण चौहान राजू चौहान युगेश पासवान सुदेश राम सोनू कुमार नरेंद्र शर्मा गीता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# प्रमुख के निरीक्षण में केतार प्रखंड व अंचल के 21 कर्मी अनुपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बुधवार को केतार प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड के 15 कर्मी व अंचल के 6 कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिसे कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रमुख ने बीडीओ सावित्री कुमारी को आवेदन देकर कार्रवाई करने की बात कही है। प्रमुख ने उक्त आवेदन में यह उल्लेख किया है कि प्रखंड व अंचल के कर्मियों के द्वारा लगातार अनुपस्थित रहने एवं निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने की शिकायत मिल रही थी। जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। वही दूर दराज से आए ग्रामीण अपने समस्या का समाधान के बगैर ही हर दिन बैरंग वापस लोट जा रहे हैं। इसी शिकायत के आलोक में मेरे द्वारा बुधवार को 10:30 बजे के बाद कार्यालय पहुंच निरीक्षण किया गया तो पाया कि प्रखंड प्रधान सहायक, प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायती राज समन्वयक,जन सेवक, लेखा सहायक, चार रोजगार सेवक, दो पंचायत सेवक, लिपिक, ऑपरेटर, चालक गार्ड सहित 21कर्मी अनुपस्थित हैं। प्रमुख ने अनुपस्थित कर्मियों पर स्पष्टीकरण पूछते हुए कार्रवाई करने के उपरांत अवगत कराने की बात कही है।

# मोनू मिश्र हत्याकांड का पंद्रह दिनों बाद भी नहीं हुआ उद्भेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर थाना अंतर्गत नावाडीह कला ओपी क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी मोनू मिश्रा के अपहरण और हत्याकांड का उद्भेदन नरकंकाल बरामद होने के पंद्रह दिनों बाद भी नहीं हो पाया है.इतना ही नहीं सभी नामजद हत्यारोपी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस सिर्फ हवा में लाठियां भांज रही है। इधर मृतक मोनू मिश्रा के पिता चंद्रशेखर मिश्रा अपने भाई बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा के साथ मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व डीजीपी अजय कुमार सिंह ने रांची कार्यालय जाकर मुलाकात की। चंद्रशेखर मिश्रा ने डीजीपी को अपनी व्यथा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने श्री मिश्रा को आश्वस्त किया कि इस संबंध में आईजी और पलामू एसपी को जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया जायेगा। यहां बताते चलें कि छिपादोहर निवासी चंद्रशेखर मिश्रा का 25 वर्षीय पुत्र मोनू मिश्रा पिछले दस मई से लापता था.जिसका नरकंकाल 27 मई को महुआखला पचघारा जंगल से बरामद हुआ था। बेटे की बरामदगी हेतु पिता पुलिस के पास लगाते रहे गुहार अपहरण के बाद से मोनू के पिता चंद्रशेखर मिश्रा अपने बेटे के बरामदगी हेतु प्रत्येक दिन पुलिस के पास जाकर गुहार लगाते रहे.इस दौरान चंद्रशेखर मिश्रा नावाडीह कला ओपी व विश्रामपुर थाना का प्रति दिन चक्कर लगाते रहे। नावाडीह कला ओपी और विश्रामपुर पुलिस से मायूस होने के बाद श्री मिश्रा पुलिस निरीक्षक से भी मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। इसके बाद चंद्रशेखर मिश्रा पलामू एसपी से मिलने उनके कार्यालय भी गए, लेकिन चुनावी कार्य से मुख्यालय से बाहर होने के कारण श्री मिश्रा की मुलाकात एसपी से नहीं हो पाई। तब उन्होंने अपना आवेदन एसपी कार्यालय में जमा करा दिया था। इसके बावजूद भी मामले का न तो आज तक उद्भेदन हुआ और न ही कोई नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

## केतार बीडीओ पर ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप




**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बीडीओ सह अंचल अधिकारी सावित्री कुमारी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उक्त बीडीओ की पदस्थापना के बाद से ही विकास कार्य को लेकर अशांति फैलाने की बात कही है। साथ ही प्रमुख ने जनप्रतिनिधियों एवं जन समस्या को लेकर आए वृद्ध ग्रामीणों के साथ हर दिन बदसलूकी करने का आरोप बीडीओ पर लगाया हैं। प्रमुख ने यह भी कहा है कि बीडीओ के पास किसी भी उम्र के लोग समस्या लेकर जाए तो वह अरे-तरे, तुम-ताम करके बिना समस्या समाधान किए लड़ने पर उतारू होकर भगा दिया करती है। जिससे यहां के विकास कार्यो में इनका योगदान नहीं दिख रहा है। कोई समस्या आने पर एक सप्ताह में जांच करने की बात कह कर हर मामला को टाल-मटोल कर दिया जाता है। जिसका खामियाजा है कि प्रखंड क्षेत्र के सभ्य लोग ब्लॉक आना कम कर दिए हैं। सिर्फ बिचौलियों के भरोसे प्रखंड एवं अंचल का कार्य किया जा रहा है।

## हैदरनगर के परता पंचायत के मुखिया पर बीडीओ ने लगाया एक हजार का अर्थदंड और मांगा स्पष्टीकरण

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में मनरेगा कार्य के भुगतान में लापरवाही बरतने के विरुद्ध बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने मुखिया कमल कुमार को स्पष्टीकरण देते हुए एक हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। स्पष्टीकरण संबंधी पत्र में कहा गया है कि मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित योजना में परता के मुखिया द्वारा मजदूरी भुगतान टी+5 के अन्दर नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण मजदूरी भुगतान में विलंब हो रहा है। इसकी समीक्षा राज्य एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन दूरभाष, व्हाट्सएप एवं पत्र के माध्यम से तथा प्रखण्ड स्तरीय प्रत्येक सप्ताहीक समीक्षा बैठक में की जा रही है। इसके बावजूद भी मुखिया द्वारा पंचायत परता में दिनांक 11.06.2024 को योजना संख्या (1) ग्राम कबरा में अब्दुल आजम की मिश्रित फल बागवानी टी+10, (2)ग्राम कबरा खुर्द में खुर्शिद अहमद के आम बागवानी टी +9, (3) परता में नीलम देवी के आम बागवानी टी+9 होने के बावजूद इनका भुगतान नहीं किया गया है, जो मुखिया के कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। पत्र के माध्यम से मनरेगा आधिनियम 2006 के तहत समयावधि पर मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं करने पर मुखिया पर एक हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है। पत्र के माध्यम से बीडीओ ने निदेश दिया है कि दो दिनों के अंदर मुखिया अपना स्पष्टीकरण दें एवं नाजीर रसीद की छायाप्रति के साथ कि किस परिस्थिति में उनके द्वारा विलम्ब से भुगतान किया जा रहा है एवं मजदूरी भुगतान नहीं किया जा रहा है। अन्यथा समझा जायेगा कि मुखिया को इस संदर्भ में कुछ नहीं कहना है, तदुपरांत उनके विरुद्ध मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं करने एवं निर्धारित समयावधि तक सुनिश्चित नहीं करने के इस कृत्य के लिए अनुशासनात्मक एवं अर्थदण्डात्मक कार्रवाई करने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशांसा कर दी जाएगी। इस पत्र की प्रतिलिपि जिले के उपविकास आयुक्त को भी प्रेषित की गई है।

# उपायुक्त से बढ़े हुए मानदेय का भुगतान करने का किया गया अनुरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा,जिलाध्यक्ष कौशल्या देवी तथा परियोजना अध्यक्ष मझिआव सरिता कुमारी ने उपायुक्त शेखर जमुआर से मिलकर आंगनबाड़ी सेविका का 500रुपये तथा सहायिका का 250 रुपये बढ़ा हुआ वर्ष 2023 से मानदेय दिलाने को लेकर आवेदन दिया। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में लिखा गया है कि वर्ष 2022 के संकल्प पत्र घोषणा किया गया था कि जुलाई 2023 से सेविका का 500 रुपये तथा सहायिका का 250 रुपये की अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा। आवेदन में लिखा गया है कि गढ़वा जिले में बढ़ा हुआ मानदेय का भुगतान अभी तक नही किया जा रहा है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में उपायुक्त से जुलाई 2023 से बढ़ा हुआ मानदेय का भुगतान कराने का अनुरोध किया गया है। आवेदन के माध्यम से मांग करने वालो में रंका परियोजना अध्यक्ष बबिता कुमारी, मझिआंव परियोजना अध्यक्ष सरिता देवी, इंदु देवी, लीलावती देवी, प्रभा देवी, दिलत देवी, संध्या देवी, सुनीता देवी, राजपति देवी के नाम शामिल है।

# भाजपा नेता अरविंद सिंह ने केंद्रीय मंत्रियो से मिलकर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** वरीय भाजपा नेता सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हुए बधाई दी.श्री सिंह प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने दिल्ली गए हुए हैं.दिल्ली प्रवास के दौरान अरविंद सिंह ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व संजय सेठ से भी मुलाकात की और उन्हें मंत्री बनने पर बधाई दी। इसके अलावा श्री सिंह उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, चतरा सांसद कालीचरण सिंह सहित कई सांसदों से भी मिलकर उन्हें शुभकामना दी। अरविंद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व तीसरी बार मजबूत सरकार बनी है। तीसरे कार्यकाल में गरीब कल्याण व विकास की गति और तेज होगी।

# सांसद सुखदेव भगत मिले बंधु तिर्की से, किया उनका आभार प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के निर्वाचित सांसद माननीय श्री सुखदेव भगत आज रांची में झारखंड के पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से उनके आवास में मिलकर उनका आभार प्रकट किये ।इस दौरान बंधु तिर्की ने भी सुखदेव भगत को सांसद बनने पर बधाई दिए। उल्लेखनीय है कि बंधु तिर्की चुनाव से पहले ही लोहरदगा गुमला क्षेत्र का भ्रमण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का काम किए थे जिसका चुनाव में पार्टी को फायदा मिला।

## हुसैनाबाद के युवाओं के रोजगार के लिए विजन तैयार : सूर्या सिंह



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के युवा नेता सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद क्षेत्र के विकास और युवाओं के रोजगार के लिए अपना विजन साझा किया है। मोबाइल पर बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पास हुसैनाबाद क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए विकल्प और अवसरों का रोडमैप तैयार है। कहा कि मेरा विजन है सभी युवाओं को सपोर्ट करना और सपोर्ट के साथ करियर में अवसर देना है। कहा कि आने वाले 25 वर्षों के लिए मेरे पास विकास का रोडमैप है, जो किसी अन्य विरोधी के पलास नहीं है।उन्होंने युवाओं से हुसैनाबाद के विकास के लिए उनके विजन के साथ जुड़ने की अपील की है। कहा की उनके पास युवाओं के लिए रोजगार सृजन के विभिन्न विकल्प हैं जो युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। उनका उद्देश्य सभी वर्ग और जाति के लोगों के लिए खड़ा रहना है और उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। कहा कि हम सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं और हर व्यक्ति के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र में कई विकास कार्य किए हैं और वर्तमान में कई इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएँ तेजी से चल रही हैं। उन्होंने कहा की विकास के साथ-साथ हमारे द्वारा सुरक्षा देने का भी कार्य किया जा रहा है।कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उनकी प्रतिबद्धता के कारण क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

# भीषण गर्मी में गरीबों के साथ बेजुबान जानवरों की जीवन बचा रहे है समाज सेवी शौकत खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मानवता का सच्चा धर्म निभा रहे है तिरंगा वाले शौकत खान भीषण गर्मी में गरीबो के साथ-साथ जानवरो का भी जीवन बचा रहे है।बताते चलें कि गढ़वा जिले का तापमान 45 पार चल रहा है। ऐसे में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। आम सम्पन्न इंसान तो तो अपना बचाव लेते है, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी रोज कमाने खानें वाले लोगों की हो रही है। ऐसे हालात में शौकत खान का निशुल्क कपड़ा बैंक, सत्तू बैंक, चावल बैंक, जरुरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जहां प्रतिदिन जरुरतमंद लोग आ रहे है और अपनी जरूरत कि चीजे लेकर जा रहें हैं।वहीं शौकत खान आम जरुरतमंद इंसानों के साथ बेजुबान जानवरों को भी भोजन और पानी उपलब्ध कराते हुए नज़र आ रहे हैं।पुछे जाने पर शौकत खान बताते हैं कि धुप और गर्मी इतना है कि एक सेकंड भी राहत नहीं मिल रही है ऐसे हालात में जरुरतमंद लोग तो अपनी जरुरत कि चिजे मांगकर लें जाते हैं। लेकिन बेचारे बेजुबान जानवरों का दुख दर्द कौन समझेगा। इसलिए मुझसे जितना बन पा रहा है हम इंसानों के साथ बेजुबान जानवरों को भी ज्यादा से ज्यादा सेवा देने कि कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने लोगो से अपील किया कि गर्मी अधिक है आप लोग भी अपने गरीब पड़ोसीयों को और अपने आस पड़ोस में घुम रहे बेजुबान जानवरों को भी ज्यादा से ज्यादा मदद करें और शहर में बहुत सारे जगहों पर जंगल से आये हनुमान और बंदर भी दिख रहे हैं। प्लीज़ उन्हें मारकर भगाये नहीं बल्कि उन्हें भी भोजन और पानी उपलब्ध कराकर मानवता कि मिसाल पेश करें। क्योंकि ये तापमान और गर्मी चंद दिनों के लिए है लेकिन हम सब के मानवता के रिश्ते सदा सदा के लिए है।

# अंबुजा सीमेंट का संयुक्त कांट्रैक्टर मीट सम्मेलन आयोजित

### ठेकेदारों को मिलेगा अंबुजा ग्रुप के तरफ से इंश्योरेंस का लाभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर स्थित वृद्धि इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर प्रशांत कुमार के तत्वाधान में अडानी सीमेंट ग्रुप कंपनी अंबुजा सीमेंट का एक संयुक्त कॉन्ट्रेक्टर मीट सम्मेलन का आयोजन किया गया।इसमें रांची से आए टेक्निकल टीम तथा पलामू के मार्केटिंग टीम मौजूद थें वहीं इसमें चैनपुर प्रखंड के 50 कॉन्ट्रेक्टर शामिल हुए। सभी को अंबुजा सीमेंट की विशेषता से अवगत कराया गया।अडानी सीमेंट रांची के टेक्निकल हेड सुमंत गोयल ने अडानी सीमेंट की गुणवत्ता पर विशेष जानकारी दी एवं अडानी ग्रुप के विभिन्न कंपनियों के सहभागिता को विस्तृत रूप से बताया। वहीं सुमंत गोयल ने बताया कि अंबुजा सीमेंट अडानी ग्रुप का हैं और अडानी ग्रुप अंबुजा सीमेंट चार प्रकार की लाई हैं जिसमे सबसे बड़ा खासियत अंबुजा सीमेंट का हैं की अगर अंबुजा सीमेंट से जोड़ाई या ढलाई करते हैं तो ग्राहक को कभी दूसरा सीमेंट लेने का इच्छा नही करेगा क्योंकि अडानी ग्रुप अंबुजा सीमेंट को बेहतर बनाया हैं की अगर ग्राहक अच्छा से दीवार या ढलाई को पटवनी करते है तो दीवार या ढलाई में दरार कभी नहीं आएगी और लंबे समय तक टीकापन रहेगा और उन्होंने बताया कि कांट्रेक्टर को सीमेंट देने से पहले उनका हेल्थ इंश्योरेंस करेंगे और दुर्घटना घटित इंश्योरेंस जिससे की आने वाला भविष्य में कभी किसी प्रकार की दिक्कत होंगी तो अडानी ग्रुप के तरफ़ से हेल्थ इंश्योरेंस और एक्सीडेंटल इंश्योरेंस का ठेकेदारो को अडानी ग्रुप के तरफ़ से इंश्योरेंस का लाभ मिलेगा। मौके पर टेक्निकल हेड रौशन पांडे,वृद्धि इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर प्रशांत कुमार, सेल्स ऑफिसर इंद्रजीत दत्ता, जितेंद्र सिंह, प्रतीक कुमार, अशोक कुमार, विशाल कुमार, उमाकांत कुमार, विकास जायसवाल, अरुण कुमार, आफताब आलम सहित कई लोग मौजूद थें।

**संक्षिप्त खबरें**

## भाजपा के सिल्ली मंडल अध्यक्ष दिवंगत विनोद के ब्राह्मण भोज में शामिल हुआ संघ

**रांची ।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि रांची जिले के सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बासारूली गांव के रहने वाले स्व बिनोद प्रसाद साहु पिता झूलन प्रसाद साहु जिनका 29 मई को रांची भाजपा कार्यालय से घर लौटते समय बुढा आम में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। स्व बिनोद प्रसाद साहु भाजपा के सिल्ली मंडल अध्यक्ष थे। 11 जून को बिनोद प्रसाद साहु के गांव बासारूली में उनके श्रद्धांजलि सह मित्र कुटुंभ ब्राह्मण भोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूरे ग्रामीण क्षेत्रों से अनके गण मान्य सामाजिक लोगों का जुटान बढ़ती गर्मी एवं चिलचिलाती धूप में भी देर रात तक लोगों का ताता लगा रहा। रांची से झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू, प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, रमन साहु।

## धारा 144 लगने के बाद भी हो रहा जमीन पर काम

**रांची :** भोला गोसाई पिता स्वर्गीय झरी गोसाई, साकेत नगर, हिनू ,थाना डोरंडा रांची में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी खतयानी जमीन जो मौजा 951 घाघरा, खाता नंबर 29, प्लॉट नंबर 1860, रकबा 90 डेसिमल एवं प्लॉट नंबर 1864, रकबा 70 डेसिमल, थाना डोरंडा,जिला रांची में स्थित है। उन्होंने कहा कि यह जमीन खतयानी रैयत चमार गोसाई एवं शनिचरवा गोसाई के नाम से दर्ज है । इस जमीन की मौखिक बंटवारे में मेरे परिवार को मिली जमीत पर मेरा शांतिपूर्ण रूप से दखल एवं कब्जा है। न्यायालय अनुमंडल अनुमंडल पदाधिकारी रांची वाद संख्या एम 1704/ 2024 के अंतर्गत धारा 144 भी लगाया लगा दिया गया है। इसके बावजूद उसे जमीन पर दूसरे पक्ष के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान को तोड़ा जा रहा है।

# साली पर थी गंदी नजर इसलिए साढ़ू ने मार दी गोली, गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि सुबह थाना प्रभारी राहे को सूचना प्राप्त हुआ कि रात्री मे ग्राम दुलमी मे एक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर जख्मी कर दिया है, जिसे ईलाज के लिए राँची ले गया था, जहाँ चिकित्सको द्वारा मृत बताया गया है। मृतक अर्जुन महतो बिचकाटोली थाना बुंडू से रांची साढ़ू झरिया महतो के घर ग्राम दुलमी बर्थडेपार्टी मनाने सभी परिवार वाले आऐ थे, जिसमे मृतक अर्जुन महतो भी अपने परिवार के साथ आए थे, सभी परिवार के लोग पार्टी मनाकर शराब पीकर सो गए रात्री लगभग 11⁻30 के बाद मृतक अर्जुन महतो को घर में घुस कर हत्या कर दिया।घटित घटना के इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रॉची के द्वारा अनुमंडल पुलिस




पदाधिकारी रतिभान सिंह बुण्डू नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित छमापारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के अभियुक्त सगीर कुईरी, झालदा, जिला-पुरुलिया, पं0 बंगाल को छापामारी टीम के द्वारा गिरफ्तार किया एवं इनके निशानदेही पर कांड में उपयोग किए गये देशी कट्टा, गोली, खोखा, चाकु, एवं घटना में उपयोग किए गये वाहन को उसके घर (बंगाल) जाकर बरामद किया। पुछ-ताछ के क्रम में इनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया तथा बताया कि अभियुक्त समीर कुईरी एवं मृतक अर्जुन महतो दोनों रिशते मे साढ़ू थे, इनकी पत्नी की बहन छोटी थी जिस कारण (जिजा) मृतक अर्जुन महतो के द्वारा शादी के पूर्व से ही गलत संबंध बना रहे थे तथा वर्ष 2012 में शादी होने के बाद भी उसके घर पर जाकर डरा धमका कर गलत काम करते थे। इस की जानकारी अभियुक्त को शादी के कुछ वर्षे बाद होने के कारण परिवार के साथ झगड़ा लडाई अक्सर होने लगा , तब से मृतक से बदला लेने के लिए कोशिश करने लगा, इस संबंध में अभियुक्त के द्वारा अपने ससुराल वाले को बताया लेकिन ससुराल वाले के द्वारा इस में कुछ नहीं किया। जिस कारण खुद से बदला लेने का ठान लिया ,इसलिए अभियुक्त समीर कुईरी 10.06.2024 के रात्री मे अपने मोटरसाइकिल से घर से देशी कट्टा लोडकर एवं चाकू लेकर चला और अपने बड़े साढ़ू झरिया महतो ग्राम दुलमी के घर से कुछ दूर पहले मोटरसाइकिल लगाकर पैदल आऐ और आंगन में चौकी पर सोए हुए झरिया महतो एवं मृतक अर्जुन महतो को पहचान कर सीर में गोली मारकर घर से भाग गया। गठित टीम के द्वारा उक्त घटना को 07 घण्टे के अन्दर सभी अनुसंधान पूर्ण कर लिया गया है। छापामारी दलः रतीभान सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुण्डू राँची। . पुअनि फैज रब्बानी थाना प्रभारी राहे रांची। पुअनि पिन्टू कुमार राहे थाना, राहे थाना शस्त्र बल शामिल थे।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। बैठक में विगत दिनों संपन्न हुए चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक लोकसभा सीट की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी से चुनावी गतिविधियों के संबंध में फीडबैक लिया गया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए एक रूपरेखा जल्द तय करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आपकी मेहनत में हमें ताकत दिया। जनता ने हमें इतना मजबूत कर दिया है कि केंद्र सरकार अब तानाशाही नहीं कर सकती और जनता पर मनमाना फैसला नहीं लाद सकती। जब तक हम पूरी समीक्षा नहीं कर




लेते अगला कदम मजबूती से नहीं उठा सकते हैं। हम जीत और हार दोनों सीटों के प्रत्येक स्तर पर समीक्षा करेंगे। हमें समय बर्बाद करने की अपेक्षा कमियों को दूर करना है। हमें देखना है कि जो काम बाकी है वह जल्द पूरा हो।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमारा प्रयास बेहतर रहा है। इसमें और सुधार की आवश्यकता है। वर्ष 2019 के चुनाव की अपेक्षा इस बार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में हमारे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है। पूरे झारखंड में हमारे सात सीटों पर पिछली बार के मुकाबले 16 लाख मतों की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 के मुकाबले हजारीबाग में हमें 51 फीसदी, खूंटी में 21 प्रतिशत, लोहरदगा में 33 प्रतिशत, चतरा में 135 प्रतिशत, धनबाद में 34 प्रतिशत और रांची में 16 प्रतिशत ज्यादा मत मिले हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अग्नि परीक्षा का समय आ गया है। चार महीनों में चुनाव होने वाले हैं। हमारी सरकार ने जनता से किए हुए जो वादे पूरे किए हैं उन्हें आम लोगों तक पहुंचाया जाए।

# राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति से मिले संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के लोकप्रिय सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ से औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर सांसद की पत्नी,बेटा और बहू मुख्य रुप से मौजूद थे।

# बड़ा तालाब से उठने वाली दुर्गंध से राहगीर परेशान, निगम से की शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर के बीचो-बीच आकर्षण का केंद्र कहे जाने वाला बड़ा तालाब जहां पर स्वामी विवेकानंद का भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया है। ब्रिज बनाया गया है । यहां पर लोग सुबह और शाम घूमने आते हैं और ठंडी ठंडी हवाओं का आनंद लेते हैं।

लेकिन पिछले कुछ दिनों से यहां के तालाब से ठंडी हवा के बजाय जहरीली हवा फैल रही है , लोग यहां आना बंद कर दिए हैं। इस रास्ते से गुजरने वाले लोग भी तालाब से उठने वाले इस बदबू से परेशान हो रहे हैं। क्योंकि तालाब के आसपास गंदगी है, शराब की बोतलें पड़े हुए हैं ,पूरा पार्क एरिया



वाले आधे हिस्से का पानी गंदा और जहरीला नजर आ रहा है। तालाब के पास से जो भी गुजर रहा है वे अपने नाक पर कपड़ा रखा करके गुजरना पड़ रहा है । इस संबंध में नगर आयुक्त और नगर निगम के टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18005701235 शिकायत दर्ज करा दी गई है । लोगों ने मांग की है कि अविलंब बड़ा तालाब की साफ सफाई कराई जाए, बदबू को खत्म करने की पहल हो , नहीं तो रांची नगर निगम के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

# स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्, राँची अंचल, ग्राहक संपर्क व क्रेडिट आउटरीच का सफल आयोजन बैंक ऑफ महाराष्ट्, राँची अंचल, द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर्णा जोगलेकर, महाप्रबंधक प्रधान कार्यालय, बैंक ऑफ महाराष्ट्र थी। शिखा कुमारी चौधरी अंचल प्रबंधक, राँची, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बैंक की झारखंड स्थित विभिन शाखाओ के मूल्यवान ग्राहकों के साथ कार डीलर और बिल्डर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया और बैंक की विभिन योजनाओ की जानकारी दी गयी। स्वयं सहायता समूह के लिए लोन मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन बैंक ऑफ महाराष्ट्, राँची अंचल की ओर से नाबार्ड के साथ छचरमांडू रामगढ़ में स्वयं सहायता समूह के लिए लोन मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम मे श्रीमती अपर्णा जोगलेकर, महाप्रबंधक प्रधान कार्यालय एव शिखा कुमारी चौधरी अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र राँची। साथ ही एस के जहगीरदार मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड और गौतम सिंह महाप्रबंधक नाबार्ड प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । करीब सौ महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य के साथ बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं नाबार्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम मे लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी जैसी कई नई योजनाओं पर चर्चा हुई और बैंक की अन्य योजनाओ से जुड़ने का आह्वान किया गया ।

# जेएसओयू कर रहा है प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट लॉन्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय (जेएसओयू) ने 12 जून को रांची में प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट लॉन्च करने के संबंद्ध में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया।

इस मौके पर पत्रकारों को जेएसओयू के कुलपति प्रो. टीएन साहू, अंतर्राष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद् के फाउंडर डॉ. शबाब आलम ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने नव




संचालित पाठ्यक्रम विषयों पूर्व विश्वविद्यालय प्रमाण पत्र यानी प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स (दसवीं/ बारहवीं / अन्य पारंपरिक व कौशल योजना पर आधारित) की गई। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टीएन साहू ने बताया कि विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा को समर्पित है।

अंतर्राष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद् के फाउंडर शबाब आलम ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद देश में ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में भी दूरस्थ शिक्षा व ऑनलाइन शिक्षा पद्धति को बढ़ावा दे रहा है।

# सीएनजी पेट्रोल पंप के कारण कोकर मार्ग बाधित हो रहा है : ट्रैफिक डीएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहर को पॉल्यूशन से बचाने के लिए सीएनजी ऑटो लाई गई है। लेकिन ऑटो में सीएनजी भरने के लिए रांची शहर में कुछ ही पेट्रोल पंप है, जहां पर उसी मार्ग के ऑटो को सीएनजी दिया जा रहा है, हारमू रोड, डोरंडा और कोकर। लेकिन कांटाटोली चौक से कोकर जाने वाले मार्ग पर पेट्रोल पंप है, यहां पर सीएनजी ऑटो की लंबी लाइन सुबह से लेकर देर रात तक देखने को मिल जाएगी। एक तो सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर बनाया जा



रहा है, सड़क के किनारे कई छोटी बड़ी गाड़ियां खड़ी रहती है, और साथ ही पेट्रोल पंप के पास सीएनजी ऑटो वालों की लंबी लाइन लगी हुई होती है। इस पेट्रोल पंप परिसर से लेकर पूरा सड़क पर ऑटो घंटों लाइन पे खड़ी रहती है । जिस कारण से आवागमन बाधित होती है। वहीं इस मार्ग पर रात में बड़े वाहन रफ्तार के साथ चलती है जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करती है। इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केसरी ने कहा कि सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर बन रहा है और आसपास गाड़ियां भी खड़ी रहती है। सड़क का चौड़ीकरण कम है, ऐसे में सीएनजी भरने के लिए ऑटो वालों की लंबी लाइन लगे रहती है, तो इसको एक बार देखना होगा ,क्योंकि किसी भी तरह से यातायात बाधित न हो। जिस पेट्रोल पंप के कारण यह समस्या आ रही है तो उसे बात करके वैकल्पिक व्यवस्था करानी होगी।

# तत्कालीन नगर आयुक्त को नोटशीट में दिए गए आदेश की कॉपी गायब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के कार्यालय में बुधवार को आयोग के सदस्य निरुपम चाकमा व जाटोतु हुसैन ने संयुक्त रूप से रांची की पूर्व मेयर डॉ. आशा लकड़ा की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान तत्कालीन नगर आयुक्त मुकेश कुमार अनुपस्थित रहे। पत्र के माध्यम से उन्होंने आयोग को सूचित किया था कि मख्यमंत्री की विशेष बैठक के कारण वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हो सकते। हालांकि रांची नगर निगम के प्रशासक अमीत कुमार सुनवाई के दौरान उपस्थित रहे। उन्होंने आयोग के समक्ष नगर निगम परिषद की बैठक (25, 27 व 30 सितंबर 2021) से संबंधित तीन फाइलों की छाया प्रति प्रस्तुत की। इस दौरान आयोग की ओर से पाया गया कि संबंधित फाइलों में तत्कालीन मेयर डॉ. आशा लकड़ा की ओर से तत्कालीन नगर आयुक्त मुकेश कुमार को नोटशीट में दिए गए आदेश की कॉपी फाड़ (गायब) दी गई है। साथ ही नोटशीट पेज नम्बर में ओवर राइटिंग भी की गई है। आयोग की ओर से प्रशासक अमीत कुमार को निर्देश देते हुए कहा गया कि आगामी बैठक में संबंधित फाइलों की मूल कॉपी के साथ उपस्थित हों। इस मामले पर आयोग की बैठक 02 जुलाई 2024 को होगी। आयोग की ओर से यह भी कहा गया कि पूर्व में इस मामले की जांच को लेकर मुख्य सचिव को दो सदस्यीय टीम गठित करने का आदेश दिया गया था। दो सदस्यीय टीम गठित हुई या नहीं। यदि टीम गठित की गई तो उसमें शामिल अधिकारी कौन हैं और उनकी ओर से की गई जांच की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। प्रतिनिधि कुशेश्वर साहू ने आयोग से आग्रह करते हुए कहा कि यह मामला हाई प्रोफाइल है। इसलिए स्वतंत्र एजेंसी या आयोग के माध्यम से भी इस मामले की जांच कराई जा सकती है।

## कल्पना सोरेन से कांग्रेस के झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेताओं ने की मुलाकात

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से बुधवार को कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने रांची के कांके रोड स्थित आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। अन्य नेताओं में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन लाल भाटिया, आल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य शफीक अंसारी, लोहरदगा के नव निर्वाचित सांसद सुखदेव भगत शामिल है।

# किशोरों में हेल्थ अवेयरनेस कम : आरएन शर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोषांग प्रभारी डॉ. आरएन शर्मा ने कहा कि शहरी क्षेत्र के बच्चे-किशोर स्वास्थ्य के मामले में माता-पिता के निकट होते हैं लेकिन ग्रामीण और गरीब परिवेश वाले बच्चों और किशोरों में स्वास्थ्य वार्ता का विषय नहीं है। इसलिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान (आईपीएच) में बुधवार को युवा मैत्री केन्द्र के लिए एएनएम के प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा और अंतिम दिन था। इसमें राज्य के सभी जिलों से आए 36 एएनएम को



किशोर स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शर्मा ने बताया कि पोषण, सेक्सुअल रीप्रोडक्टिव हेल्थ (प्रजनन संबंधित समस्या), नशे का दुष्प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक हिंसा और लैंगिक असमानता से संबंधित जानकारी प्रशिक्षणार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। देश की कुल आबादी का 22 प्रतिशत जनसंख्या 10 से 19 आयु वर्ग की है, जिसमें 10 से 14 आयु वर्ग में 12 प्रतिशत और 15 से 19 आयु वर्ग में 10 प्रतिशत है।उन्होंने कहा कि एक बड़ी आबादी की समस्याओं का निराकरण राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हम कर पाते हैं। शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि युवा मैत्री केन्द्र में आने वाले किशोर-किशोरियों का आत्मविश्वास बढ़ायें। उनकी समस्या सुनकर निदान के बारे में भी बतायें। मैत्री केन्द्र में किशोर-किशोरियां माहवारी से आने वाली परेशानियों और हार्मोनल इम्बैलेंस के कारण किशोर ब्रेस्ट ग्रोथ से संबंधित शिकायतें लेकर आती हैं। इन समस्याओं से घबराने की जरूरत नहीं है। मैत्री केन्द्रों में पूरी गोपनीयता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है।प्रशिक्षण में आरकेएसके समन्वयक रफत फरजाना, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से सांतना, कार्यकारी सहायक मनोरमा टुडू और संजय ने भी प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया।

# रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ 4 महिला समेत 6 ड्रग पैडलर्स को दबोचा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बरियातू थाना क्षेत्र के रामेश्वरम लेन के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध मादक पदार्थ ब्राउन सुगर क्रय विक्रय कर रहे है। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक सदर संजीव बेसरा के नेतृत्व में बरियातु थाना में एक छापामारी दल गठन किया गया । जिसमें पुलिस उपाधीक्षक सदर राँची एवं पुनि सह थाना प्रभारी बरियातु सुरेश मंडल , पुअनि भानु कुमार भारती, मपुअनि रेणुका टुडू तथा सशस्त्र बल तथा लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेन्स की ईकाइ के साथ उक्त स्थान का घेराबंदी कर विधिवत छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान कमरे में मौजुद सभी 06 लोग जिसमें 04 महिला तथा 02 पुरुष ब्राउण सुगर जैसा दिखने वाले पाउडर को अल्मुनियम फोएल में लपेट कर छोटे छोटे पुड़िया बनाने में व्यस्त है। जिनका नाम क्रमशः आरती देवी उर्फ गुदली उर्फ भाभी हतमा डंगराटोली, थाना-गोंदा, शुगन देवी , नीतु नन्द किशोर मिस्त्री इंदरा नगर शांताक्रुज गाँव देवी बकोला पाईप लाईन थाना शांताक्रुजमुंबई, नन्द किशोर मिस्त्री




इंदरा नगर शांताक्रुज गाँव देवी बकोला पाईप लाईन थाना शांताक्रुजमुंबई , पृथ्वी कुमार करमटोली चौक धोबी लेन मिलिट्री केम्प थाना लालपुर और प्रियंका कुमारी लोहरदगा को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन सुगर का 70 (सत्तर) पुड़िया जिसका वजन 11.27 ग्राम पाया गया को गिरफ्तार कर जब्ती के साथ थाना लाया गया तथा इस संबंध में बरियातु थाना में कांड अंकित किया गया।

**बरामद सामान**

70 छोटे छोटे अल्मुनियम फोयेल में लपेटा हुआ ब्राउन सुगर का कुल वजन 11.27 ग्राम पाया गया।कुल बरामद रकम 90000/-रु(0) 06 मोबाईल फोन,अल्मुनियम फोयल का एक रोल, 03 एटीएम कार्ड, 01 आधार कार्ड।

# विहिप ने जम्मू कश्मीर से वैष्णो देवी जा रही बस पर आतंकी हमले को बताया कायराना कृत्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मिलन परांडे ने बताया की जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री की मौत हो गई। संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है । इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है।जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है ,हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। सप्तग्रहण के दिन हमला होना और तीन दिन में दो घटना होना निंदनीय हैं। बजरंग दल मारे गए हिन्दू तीर्थयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है परंतु इस कायराना कृत्य की तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए, इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें इस संदर्भ में सभी ज़िला आयुक्त को पत्र दिया जा रहा जिसके मध्यम से राष्ट्रपति को आग्रह किया जाएगा । प्रांत संघठन मंत्री देवी सिंह जी, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत सदस्य अमरनाथ ठाकुर उपस्थित रहे।

## चतरा और हजारीबाग मे विस्थापन की समस्या पर होगा काम : मनीष जायसवाल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान बचरा संगम विहार पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।जिसके बाद बचरा ऑफिसर्स क्लब मे भाजपा पिपरवार मंडल के द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में सांसद मनीष जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।उनके साथ सिमरिया विधायक किशुन दास भी मौजूद थे।इस कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल और विधायक किशुन दास का बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया,जबकि शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में कई संगठनों के द्वारा सांसद मनीष जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की विभिन्न समस्या से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने सबसे पूर्व क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उनका पहला चुनावी दौरा पिपरवार हुआ और अब जीत के बाद उन्होने पिपरवार से ही मतदाता आभार यात्रा की शुरुआत की है।उन्होंने भारी मतों से विजय बनाने पर क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं को लोकसभा में पूरी मजबूती के साथ उठाने का काम करेंगे।विधायक के बाद अब सांसद का सफर शुरू हो रहा है और विकाश कार्य उनकी पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि चतरा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विस्थापन एक गंभीर समस्या है।विस्थापन की समस्या से स्थानीय ग्रामीण रैयत परेशान हैं,इसके समाधान के लिए काम किया जाएगा।प्रत्येक गांव मे बेहतर सड़क,शुध्द पेयजल,स्वास्थ्य,शिक्षा और बुनियादी सुविधा पर काम किया जाएगा।जनता की कोई समस्या हो वह सीधे तौर पर मुझसे सम्पर्क कर सकते है,इसके लिए जल्द ही आम जनता के लिए हेल्पलाईन नम्बर और ईमेल जारी किया जाएगा।उन्होने कहा कि पिपरवार एक औधौगिक क्षेत्र है और यहां की समस्या भी गंभीर है जिसका आक्लन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य मे सबसे अधिक डीएमएफटी फंड चतरा को मिलता है,ऐसे मे डीएमएफटी फंड से पिपरवार के ग्रामीण इलाको का विकास कार्य किया जाएगा।इसके अलावे कोयला खनन करने वाले सीसीएल प्रबधंन भी सीएसआर सहित अन्य योजना के माध्यम से काम करेगी।उन्होंने कहा कि सीसीएल और एनटीपीसी को अपनी जमीन देकर नौकरी और मुआवजा के लिए भटक रहे ग्रामीण रैयतो को इंसाफ दिलाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की अपील की।इस मौके पर विधायक किशुन दास, राधेश्याम अग्रवाल,बालेश्वर महतो,चेतलाल रामदास, मेवालाल नाग,मुखिया रीना देवी,अरुण उरांव,भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, आजसु नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह,राजेश महतो,धीरेंद्र शर्मा,एसके चौधरी,अजय कुमार सिंह,विनय सिंह, अनिल पांडेय,संजीव चन्द्रा, संजय कुमार सिंह,दिलीप गोस्वामी,अरुण सिंह,रविंद्र सिंह,सुनील प्रसाद,लक्ष्मण मंडल,काशीनाथ महतो, मोहन महतो,अर्जुन महतो, चिंतामण महतो,मुकेश कुमार,माधुरी देवी,ललिता देवी,सुनीता देवी,ईना देवी, दिलेश्वर महतो,कैलाश महतो, रोशन महतो,करण महतो, संजय भोगता,धनराज भोगता,संजय ठाकुर,अजय महतो,ललिता देवी सहित काफी संख्या में भाजपा और आजसु कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर बचरा संगम विहार पहुंचने पर जीएम सीबी सहाय ने सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात किया।इस दौरान जीएम श्री सहाय ने बुके देकर सांसद का स्वागत किया,जबकि शॉल और श्रीफल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।इस दौरान सांसद ने कई समस्याओं पर विस्तार से प्रबंधन के साथ चर्चा की। इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन भी मौजूद थे।

## पिपरवार के हाईवा ऑनर,मुशी और पेटी कान्ट्रेक्टर का धरना आठवें दिन भी जारी

# सीएचपी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई ठप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई काम पिछले आठ दिनों से पूरी तरह से बंद है,जिसके कारण सीसीएल प्रबंधन एवं रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।जानकारी के अनुसार सीएचपी से बचरा साईडिंग तक कम रेट मे कोयला ढुलाई का काम लाने वाली जय अम्बे रोड लाईस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी का विरोध लगातार जारी है।कम रेट में टेंडर लाकर काम लेने वाली कंपनी के खिलाफ सभी हाईवा ऑनर,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टर कोयला ढुलाई का काम बन्द कर पिछले आठ दिनों से धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं।बचरा साईडिंग से जुड़े सभी हाईवा मालिक,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टरो ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी जय अम्बे रोड लाईस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कम रेट मे टेंडर लाकर काम लेने से हाईवा मालिको के अलावे पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी को काफी नुकसान होगा।पूर्व मे एकेटी कम्पनी के समय से भाड़ा वृद्धि की मांग की जा रही थी और एकेटी कम्पनी का टेंडर समाप्त होने के बाद जय अम्बे रोड लाईस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी ने 16 प्रतिशत बिलो टेंडर डालकर काम लिया है।हाईवा ऑनरो ने कहा कि कम्पनी कम रेट की भरपाई करने के लिए 16 चक्का व 14 चक्का हाईवा डम्पर से कोयला ढुलाई का प्रयास कर रही है।जिसके कारण 10 चक्का हाईवा ऑनरो और चालको के समझ बेरोजगारी व भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।बचरा साईडिंग से जुड़े सभी हाईवा ऑनर,पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी उचित भाड़ा दिलाने एंव पूर्व की तरह दस चक्का वाहन चलाने की मांग कर रहे है,लेकिन कम्पनी के अलावे सीसीएल प्रबधंन द्वारा उनकी मांगों पर किसी भी तरह का पहला नहीं किया जा रहा है,जिसके कारण आंदोलित लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।आंदोलित लोगों ने कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगी और कोयला ढुलाई का काम बंद रहेगा।इस मौके पर राजेश सिंह,सुभाष साव, राजेन्द्र साव,जगदीश महतो, गणेश महतो,दीपक साव, उमेश यादव,अशोक साव, छोटु खान,रविंद्र महतो, कोलेश्वर महतो,छोटू सिंह, नागेश्वर साव,दशरथ महतो, मुन्ना खान,नसीम खान,नवल किशोर चौधरी,अनिल पांडेय, अमित गुप्ता,लक्ष्मण मंडल, फूलदेव यादव,बालगोविंद महतो सहित अन्य लोग मौजुद थे।



## पिपरवार कोयलांचल मे 17 को मनाई जाएगी ईद उल अजहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार 17 जून को ईद उल अजहा बकरीद का त्यौहार मनाया जाएगा।त्योहार को लेकर सारी तैयारी की जा रही है।कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों में नमाज को लेकर तैयारी की जारी है।आने वाले शुक्रवार को क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह में ईद उल अजहा बकरीद की नमाज अदा करने को लेकर समय की घोषणा की जाएगी।इस संबंध में बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने बताया कि ईद उल अजहा बकरीद मुसलमानों का प्रमुख त्योहार है।बकरीद पर कुर्बानी देना शबाब का काम माना जाता है।इसलिए हर कोई इस दिन कुर्बानी देता है।इस्लामी साल में दो ईदों में से एक बकरीद हैं।बकरीद बलिदान का त्योहार भी है।इस्लाम में बलिदान का बहुत अधिक महत्व है।उन्होंने कहा कि अपनी सबसे प्यारी चीज रब की राह में खर्च करो।पैगंबर हजरत इब्राहीम ने कुर्बानी का जो उदाहरण दुनिया के सामने रखा था,उसे आज भी परंपरागत रूप से याद किया जाता है।उन्होंने कहा की कुर्बानी देना सक्षम मुसलमान पर फर्ज है और गरीब लाचार और असहाय लोगों की मदद करना सवाब का काम है।ईद-उल-फितर की तरह ईद-उल-अजहा में भी गरीबों और मजलूमों का खास ख्याल रखा जाता है।उन्होने कोयलांचल क्षेत्र के लोगो से समय पर ईदगाह और मस्जिद जाकर ईद उल अजहा बकरीद की नमाज अदा करने की अपील की।इधर बकरीद को लेकर बचरा जामा मस्जिद में रंगाई व साफ-सफाई का काम जोर शोर से किया जा रहा है।

## विश्व बाल मजदूर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नालसा एवं झालसा, रांची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष, खूंटी रषीकेस कुमार के मार्गदर्शन में बाल मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर श्रम अधीक्षक, खूंटी के कार्यालय के सभागार भवन में विश्व बाल मजदूर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा, खूंटी सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन की थीम है÷ चलो अपनी प्रतिबद्धताओं पर काम करें- बाल श्रम को खत्म करें÷। इस दिन बाल श्रम को खत्म करने और बच्चों को शोषण से बचाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां भी छोटे बच्चों से बाल मजदूरी कराया जाता है, उस पर रोक लगाएं। उन्होंने लागों से आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्र में उक्त विषय पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और अपने क्षेत्र अपने गांव और अपने देश को बाल मजदूरी से मुक्त कराएं। इस कार्यक्रम में डीसीपीयू,जेजेबी सदस्य, सीनी के सदस्य, डीएलएसए पैनल अधिवक्ता, डीएलएसए पी एलवी अंजू, चंदन, देवगी, और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** पीरामल फाउंडेशन आकांक्षी भारत कोलेब्रेटिव टीम, खूंटी द्वारा खूंटी प्रखंड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण ट्रैकर में प्रविष्टियां तथा पोषण ट्रैकर एप की पूर्ण उपयोगिता संबंधित ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के संचालन की प्रक्रिया के विभिन्न बिंदुओं के संबंध में जानकारी दी गई। विशेष रूप से बच्चों के मापदंड पर आधारित प्रविष्टियों में किन-किन बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर व्याख्यात्मक चर्चा की गई। साथ ही सेविकाओं के सामने आने वाली प्रविष्टियां संबंधित समस्याओं के निपटान हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया । उक्त ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी ज्योति कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र की सेवाओं को देश के विकास की कड़ी के साथ जोड़कर रचनात्मक उद्यरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य की विकासात्मक एवं प्रेरणादायक समाज प्रस्तुत करने में आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खूंटी प्रखंड की सेविकाएं किसी भी काम से घबराती नहीं हैं और लक्ष्य तक पहुंचने में अपनी सेवाएं देने से पीछे भी नहीं हटती हैं। उन्होंने ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं से अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम से लाभ प्राप्त कर खूंटी के विकास की गति को तेज करें तथा एक स्वस्थ एवं पोषित समाज की अवधारणा को पूरा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। सीडीपीओ, खूंटी ने पोषण ट्रैकर एप की व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी देते हुए प्रविष्टियों में होने वाली गलतियों को यथाशीघ्र सुधारने की बात कही । उन्होंने सेविकाओं को बताया कि जून माह में सारी गलतियों को सुधारा जा सकता है। उक्त एप में अभी एडिट का प्रावधान दिया गया है जो आंकड़ों को सुधारने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने सेविकाओं से अनुरोध किया कि वह प्रतिदिन अपने पोषण ट्रैकर एप को लॉगिन और लॉग आउट करेंगी। ऐसा करने से उनकी भूमिकाओं के बारे में पता चलेगा और उनकी उपस्थिति भी दर्ज हो पाएगी । कार्यक्रम में एल एस श्रीमती सरोज, पीरामल फाउंडेशन से मोहम्मद शमशाद आलम, रोहित कुमार लाल, अखिल, सोनल और कलस्टर एक और दो की सेविकाएं शामिल थीं।

## रनिया में हाथियों का उत्पात जारी, मकानों को कर रहे छतिग्रस्त, अनाजों को किया चट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** रनिया प्रखंड के जयपुर पंचायत अंतर्गत बलंकेल गांव में दो हाथियों ने रात को उत्पात मचाते हुए कष्टू लोहरा के कच्चे मकान को छतिग्रस्त कर दिया वहीं घर में रखे धान चावल और गेहूं को चट करते हुए अन्य सामग्री को छति पहुँचाया वहीं मसीह तोपनो के खेतों में लगी केला नरियल पेड़ और सब्बजी को बर्बाद कर दिया इसकी सूचना सुबह ग्रामीणों ने मुखिया प्रतिमा कंडुलना और वन विभाग के कर्मीयों को सूचित किए सूचना होते ही मुखिया प्रतिमा कंडुलना ने घटना स्थल पहुँच कर समस्याओं से अवगत हुए और यथा शीघ्र विभाग से छति पूर्ति के मुवावजा तथा गांव में हाथी भगाने वाली सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया ।

## बिजली और पानी की अव्यवस्था को लेकर हाहाकार

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी की जनता बिजली और पानी की अव्यवस्था को लेकर काफी चिंतित हैं पुरा राज्य में हाहाकार मचा हुआ है एक एक बुंद पानी के लिए तरस गए हैं। पीने के पानी के लिए जनता इधर उधर भटक रही है। कई जगहों में सोलर पंप भी काम नहीं कर रहा है। बढ़ती तापमान को देख कर लगता है की आसमान से आग का गोला बरस रहा है। बिजली की बात करें तो कुछ दिनों पहले बिजली को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था! इसके बावजूद भी बिजली का और भी काफी खराब हो गया है! सिल्ली फिडर में सप्लाई रहता है लेकिन रामपुर फीडर में सप्लाई ना के बराबर बिजली रहती है! ऊपर से वोल्टेज का प्रॉब्लम होता है इस भीषण गर्मी में ना लोग घर में रह पाते हैं ना बहार आम जनता का हाल बीना बिजली के बहुत ही बेकार हो गया है। बिजली नहीं रहने से बच्चे लोग पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं। देख कर ऐसा लगता है कि बिजली का सबसे बेकार हाल इस झारखंड में ही पड़ा हुआ है। बिजली को लेकर अधिकारी को फोन करने पर फोन भी रिसीव नहीं करते हैं।


BEFORE THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, Mumtaj Khan, S/o Late Md. Halim Khan, aged about 33 years, by faith Islam, by occupation Business, resident of Near National Public School, Alam Nagar, P. O. Bhaga, P. S. Jorapokhar, District - Dhanbad, Jharkhand - 828301 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows : -

1. That Late Sukhtari Khatoon was my mother.
2. That, my deceased mother true and correct name is Sukhtari Khatoon which has been recorded in her Aadhaar Card, Pan Card and Bank Account vide Aadhaar No. 7021 2729 0435, Pan No. ISIPK9278N and Bank A/C No. 477910110017656 of Bank of India, Branch Jamadoba.
3. That, my mother died on 19/02/2024 at Patliputra Nursing Home Dhanbad.
4. That, in the death certificate my said mother name has been wrongly mentioned as Mustari Khatoon.
5. That, Sukhtari Khatoon and Mustari Khatoon, both are one and the same lady i.e. my deceased mother.
6. That, I am affixing my photograph herewith for proper identification.
7. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned for needful.

**MUMTAJ KHAN**
DEPONENT

S. No.- 4633/15-05-24



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरिखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची**

अतिअल्पकालीन ईप्रोक्यॉमेंट नोटिस
(प्रथम आमंत्रण)

ई–निविदा आमंत्रण संख्या–**DWSD/HEADWORKS/- O&M- 01(i) /2024-25** दिनांकः–11.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Operation and maintenance (O/M) of Water Treatment Plant Rukka, Intake well cum pump house, Gangway, Raw and Clear Water rising main Pipe line both plant, Distribution Network, UGR-1, 2, 3, Doranda, Sumps, ESR's and Its Allied work, under D. W. & S. S/R. Urban Divisions Ranchi for the year-2024-25, 2025-26 & 2026-27. (Excluding the energy cost and Raw water cost and including GST, Labour cess). |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 3865.68288 लाख (अड़तीस करोड़ पैंसठ लाख अड़सठ हजार दो सौ अठासी रूपये) |
| 3 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | 38,65,700.00 (अड़तीस लाख पैंसठ हजार सात सौ रूपये) |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 36 माह |
| 5 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | 10,000.00 (दस हजार)। |
| 6 | बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एव समय | 14.06.2024 को अपराह्न 02:00 बजे |
| 7 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि | 20.06.2024 |
| 8 | बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21.06.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.06.2024 को अपराह्न 04:00 बजे । |
| 10 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, रॉंची। |
| 11 | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, रॉंची। |
| 12 | प्रोक्यॉरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 9608892111 E-Mail ID:- eedwsd.headworks@gmail.com |
| 13 | ईप्रोक्यॉरमेंट सेल का सहायता केन्द्र सं0 | 0651–2480345 |

नोटः–1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नैंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय धुर्वा, राँची के आदेश संह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी।
4. केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
5. विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाइट http://jharkandtenders.gov.in पर देखें।
6. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द किया जा सकता है।
7. राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।

जल ही जीवन है।

–ह0/–
(ई0 चन्दशेखर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल,राँची

PR 326117 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



**कार्यालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा।**

E-mail:- dfo-lohardagga@gov.in Ph. & Fax - 06526 – 224285 /359028

उपस्थिति सूचना

लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा के विभिन्न प्रक्षेत्रों अन्तर्गत वन अपराध में जप्त निम्नांकित वाहनों एवं वन पदार्थ के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा के न्यायालय में निम्नवत अधिहरण वाद की कार्रवाई विचाराधीन है :–

| क्रम सं0 | कम्पलेन वाद सं0 | अधिहरण वाद सं0 | जप्त वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/चेचिस संख्या | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | C-105/22 | 2/2023 | पैशन मोटरसाईकिल संख्या बिना नं0 का | अनिश खान पिता–रूस्तम खान, निरहू, बगड़ू, लोहरदगा | साल चौपहल | 06.04.2022 | |
| 2 | C-250/22 | 03/2023 | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल संख्या –JH07B/0894 | अताउला खान पिता– एनामुल खान ग्राम– चरहु बगड़ू लोहरदगा। | साल चौपहल | 27.06.2022 | |
| 3 | C-359/22 | 5/2023 | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल बिना नं0 का | आजुल खान पिता–हकिम खान ग्राम–निरहू बगड़ू, लोहरदगा। | 02 पीस साल चौपहल | 03.10.2022 | |
| 4 | C-360/22 | 6/2023 | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल बिना नं0 का | फिरोज खान पिता स्व0 सेराफुल खान पता– निरहू, बगड़ू, लोहरदगा। | 02 पीस साल चौपहल | 03.10.2022 | |
| 5 | C-378/22 | 7/2023 | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल संख्या –JH08A/5062 | सहमुद्दिन मिरदाहा पिता स्व0 जुम्मा मिरदाहा ग्राम– आरा सेन्हा लोहरदगा। | 02 पीस साल चौपहल | 31.10.2022 | |
| 6 | C-391/22 | 8/2023 | 1.हिरोहोण्डा मोटरसाईकिल संख्या –JH01AE/9728 2.बजाज प्लाटिना मोटरसाईकिल संख्या –JH01S/8385 | 1.अताउला खान उर्फ करूवा पिता– एनामुल खान, चरहु बगड़ू लोहरदगा। 2.शकील खान पिता– समीर खान, आरा, सेन्हा, लोहरदगा। | 02 पीस साल चौपहल | 10.11.2022 | |
| 7 | C-211/23 | 9/2023 | 1.हिरोहोण्डा पैशन प्लस मोटरसाईकिल संख्या –JH01V/6978 | 1.शकील खान पिता समीर खान 2. सदाम अंसारी पिता गफार अंसारी दोनो ग्राम– आरा सेन्हा, लोहरदगा। 3.तेतार खान पिता जसीम खान, ग्राम– चरहु बगड़ू लोहरदगा। | 05 पीस साल चौपहल | 09.05.2023 | |
| 8 | C-231/23 | 10/2023 | 1.हिरोहोण्डा पैशन प्लस मोटरसाईकिल संख्या –JH03A/6161 2. हिरोहोण्डा पैशन प्रो मोटरसाईकिल संख्या –JH01BP/7019 | 1.रेहान अंसारी पिता अफजल अंसारी 2.जबार अंसारी पिता जाकिर अंसारी, दोनो ग्राम– मन्हे, बगड़ू लोहरदगा। | 06 पीस साल चौपहल | 24.05.2023 | |
| 9 | C-505/23 | 11/2023 | 1.हिरोहोण्डा पैशन मोटरसाईकिल संख्या –JH01V/8084 2. हिरोहोण्डा पैशन मोटरसाईकिल संख्या –JH01V/9328 | 1.जलवा खान पिता सेराजुल खान, चरहु, बगड़ू, लोहरदगा। 2.अनवर अंसारी पिता आदम अंसारी, ग्राम– महुगांव, बगड़ू लोहरदगा। | 06 पीस साल चौपहल | 25.10.2023 | |

उपर्युक्त वादों की सुनवाई के क्रम में बार–बार नोटिस दिये जाने के वावजूद भी उक्त वाद के प्रतिवादियों द्वारा कारण पृच्छा समर्पित नहीं किया गया और न ही किसी अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया है।

समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त वाद के प्रतिवादियों को सूचित किया जाता है कि अधिहरण वाद की सुनवाई हेतु अंतिम तिथि – 25.06.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित किया गया है। प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा के न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे अन्यथा यह समझा जाएगा कि उक्त वाद के प्रतिवादियों को इस विशय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहन एवं वन पदार्थ को राज्यसात कर दिया जाएगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
लोहरदगा वन प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 326195 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बारीडीह भूषण कॉलोनी माँ योगेश्वरी काली मंदिर की नई समिति गठित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बारीडीह भूषण कॉलोनी के माँ योगेश्वरी काली मंदिर की नई समिति का गठन किया गया है। इस गठन में सुखदेव दास की महत्वपूर्ण भूमिका है।मंदिर के संचालक सुखदेव दास ने बताया कि नई समिति में बल्ली को अध्यक्ष, निर्मल कुमार दास को सचिव, अजय कुमार एवं विकास सरकार को उप सचिव, एन के शर्मा को कोषाध्यक्ष, रंजीत साव को उप कोषाध्यक्ष, गोपाल दास को पूजा इंचार्ज का जिम्मेदारी सौंपा गया है। इसके साथ कार्यकारणी सदस्य मे जी एस राजू, बैजू कुमार, महेश प्रसाद, वीरेंदर दुबे, रामा शंकर, मनोज कुमार, रुचि को पदभार दिया गया है, साथ ही इस समिति के गठन में मुख्य रूप से ममता मलिक, मनीषा सरकार, मीनू चटर्जी, सुस्मा, किशोरी देवी, रीता देवी, सुप्रिया सरकार के साथ कॉलोनी के गणमान्य लोग उपस्थित थे।गौरतलब हो कि मंदिर की स्थापना 1988 में हुआ था। कॉलोनी के माता एवं बहनों के साथ साथ बुजुर्ग भी इस मंदिर की कार्य समिति में सम्मिलित हुए है । मंदिर की साफ सफाई, पूजा, पंडित खर्च, प्रसाद एवं सभी तरह का योगदान भूषण कॉलोनी वासी के सहयोग से होता है।

## कपाली में चोरों ने एक घर से नगदी समेत आभूषण किया उड़ाए

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जमशेदपुर से सटे कपाली ओपी अंतर्गत वार्ड संख्या 7 मेरी स्कूल के सामने स्थित गुलाम सरवर के घर से बुधवार की सुबह लगभग 4 बजे दो मोबाइल, 70 से 80 हज़ार नगद, सोने के कान का बाली को चोर लेकर चलते बने है. इस सम्बन्ध में गुलाम सरवर की पत्नी ने बताया कि चोरी की कुल कीमत एक से डेढ़ लाख के आसपास की है. उन्होंने बताया कि दरअसल बगल के घर में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है. वहां से चोर बालकनी में प्रवेश कर गया और कमरे में रखा छोटा बक्शा जिसमें कैश, सोने के सामान और पास में रखे दो मोबाइल चोरी कर चोर भाग गया. पड़ोसियों ने बताया कि उनके द्वारा चोर को देखा गया था, लेकिन जबतक कुछ समझ आता चोर दूसरे रास्ते से निकल गया. हालांकि इसकी लिखित सूचना कपाली ओपी को दें दी गयी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## झारखंड आंदोलनकारी ललित महतो को मातृ शोक, गागराई ने दी श्रद्धांजलि



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड आंदोलनकारी सह आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो की मां सत्यवती देवी का बुधवार को निधन हो गया. सत्यवती देवी ने तमाड़ स्थित अपने मैतृक घर पर अंतिम सांस ली. उनके निधन की सूचना पाकर खरसावां विधायक दशरथ गागराई समेत बड़ी संख्या में लोगों ने तमाड़ पहुंच कर स्व सत्यवती देवी के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की. सत्यवती देवी अंतिम संस्कार घाघर सोतिया में किया गया. विधायक दशरथ गागराई ने ललित महतो तथा उनके भाई अशोक महतो का ढांढस बंधाया।

## कांग्रेस कार्यसमिति की समीक्षा बैठक में शामिल हुए धर्मेंद्र सोनकर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आज राँची में आयोजित कांग्रेस विस्तारित कार्यसमिति की अहम समीक्षा बैठक में धर्मेंद्र सोनकर (का.) जिला अध्यक्ष नगर के साथ बबलू झा जिला उपाध्यक्ष, पूर्वी सिंहभूम जिला कॉग्रेस कमिटी शामिल हुए। वहीँ सोनकर ने झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब के साथ जमशेदपुर लोकसभा 09 चुनाव के परिणाम पर कुछ बिंदुओं पर गंभीर चर्चा किए। साथ ही साथ लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को पुष्प कुछ एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।मौके पर रामाश्रय प्रसाद, परितोष सिंह, एलबी सिंह, परमिंदर सिंह, प्रिंस सिंह, बबलू झा ,शशि भूषण प्रसाद, अमित डूबे, राकेश तिवारी, के के शुक्ला, रियाजुद्दीन, लाडला, शामिम गद्दी, निहाल ,करन सोनकर एवं अन्य सम्मिलित हुए।कर भी सम्मानित किए।

# झारखंड स्पोर्टिंग क्लब ने जेएसए लीग में नरवाह पहाड़ स्पोर्टिंग को 8-1 से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड स्पोर्टिंग क्लब ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स में जेएसए लीग प्रीमियर डिवीजन में नरवा पहाड़ स्पोर्टिंग क्लब को 8-1 से हरा दिया. राजा राम मार्डी मैच के स्टार रहे, जिन्होंने 10वें, 39वें, 50वें और 60वें मिनट में चार गोल किए. मैंडी सरदार ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 18वें और 79वें मिनट में दो गोल किए. सुकल हेम्ब्रोम ने 33वें और 45 प्लस 2 मिनट में गोल करके योगदान दिया. नरवा पहाड़ स्पोर्टिंग क्लब का एकमात्र गोल 22वें मिनट में बंबईसुरई हंसदा ने किया। टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में, जमशेदपुर फुटबॉल अकादमी ने ए डिवीजन ग्रुप बी क्लैश में यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल की. मुन्ना मार्डी ने और पंकज कुमार हंसदा ने 1- 1 गोल किया। सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम, टेल्को में आयोजित जेएसए लीग के सुपर डिवीजन में, ग्राम विकास केंद्र और शिशु सम सम क्लब ने 1-1 से ड्रॉ खेला. आर्मरी ग्राउंड में एक रोमांचक ए डिवीजन ग्रुप ए मैच में, क्लासिक हाइट ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब पर 3-2 से जीत हासिल की. राकेश गोप ने एक जयपाल सिंह सिरका ने दो गोल करके जीत सुनिश्चित की. मोहम्मदन स्पोर्टिंग क्लब के बुद्धेश्वर टुडू एक गोल किया। गोपाल मैदान में, झारखंड बयार ने ए डिवीजन ग्रुप बी मैच में बरहा दिसोम फुटबॉल टीम पर 3-0 से निर्णायक जीत दर्ज की. सचिन हंसदाह ने दो गोल करके शानदार प्रदर्शन किया. निबाई मरांडी ने 67वें मिनट में गोल करके जीत सुनिश्चित की।

# मदरसा समर कैंप संपन्न, 110 बच्चे हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो वेलफेयर मिशन की ओर से गांधी मैदान में मदरसा के बच्चों के लिए आयोजित दस दिवसीय समर कैंप बुधवार को संपन्न हो गया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि वरीष्ठ पत्रकार संजीव भारद्वाज, वाइवी राजशेखर राव, समाजसेवी डॉ अफरोज शकील, बारी मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल जब्बार, साबरी मस्जिद के इमाम सगीर आलम फैजी, मो ताहिर हुसैन, अफरोज असलम गुड्डू, शाहिद अख्तर, शादाब खान, मो राशिद सोनी और अन्य लोग मौजूद थे. समापन समारोह में बच्चों के लिए खास लाफ्टर थेरपी सेशन का आयोजन हुआ. इसमें वाइवी राजशेखर राव ने बच्चों को हंसने का विभिन्न तरीका बताया. जिससे बच्चे आनंदित हुए और खूब ठहाके लगाये. मौके पर कैंप में शामिल बच्चों को प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अलफाज को बेस्ट प्लेयर चुना गया. कार्यक्रम का सफल आयोजन मुख्य संरक्षक अजमेरी खान के नेतृत्व में किया गया.कुल 110 बच्चों को सम्मानित किया गया।

## सुवर्ण वणिक समाज ने विद्युत महतो की जीत और संजय सेठ के मंत्री बनने पर बांटे लड्डू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरन महतो के तीसरी बार सांसद बनने की खुशी में एवं रांची के सांसद संजय सेठ एनडीए सरकार में संजय सेठ को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनाये जाने की खुशी में सुवर्ण वणिक समाज जमशेदपुर के द्वारा हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ काशीडीह मैन रोड स्थित दत्ता ऑटो डेकोरेटर्स के समीप सर्बत एवं लड्डू का वितरण किया गया। जश्न में काफ़ी संख्या में बच्चें, बच्चीयों, महिलाएं, नौजवान एवं बुजुर्गो ने लड्डू से मुँह मीठा कर खुशी का इजहार किया। इस कार्यक्रम में सुवर्ण वणिक समाज के केंद्रीय अध्यक्ष विश्वनाथ चन्द्र, जिला अध्यक्ष रवि चन्द्र माझी, सचिव संजय दत्ता, कोषाध्यक्ष सनोज चन्द्र,सलाहकार संजय पोद्दार, अमर चन्द्र, निताई दत्ता, धनंजय चन्द्र, समीर दत्ता, उपाध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, विजय चन्द्र, मधुसूदन चन्द्र सहित केंद्रीय, जिला एवं सभी शाखा समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** बुधवार को लाकड़ी पंचायत में विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकार के पीएलवी शुभंकर महतो ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि 14 वर्ष तक के आयु के बच्चों को किसी भी जोखिम भरे कार्य में लगाना कानूनी अपराध है। ऐसा करने पर उसे 3 माह और अधिक से अधिक 1 साल की जेल के साथ जुर्माना भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त पीएलवी ने भारत के सर्वोच्च न्यायलय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रीता महतो, सुलचना महतो, संगीता महतो, आकुल सिंह , प्रदीप सिह आदि उपस्थित हुए।

## नशे में धुत्त बाईक सवार युवक ने ऑटो में मारी टक्कर, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर बुधवार को नशे में धुत्त एक बाईक सवार युवक द्वारा कांड्रा की ओर आ रहे एक ऑटो में ठोकर टक्कर मार दी। इस घटना में बाईक सवार युवक के साथ ऑटो चालक भी बुरी तरह घायल हो गया। इसके अलावा ऑटो में सवार कई यात्री भी घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। साथ ही, दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। बताया गया है कि बाइक सवार युवक स्टंट करते हुए चांडिल की ओर से आ रहा था। जैसे ही वह रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचा, अचानक उसकी टक्कर कांड्रा की ओर से आ रहे ऑटो से हो गई।

## अंडा फैक्ट्री में काम कर रहे बादल सिंह का निधन, ग्रामीणों ने की 10 लाख रुपए मुआवजा की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के भुला गांव में स्थित अंडा फैक्ट्री में मंगलवार को काम कर रहे भुला गांव के बादल सिंह निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार बादल दोपहर खाना खाने के बाद अंडा फैक्ट्री में सो गया। अचानक उनका तबियत बिगड़ गई और इसका खबर परिवार वालों को 12-30 बजे दिया गया। परिवार वालों ने जाकर देखा तो बादल सिंह के मुंह से खून निकल रहा था, ग्रामीणों के सहयोग से उनको टीएमएच हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। वहीं बुधवार को उसका पोस्टमार्टम होने वाले थे लेकिन नहीं हुआ, अब उनका पोस्टमार्टम गुरुवार को होगा। वहीं बुधवार को भुला गांव के ग्रामीण और अंडा फैक्ट्री के मालिक का मुआवजा को लेकर बैठक हुई लेकिन बैठक सफ़ल नहीं हुआ। ग्रामीण का मांग है 10 लाख रुपए का मुआवजा बादल सिंह के परिवार को दिया जाए। वहीं अगर अंडा फैक्ट्री के मालिक 10 लाख नही देते है तो अंडा फैक्ट्री के गेट के सामने बादल सिंह का शव रख कर गुरुवार को धरना दिया जाएगा और अंडा फैक्ट्री पर तालाबंदी किया जाएगा।

## भीषण गर्मी के कारण लू से बचाव हेतु उपायुक्त ने की जिले वासियों से अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मौसम विभाग द्वारा अगले 4 दिनों तक राज्य के कई जगहों पर भीषण हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। उपायुक्त रवि शंकर द्वारा जिलेवासियों से लू से सुरक्षा हेतु सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने अपील किया है आवश्यक काम पर ही घर से बाहर सिर पर कपड़ा रख कर निकलें। सूती वस्त्रों का प्रयोग करें, दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शारीरिक परिश्रम से बचें। ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। बच्चों को धूप से बचाएं, घर पर उपचार के दौरान यदि सुधार नही होता है तो प्रभावित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल लेकर जाएं। वाहनों के टैंक को पूरा न भरवाएं। उन्होंने कहा किदैनिक दिनचर्या में कुछ सावधानियां रख कर लू के प्रकोप से बचा जा सकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस पाउडर और अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। गर्मी के कारण पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर, हृदयघात, मस्तिष्क घात, और कार्डियोवैस्कुलर जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## नौवीं बार टीआरएफ लेबर यूनियन के अध्यक्ष बने राकेश्वर पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टीआरएफ लेबर यूनियन की वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से राकेश्वर पांडेय को यूनियन का अध्यक्ष चुन लिया गया। श्री पांडेय का यह लगातार नौवीं बार कार्यकाल होगा। इससे पूर्व कंपनी परिसर स्थित कैंटीन हॉल में यूनियन की वार्षिक आमसभा की अध्यक्षता राकेश्वर पांडे ने किया। सभा की कार्यवाही शोक सभा के साथ शुरु हुई। महामंत्री एम. एच. हीरा मानेक के द्वारा यूनियन के माध्यम से किए गए काम का विवरण प्रस्तुत किया। ट्रेजर नवीन कुमार ने ऑडिट रिपोर्ट का लेखा जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सभी सदस्यों ने पास किया। इस दौरान चुनाव की कार्यवाही के लिए चुनाव पर्यवेक्षक विनोद कुमार राय एवं सह पर्यवेक्षक परविंदर सिंह सोहेल को मंच सौंप दिया गया। चुनाव पर्यवेक्षक विनोद कुमार राय के द्वारा सभा मे कॉऑप्शन का प्रस्ताव मांगा गया इसमें हीरामानेक ने एक्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर के लिए राकेश्वर पांडेय के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन धर्मेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। जिसे सर्वसम्मति सभी सदस्यों ने समर्थन किया। कॉऑप्शन के बाद विनोद कुमार राय ने अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव मांगा जिसे हीरामानेक ने अध्यक्ष पद के लिए राकेश्वर पांडे के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन दुर्गा प्रसाद ने किया। वहां उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका सर्वसम्मति से समर्थन किया। कार्यकारिणी के गठन के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने अध्यक्ष राकेश पांडे को अधिकृत किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक सचिव अंजनी कुमार के द्वारा किया गया।

## आदिवासी-मूलवासी रक्षा मोर्चा की बैठक में स्थानीय समस्याओं पर की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के रपचा पंचायत अंतर्गत पिण्ड्राबेड़ा में अखिल भारतीय आदिवासी मूलवासी रक्षा मोर्चा की एक बैठक केंद्रीय अध्यक्ष संग्राम मार्डी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से विकास के नाम से विभिन्न प्रकार की योजनाएँ बनाई गई है। कहा कि यह क्षेत्र पांचवी अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत है जिसमे सर्वप्रथम ग्रामीणों के साथ ग्राम सभा कर योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित की जानी है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा पहल किए बिना उल्टे ग्रामीणों को प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज करवा कर योजनाओं का कार्य किया जाता है। मार्डी ने कहा कि सरायकेला खरसावां जिले में विकास के नाम पर बड़े बड़े उद्योगों की स्थापना, जलाशय का निर्माण, ग्रामीणों की रैयती जमीन के बीचोबीच सड़क चौड़ीकरण की जा रही है। इसके अलावा स्थानीय कंपनियो में दैनिक मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर भी नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस बाबत शीघ्र ही क्षेत्र के ग्रामीण एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेंगे। इससे पूर्व निजी कंपनियों के विरुद्ध केंद्रीय श्रम मंत्रालय, श्रम मंत्रालय झारखंड सरकार रांची, प्रधानमंत्री एवं स्थानीय संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से लिखित शिकायत की जाएगी। बैठक में अखिल भारतीय आदिवासी मूलवासी रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष शिवनाथ बेसरा, सोमाय मार्डी, सुराय बेसरा, कालीचरण हांसदा, कालीपदो सिंह सरदार, मोहन बास्के लखविंदर हांसदा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अर्बन सर्विसेस, टाटा स्टील में हुई साहित्यिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अर्बन सर्विसेस, टाटा स्टील, जमशेदपुर के मीटिंग हॉल में आज एक बैठक हुई, जिसमें अर्बन सर्विसेस के अधिकारी तथा शहर के साहित्यकार शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अर्बन सर्विसेस के हेड जे जेवियर टोपनो ने की तथा केशव कुमार रंजन तथा गुरुबारी हेंब्रम विशेष रूप से शामिल हुए। साहित्यकारों में प्रसिद्ध कथाकार जयनंदन, अहमद बद्र, डॉ यहिया इब्राहीम, अनवर अदीब, डॉ आजाद, गौहर अजीज, रिजवान औरंगाबादी एवं सैयद साजिद परवेज शामिल हुए। बैठक के आयोजक डॉ हसन इमाम मालिक थे। बैठक में तय हुआ कि हिंदी और उर्दू के दो साहित्यकारों के लिए शोक सभाएं, एक स्थानीय कवियों का कवि सम्मेलन, एक स्थानीय शेयरों का मुशायरा और उसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया जाए। यह सभी कार्यक्रम इसी महीने के अंत से प्रारंभ होकर सितंबर महीने तक संपन्न कराए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कमेटी गठित हुई जिसके अध्यक्ष अर्बन सर्विसेस के हेड जे जेवियर टोपनो तथा उपाध्यक्ष केशव कुमार रंजन बनाए गए। सभी कार्यक्रमों के कन्वीनर डॉ हसन इमाम मालिक रहेंगे। हिंदी कार्यक्रम के आयोजन की कमेटी की जिम्मेवारी जयनंदन की होगी और उर्दू कार्यक्रमों का आयोजन डॉ मोहम्मद रेयाज के नेतृत्व में संपन्न होगा। इन आयोजनों के अवसर पर दो साहित्यकारों को टाटा स्टील की तरफ से सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक के अंत में डॉ मोहम्मद रेयाज, जयनंदन एवं केशव कुमार रंजन ने अपने विचार व्यक्त किए और साहित्य की इस महान सेवा पर टाटा स्टील को धन्यवाद दिया। डॉ हसन इमाम मालिक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में

# ब्लूज और लियो की शानदार जीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** निर्मल महतो स्टेडियम, कदमा में खेले जा रहें शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में आज जमशेदपुर ब्लूज ने फ्यूचर स्टार क्रिकेट अकैडमी को 27 रनों से हराया। जमशेदपुर ब्लूज ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 149/7 रन के जवाब में फ्यूचर स्टार क्रिकेट अकादमी की टीम ने 122 रन बना कर ऑल आउट हो गई। फ्यूचर स्टार के चिन्मय राय ने 64 रन बनाए । अर्णव रे 42 रन और 18 रन देकर 4 विकेट लिये को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।दिन का दूसरा मैच लियो क्रिकेट अकादमी बनाम फ्यूचर स्टार क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया. लियो क्रिकेट ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए चमन मिश्रा के 50 रन के बेहतरीन पारी से 148/9 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्यूचर स्टार ने 13.3 ओवर में 76 ही बना कर ऑल आउट हो गई। लियो क्रिकेट ने 78 रनों से मैच जीत लिया। चमन मिश्रा को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। मैच पूर्व रणजी खिलाड़ी मधुसूदन तन्तुबाई ने दिया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

# अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के परिणाम का संदेश

**कांग्रेस** सहित विपक्षी दलों के नेता जिस समय चुनाव आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास का वातावरण बनानेवाले बयान दे रहे हैं, तब भाजपा के पक्ष में जनता के विश्वास की झलक अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा परिणामों में दिखायी देती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आज आएंगे, उनकी भी एक झलक एग्जिट पोल में हम देख चुके हैं। इसी बीच लोकसभा चुनाव के साथ ही सम्पन्न हुए दो राज्यों- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव के परिणाम रविवार को आए। ये परिणाम भाजपा के पक्ष में बने वातावरण के गवाह तो है हीं, कई मुद्दों पर विपक्ष को भी आईना दिखाते हैं। 'एक देश-एक चुनाव' के विचार का विरोध करनेवाले विपक्ष को इन परिणामों से समझना चाहिए कि जनता अपने मताधिकार का उपयोग करने में बहुत समझदार है। उसे पता है कि राज्य के मुद्दे क्या हैं और केंद्र सरकार के मुद्दे क्या हैं? राज्य में उसकी अपेक्षाओं को कौन पूरा कर सकता है और राष्ट्रीय स्तर पर देश को कौन संभाल सकता है। अरुणाचल प्रदेश में अवश्य ही जनता ने इतिहास रचते हुए तीसरी बार भाजपा को जनादेश दिया है। 60 में से 46 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है, जिनमें से 10 सीट पर भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध जीते हैं। वहीं, कांग्रेस के हिस्से में केवल 1 सीट ही आई है। परंतु, सिक्किम में लोकसभा चुनाव की लहर का विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं दिख रहा है। यहाँ भाजपा अपना खाता भी नहीं खोल सकी है। यहाँ एसकेएम ने एकतरफा जीत दर्ज की है। उसने 32 में से 31 सीट जीतकर इतिहास रचा है। राष्ट्रीय नेता के प्रभाव से भयभीत विपक्ष को इस बात का विश्लेषण करना चाहिए कि जनता ने विधानसभा और लोकसभा में किस आधार पर अलग-अलग दृष्टिकोण से मतदान किया। वहीं, कांग्रेस को चाहिए कि वह चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर संदेह करने की जगह आत्मचिंतन करे। चुनाव आयोग ने भी सोमवार को कांग्रेस के आचरण की तीखी आलोचना की है। दरअसल, कांग्रेस की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल आयोग के पास कुछ अनावश्यक आपत्तियां लेकर पहुँचा था और कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया था कि गृहमंत्री अमित शाह ने देश के 150 से अधिक कलेक्टरों को फोन किया है। अर्थात् चुनाव में हस्तक्षेप के लिए गृहमंत्री की ओर से कलेक्टरों को फोन गया है। यह सीधेतौर पर चुनाव आयोग और भारतीय निर्वाचन प्रणाली के प्रति जनता के मन में अविश्वास निर्मित करने का हथकंडा है। चुनाव आयोग ने इस मनगढ़ंत आरोप के प्रमाण कांग्रेस से माँगे हैं। स्वाभाविक ही है कि कांग्रेस के पास इसके कोई प्रमाण नहीं होंगे क्योंकि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं है। कांग्रेस की स्थिति ऐसी हो गई है कि वह आरोप लगाकर भाग जाती है। भाजपा ने उचित ही माँग की है कि चुनाव आयोग को झूठे आरोप लगानेवाले नेताओं एवं दलों के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए। अन्यथा विपक्षी दल इसी प्रकार से संवैधानिक व्यवस्था को लक्षित करते रहेंगे। यह भी कहा जा सकता है कि अपनी नाकामी को छुपाने एवं कांग्रेस की दुर्गति के दोषियों को आड़ देने के लिए कांग्रेस के नेताओं की ओर से चुनाव आयोग को बार-बार निशाने पर लिया जा रहा है। यदि पराजय की निष्पक्ष जाँच होगी, तब चुनाव की कमान संभालनेवाले बड़े नेताओं की कुशलता एवं नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े होंगे। परंतु इस प्रकार के हथकंडों से उन सवालों से तो बचा जा सकता है लेकिन पार्टी की स्थिति को नहीं सुधारा जा सकता और न ही जनता के विश्वास को अर्जित किया जा सकता है।

लोकसभा चुनाव के परिणाम आज आएंगे, उनकी भी एक झलक एग्जिट पोल में हम देख चुके हैं। इसी बीच लोकसभा चुनाव के साथ ही सम्पन्न हुए दो राज्यों- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव के परिणाम रविवार को आए। ये परिणाम भाजपा के पक्ष में बने वातावरण के गवाह तो है हीं, कई मुद्दों पर विपक्ष को भी आईना दिखाते हैं। 'एक देश-एक चुनाव' के विचार का विरोध करनेवाले विपक्ष को इन परिणामों से समझना चाहिए कि जनता अपने मताधिकार का उपयोग करने में बहुत समझदार है। उसे पता है कि राज्य के मुद्दे क्या हैं और केंद्र सरकार के मुद्दे क्या हैं? राज्य में उसकी अपेक्षाओं को कौन पूरा कर सकता है और राष्ट्रीय स्तर पर देश को कौन संभाल सकता है। अरुणाचल प्रदेश में अवश्य ही जनता ने इतिहास रचते हुए तीसरी बार भाजपा को जनादेश दिया है। 60 में से 46 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है, जिनमें से 10 सीट पर भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध जीते हैं। वहीं, कांग्रेस के हिस्से में केवल 1 सीट ही आई है। परंतु, सिक्किम में लोकसभा चुनाव की लहर का विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं दिख रहा है। यहाँ भाजपा अपना खाता भी नहीं खोल सकी है।

## महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की गारंटी सबसे लुभावनी मुफ्तखोरी की स्कीमें बन चुकी हैं

# कौन भुगतेगा चुनावी गारंटी का खामियाजा

डा. अश्वनी महाजन

चुनावों में हर वोट महत्वपूर्ण है। इसलिए राजनीतिक दल हर वर्ग को लुभाने की कवायद में लगे हैं। पूर्व में राजनीतिक दल अपने चुनाव घोषणापत्र में चुनाव जीतने पर अपनी प्रस्तावित नीतियों संबंधी घोषणाएं करते रहे हैं, लेकिन पिछले लगभग डेढ़-दो दशक से राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए मुफ्त स्कीमों संबंधी घोषणाएं करने लगे हैं। कभी किसानों के ऋण माफी की घोषणा, तो कभी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, तो कभी सरकारी नौकरियों का वायदा आदि से शुरुआत हुई।

**लोकसभा** चुनावों की गर्मी चरम सीमा पर है। चुनावों में हर वोट महत्वपूर्ण है। इसलिए राजनीतिक दल हर वर्ग को लुभाने की कवायद में लगे हैं। पूर्व में राजनीतिक दल अपने चुनाव घोषणापत्र में चुनाव जीतने पर अपनी प्रस्तावित नीतियों संबंधी घोषणाएं करते रहे हैं, लेकिन पिछले लगभग डेढ़-दो दशक से राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए मुफ्त स्कीमों संबंधी घोषणाएं करने लगे हैं। कभी किसानों के ऋण माफी की घोषणा, तो कभी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, तो कभी सरकारी नौकरियों का वायदा आदि से शुरुआत हुई। लेकिन अब यह वादे, गारंटी का रूप ले चुके हैं। अब मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की गारंटी सबसे लुभावनी मुफ्तखोरी की स्कीमें बन चुकी हैं। हालांकि कुछ स्कीमों के द्वारा जनकल्याण की भावना को समझा जा सकता है, जैसे लिंग असंतुलन को दूर करने और महिलाओं में साक्षरता और शिक्षा को बढ़ाने हेतु लाडली योजना, किसानों की हालत सुधारने के लिए सस्ते इनपुट या उनकी उपज का अधिक मूल्य देने की गारंटी आदि कुछ ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिनको न्यायसंगत कहा जा सकता है। लेकिन सभी लोगों को मुफ्त बिजली, पानी या यात्रा के फलस्वरूप सरकारों के बजट बिगड़ सकते हैं या सरकारों पर कर्ज बढ़ सकता है। गारंटियों के संदर्भ में हर राजनीतिक दल दूसरे से बढ़-चढ़कर घोषणाएं कर रहा है। लेकिन वोटरों को लुभाने और येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने की कवायद में देश के कई राज्य पहले से ही लगातार कर्ज के बोझ में दबते जा रहे हैं और इस कारण जहां वे एक ओर तो अपने वायदे पूरी तरह निभा पाने में असफल हो रहे हैं, साथ ही उन राज्यों का विकास कार्य तथा आवश्यक सरकारी कामकाज तक प्रभावित हो रहे हैं।

**अनेक राज्य हं प्रभावित :** पंजाब में चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली समेत कई घोषणाएं की। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद इनमें से कुछ घोषणाओं पर अमल हुआ, लेकिन आज स्थिति यह है कि सरकार पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ तो रहा ही है, उससे भी ज्यादा कर्ज लेने की कवायद चल रही है और केंद्र सरकार पर भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि वो राज्य को पैसा नहीं दे रही। जबकि वास्तविकता यह है कि राज्य सरकारें वोट बटोरने की कवायद में गैर जिम्मेदारी से मुफ्तखोरी की स्कीमें चला रही हैं। इसी प्रकार आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार,




झारखंड आदि में लगातार कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। उधर केंद्र सरकार राज्यों को और अधिक कर्ज लेने देने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि यह 'एफआरबीएम अधिनियम' के खिलाफ है। जिन राज्यों पर मुफ्तखोरी की स्कीमों के कारण कर्ज बढ़ रहा है, वे अपने-अपने राज्य में आवश्यक खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। पंजाब में उद्योगों को बिजली इसलिए महंगी मिल रही है क्योंकि पंजाब सरकार लगभग 60 लाख लोगों को मुफ्त बिजली दे रही है। पंजाब में इंफ्रास्ट्रक्चर बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। लंबे समय से विभिन्न सरकारों द्वारा दी जा रही मुफ्तखोरी स्कीमों के चलते पंजाब, जो एक समय देश का सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला राज्य था, वह 19वें स्थान पर खिसक चुका है। लगभग इसी प्रकार के हालात कर्ज में डूबे अन्य राज्यों में भी हैं। 2024 के आम चुनावों में अब तो बात हर साल प्रत्येक लाभार्थी परिवार को एक लाख रुपए देने तक आ गई है। अगर ऐसी पार्टी सत्ता में आती है तो ऐसी योजना का क्रियान्वयन भयावह हो सकता है। गौरतलब है कि 31 मार्च 2023 तक भारत में सरकारों (केंद्र और राज्य) पर कुल कर्ज (उनके द्वारा दी गई गारंटी सहित) 231.7 लाख करोड़ रुपए था, जो मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का 85.1 प्रतिशत था। इसमें से केंद्र सरकार का कुल कर्ज जीडीपी के 57.1 प्रतिशत के बराबर है और बाकी राज्य सरकारों (जीडीपी का लगभग 28 प्रतिशत) का है। हमें यह जानना होगा कि राज्य सरकारों के कर्ज का अनुपात पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ रहा है। राज्य सरकारों की गैरजिम्मेदाराना मुफ्तखोरी, सरकारों के समग्र ऋण में वृद्धि के कारण देश को परेशान कर रही है, और समग्र ऋण में यह वृद्धि के कारण अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा रेटिंग घटाने का कारण बन रही है। **क्या गारंटियां राजकोष के संकट को बढ़ा सकती हैं :** समझना होगा कि केंद्र सरकार हो अथवा राज्य सरकारें, किसी भी सरकार के पास खर्च करने हेतु असीमित राजकोष नहीं होता। राजकोष मोटे तौर पर देश के लोगों की कर देने की क्षमता पर निर्भर करता है। लंबे समय से हमारा कर-जीडीपी अनुपात 17 प्रतिशत पर बना हुआ है, जिसमें से केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए करों का अनुपात जीडीपी के लगभग 10 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। वर्ष 2024-25 में करों की कुल प्राप्ति (निवल) का अनुमान मात्र 26.02 लाख करोड़ रुपए आंका गया है। ऐसे में कुल बजट, जो 47.66 लाख करोड़ रुपए का है, में 26.02 लाख करोड़ रुपए की कर प्राप्तियों और 4 लाख करोड़ रुपए की गैर कर राजस्व प्राप्तियों के बाद शेष राजकोषीय घाटा, जो लगभग 16.85 लाख करोड़ रुपए है, जिसमें से अधिकांश पैसा उधार से प्राप्त होगा। यानी ज्यादा खर्च करने के लिए उधार के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। इसके अलावा यह भी समझना होगा कि अर्थशास्त्रियों का इस बारे में मतैक्य है कि कुल बजट के 75 प्रतिशत से अधिक का खर्च पूर्व निर्धारित मदों पर हो जाता है, जिसमें पूर्व में लिए गए ऋणों के मूल और ब्याज की अदायगी, वेतन और पेंशन, प्रतिरक्षा खर्च, कानून और व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संबंध, रखरखाव समेत अन्य जरूरी खर्च शामिल हैं। इसके बाद जो बचता है, उसे इंफ्रास्ट्रक्चर, कल्याणकारी योजनाओं, जैसे गरीबों के लिए घर, सार्वजनिक वितरण, मनरेगा, पेयजल, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला, बाल विकास कार्यक्रम, कृषि विकास, औद्योगिक विकास, अल्पसंख्यक आदि के कल्याण के लिए खर्च किया जाता है। जाहिर है कि यदि कांग्रेस द्वारा हाल ही में दी गई हर गरीब परिवार की चिन्हित महिला को 1 लाख रुपए देने की गारंटी को यदि लागू करना पड़ा तो उसका असर यह होगा कि कम से कम 10-12 लाख करोड़ रुपए उसके लिए उपलब्ध कराना होगा। ऐसे में उसका क्या असर होगा, यह समझा जा सकता है। पहला, सीमित कराधान के चलते, अपने निश्चित बजट में सबसे पहली कटौती पूंजीगत व्यय की होगी। यानी इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक विकास, कृषि विकास और अन्य पूंजीगत व्यय को कम किया जाएगा। यदि इतिहास में देखें तो यूपीए के 10 सालों में कुल पूंजीगत व्यय वर्ष 2003-04 में 1.09 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2013-14 तक 1.88 लाख करोड़ रुपए तक ही पहुंचा, यानी 72 प्रतिशत की वृद्धि। जबकि एनडीए यानी नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में यह 2023-24 तक 10.01 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, यानी 433 प्रतिशत की वृद्धि।

दृष्टि कोण

# उपायः ताकि दूर हो पानी की किल्लत

**आर्थिक** विकास के इंजन हैं, तो पानी उन्हें चलाने वाला एक बेहद जरूरी ईंधन। बढ़ती आबादी व तेज शहरीकरण ने स्वच्छ जल संसाधनों पर भारी दबाव डाला है। अब महानगरों से निकलने वाले अपशिष्ट या प्रयुक्त जल प्रबंधन (यूज्ड वाटर मैनेजमेंट) को मुख्यधारा में लाना एक आशाजनक विकल्प बन गया है। अभी भारत अपने शहरों से निकले कुल अपशिष्ट जल (वेस्ट वाटर) के सिर्फ 28 प्रतिशत हिस्से का शोधन करता है। 2021 में उपलब्ध शोधित अपशिष्ट जल का दैनिक बाजार मूल्य 63 करोड़ रुपये आंका गया था। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) की हालिया रिपोर्ट ने पहला शहरी प्रयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक सामने रखा है। इसके माध्यम से प्रयुक्त जल प्रबंधन के मामले में 10 राज्यों के 503 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के प्रदर्शन का आकलन किया गया है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल शामिल हैं, जहां प्रयुक्त जल के पुनः उपयोग की नीति लागू है। यह सूचकांक पांच विषयों-वित्त, बुनियादी ढांचा, कुशलता, प्रशासन, और आंकड़े व सूचना पर शहरी स्थानीय निकायों की एक तुलनात्मक रैंकिंग करता है। हमारा विश्लेषण बताता है कि शुष्क और अर्ध शुष्क क्षेत्रों के पानी की किल्लत का सामना करने वाले राज्यों ने प्रयुक्त जल प्रबंधन के लिए कुछ ठोस कदम उठाए हैं। इसकी वजह से सूचकांक में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। इनमें हरियाणा शीर्ष पर है। इसके बाद कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और गुजरात हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले हरियाणा और कर्नाटक जैसे राज्य भी पांच अंकों में से



सिर्फ क्रमशः 1.94 व 1.74 अंक ही पा सके। यह दर्शाता है कि पूरे देश में जल सुरक्षा पर उच्च प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। शहरी निकायों में अपशिष्ट जल शोधन और उसके पुनः उपयोग की दिशा में पर्याप्त कदम उठाने की जरूरत है। जैसे, सूरत नगर निगम ने 2019 में शोधित अपशिष्ट जल के शोधन और पुनः उपयोग के लिए एक कार्य योजना अपनाई थी, जिसका लक्ष्य 2025 तक 70 प्रतिशत और 2030 तक 100 प्रतिशत पुनः उपयोग स्तर को पाना है। भारत के शहरी स्थानीय निकायों में प्रयुक्त जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान दिया जा सकता है। पहला-राज्यस्तरीय व्यापक कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। इस मामले में हरियाणा से सीखा जा सकता है, जिसने 2014 से 2023 तक 73 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए 433 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। अभी 10 राज्यों ने ही शोधित प्रयुक्त जल नीति लागू की है। दूसरा-राज्यों को अपनी स्थानीय जरूरतों और मांगों के अनुरूप विशेष उपायों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। धान उत्पादक पंजाब ने शोधित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी है। साथ ही कृषि को पुनः उपयोग के प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया है। सिंचाई के लिए 5,541 हेक्टेयर क्षेत्र तक शोधित अपशिष्ट जल पहुंचाने के लिए 2020 तक 94 करोड़ रुपये की लागत से 47 परियोजनाएं पूरी कर डाली थीं। तीसरा-राज्यों को प्रयुक्त जल प्रबंधन में एक-दूसरे से सीखने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की जरूरत है।

यह पहल गुजरात जैसे राज्यों के लिए ज्यादा उपयोगी होगी। यहां के चार शहरी स्थानीय निकाय -सूरत, वडोदरा, राजकोट और जामनगर प्रयुक्त जल प्रबंधन में शीर्ष 10 शहरी निकायों में शामिल हैं, जबकि राज्य पांचवें स्थान पर है, जो राज्य के भीतर विभिन्न शहरी निकायों के प्रदर्शन में अंतर को दिखाता है। शोधित अपशिष्ट जल से व्यापक आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 2021 में उपलब्ध शोधित अपशिष्ट जल को अगर चुनिंदा बागवानी फसलों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जाता, तो राष्ट्रीय स्तर पर 966 अरब रुपये का राजस्व पैदा कर सकता था।

कुछ अलग

# मीडियाटेशन...

**भारतीय** मूल की विख्यात साहित्यकार झुम्पा लाहिड़ी अपने एक उपन्यास में कहती हैं कि अगर कोई व्यक्ति तीन पीढ़ियों से एक ही जगह पर रहता आ रहा हो, तो उसका दिमाग आलू जैसा हो जाता है। मुझे उनकी इस उक्ति से सामंजस्य बिठाने में उस समय दिक्कत हो जाती है, जब मैं किसी ऐसे आदमी को देखता हूं जो सालों से यह दावा करता आ रहा हो कि उसने बचपन में चाय बेची थी, घर छोड़ दिया था और सालों हिमालय में तपस्या की। इतना ही नहीं, वह हर स्थान तथा व्यक्ति से नाता जोड़ने में उसी तरह माहिर हो, जैसे एक कांगड़ी कहावत है, 'जो ननंद का ननंदोई, वह मेरा भी टम्मकटोई।' जाहिर है ऐसा आदमी कभी भी तीन पीढ़ियों से एक जगह पर नहीं रहा होगा। पर झुम्पा लाहिड़ी तीन पीढ़ियों पर आकर रुक गईं। सात पीढ़ियों तक नहीं पहुंचीं। अगर पहुंचती तो ऐसे आदमी से मिलने पर वह उसे आलू नहीं, रोड़ा या गिट्टी कहतीं। तीन पीढ़ियों से एक ही जगह पर रहने से आदमी के आलू हो जाने की तरह छद्म आध्यात्मिकता के रंग में रंगा आर्यावर्त आज तक अपना बचकानापन छोड़ने में आलू ही सिद्ध हुआ है। हालांकि समय-समय पर बुद्ध, महावीर, शंकराचार्य, नानक या कबीर जैसे सिद्धों ने प्रयास अवश्य किए हैं। पर इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए आदिकाल से ही हिरण्यकश्यप, रावण, कालनेमि, मारीच, कंस, कृपालु महराज, राम रहीम, आसाराम जैसे लोग हर युग में धर्म और ध्यान के नाम पर लोगों को ठगते आ रहे हैं। 'मेडिटेशन' शब्द फ्रैंच भाषा के 'मेडिटैसिओन' और लैटिन के 'मेडिटेटियो' की एक क्रिया मेडिटरी से लिया गया है। ग्रेजी में मेडिटेशन का अर्थ है 'सोचना, विचार करना या योजना बनाना।' हिंदू और बौद्ध धर्म का ध्यान संस्कृत मूल के ध्याई से आया है, जिसका अर्थ चिंतन या ध्यान करना है। पर केदारनाथ और कन्याकुमारी के प्रथमाक्षर 'क' होने पर कई बार मुझे लगता है कि इन चुनावों में 'म' का सहारा किसी विशेष प्रयोजन से लिया गया है। हर रोज अठारह-अठारह घंटे काम करने वाले फैशनवीर कैमराजीवी को किसी तांत्रिक ने बताया होगा कि विपक्ष के मेनिफेस्टो से मुकाबला करने के लिए आप 'म' शब्द को बार-बार दोहराएं और आपातकाल में 'म' के पूर्ववर्ती अक्षर 'भ' का भी प्रयोग कर सकते हैं। इसलिए 'म' से निकला मंगलसूत्र, मछली, मटन, मजहब, मुसलमान और मुजरे तक पहुंचने के बाद 'भ' से निकले भैंस तक जा पहुंचा। तांत्रिक के 'म' के टोटके से इस बार केदारनाथ का ध्यान 'मेडिटेशन' में बदल गया। पर मेडिटेशन में बैठते समय अगर कान में एक भी मच्छर भिनभिना जाए तो क्रांतिवीर फिल्म के नायक नाना पाटेकर के शब्दों में एक मच्छर आदमी को हिजड़ा बना देता है। इसके बावजूद दस कैमरों और तीन हजार जवानों से घिरे अवतारी सभी चैनलों पर ध्यान का अभिनय करते दिखे। 'लाईट, कैमरा, एक्शन' के बाद आंखों पर चश्मा लगाए अवतारी का मेडिटेशन शुरू हुआ। पर मेरा अनुभव है कि दस दिशाओं में टंके दस कैमरे जब रील बना रहे हों तो मेडिटेशन का 'मीडियाटेशन' में बदलना स्वाभाविक है। हो सकता है कि मीडियाटेशन के समय आंखों पर चश्मा पहनने से दृश्य, दर्शक और दृष्टा का भेद समाप्त हो जाता हो या फिर ऐनक के शीशे में अनुभव स्पष्ट नजर आते हों। पर मुझे अभी तक यह समझ में नहीं आया कि मीडियाटेशन में विश्व गुरू घंटाल एक आंख खुली क्यों रखते हैं? हो सकता है कि मीडियाटेशन में यह देखना जरूरी हो कि सभी कैमरे काम कर रहे हैं या नहीं। या हो सकता है कि सामने लगी स्क्रीन में अवतारी पुरुष अपने को देखने का मोह न छोड़ पाए हों। पर नॉन-बॉयोलॉजिकल आदमी के लिए कुछ भी संभव है।

देश दुनीया से

# भारत-चीन के बीच में सीमा संबंधी समझौतों में बदलाव की आवश्यकता

चीन 1996 और 2010 के समझौताओ की शर्तो को बिल्वुल भी नहीं मान रहा है इसलिए अब चीन को साफ-साफ यह बताने का समय आ गया है कि किस प्रकार वह समझौते की शर्तो का उल्लंघन कर रहा है जिसको देखते हुए अब ऐसे समझौते किए जाने चाहिए जिनको चीन वास्तव में सम्मान दे। अभी वुछ समय पहले दिल्ली में प्रसिद्ध जनरल पी एस भगत व्याख्यान माला मेंअरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल टी के परनायक ने संबोधित करते हुए कहा कि चीन के साथ भारत के सीमा संबंधी समझौतो में समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलाव की आवश्यकता है। सेवानिवृत्ति से पहले जनरल प्परनायक भारतीय सेना की उत्तरी कमान के जीओ सी-इं- सी रह चुके हैं।

**इस** सबको देखते हुए उन्होंने महसूस किया है कि चीन 1996 और 2010 के समझौताओ की शर्तो को बिल्वुल भी नहीं मान रहा है इसलिए अब चीन को साफ-साफ यह बताने का समय आ गया है कि किस प्रकार वह समझौते की शर्तो का उल्लंघन कर रहा है जिसको देखते हुए अब ऐसे समझौते किए जाने चाहिए जिनको चीन वास्तव में सम्मान दे। अभी वुछ समय पहले दिल्ली में प्रसिद्ध जनरल पी एस भगत व्याख्यान माला मेंअरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल टी के परनायक ने संबोधित करते हुए कहा कि चीन के साथ भारत के सीमा संबंधी समझौतो में समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलाव की आवश्यकता है। सेवानिवृत्ति से पहले जनरल प्परनायक भारतीय सेना की उत्तरी कमान के जीओ सी-इं- सी रह चुके हैं। यह कमान -भारत चीन सीमा की रक्षा करती है। जैसा की सर्वविदित है चीन 1951 से ही भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रहा है और अपनी विस्तारवादी नीति कोअपनाते हुए पड़ोसी देशों के क्षेत्रों पर कब्जा कर रहा है। इस नीति के द्वारा चीन ने 16 पड़ोसी देशों की जमीनों पर अवैध कब्जे कर लिए है। 1951 में तिब्बत पर कब्जा करने के बाद चीन ने एक सड़क जी-21 का निर्माण किया जिसके द्वारा उसने चीन के मुख्य भाग को तिब्बत की राजधानी लाहसा से जोड़ा। इस सड़क का काफी हिस्सा लद्दाख के अकसाईंचिन से गुजरता है। परंतु इसकी सूचना भारत सरकार को 1954 में चल सकी इसके बाद भी इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। इसके बाद 1954 में फिर भी पंडित नेहरू ने चीन के साथ पंचशील समझौता किया जिसका नारा था हिदी चीनी भाई-भाई। भारत सरकार इस समझौते का अक्षरस पालन करती रही परंतु चीन ने इस समझौते को कभी नहीं माना और इसी व्राम में पहले उसने भारत के आक्साइचिन पर कब्जा किया और उसके बाद 1962 में अचानक भारत पर हमला कर दिया। जिसका भारतीय सेना मुकाबला नहीं कर सकी जिसके कारण चीन की सेना अक्साईंचिन से आगे भारतीय सीमा में अंदर आ गई। भारत को 1947 में आजादी मिली थी और लंबी गुलामी के बाद भारत सरकार का पूरा ध्यान देश की जनकल्याण योजनाओं की तरफ गया जिससे सेना के विस्तार और उसके आधुनिकरण पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। चीन की घुसपैठ की हरकतों को देखते हुए 1958 में तत्कालीन सेना प्रमूख जनरल थिमैया ने पंडित नेहरू से सेना की तैयारी के लिए संसाधोनो की मांग की जिसको पंडित नेहरू ने पंचशील समझौते की आड़ में ठुकरा दिया। नेहरू के सेना और देश की रक्षा के प्रति इस रवैया को देखते हुए जनरल थीमैया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद चीन की नजर सिक्किम पर टिक गईं और उसने 1967 में सिक्किम पर कब्जा करने के लिए नाथुला पर हमला कर दिया। सिक्किम पर कब्जा करने के बाद चीन की भारत को उसके उत्तर पूवा राज्यों से जोड़ने वाले सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर कब्जा करने की योजना थी। परंतु उस समय सेना की सिक्किम में तैनात 17 डिविजन के जीओसी मेजर जनरल सगत सिह थे जिन्होंने अपने अदम साहसऔर दृढ़ निाय से चीनी हमले का मुकाबला किया और चीनियों कोबुरी तरह से पीछे धकेल दिया। हालांकि इसके लिए उन्हें दिल्ली से सहमति नहीं मिली थी परंतु फिर भी उन्होंने चीन की चाल को नाकाम कर दिया। इसी ाम में चीन ने1986 में अरुणाचल प्रदेश के सोम द्रोङ्ग चु नाम की घाटी में हेलीपैड बनाने की कोशिश कीऔर इस कोशिश को भी भारतीय सेना ने जनरल सुंदर जी की कमान में नाकाम किया। चीन की इन हरकतों को देखते हुए दोनों देशों के बीच में शांति स्थापना के लिए बातचीत के दौर शुरू हुएऔर इसके परिणाम स्वरूप 1996 में विश्वास बहाली और सीमा पर शांति विश्वास बहाली के लिए एक समझौता किया गया जिसके अनुसार दोनों देशों के सैनिक सीमाओं के बीच में नोमैंस लैंड यानी सीमाओं के बीच वाली जमीन पर बिना हथियारों के ग्रस्त करेंगे। परंतु जून 2019 में पूरे विश्व ने देखा की किस प्रकार चीन ने इस समझौते की शर्तो को नकारते हुए गलवान में भारतीय सैनिकों पर कटीले तार लगे हुए लाठी डंडों से हमला किया। गलवान क्षेत्र में चीनी सेना वुछ अवैध निर्माण कर रही थी जिसके विवाद को सुलझाने के लिए दोनों सेनाओ की एक मीटिंग इस क्षेत्र में निर्धारित की गईं थी। इसके लिएदोनों के दल यहां पर पहुंचे। 1996 के समझौते के अनुसार भारतीय सैनिक बगैर हथियारों के मीटिंग स्थल पर पहुंचे परंतु चीनी सैनिक छुपा कर कटीले तार लगे हुए डंडे लेकर आए। मीटिंग स्थल पर पहुंचते ही चीनी सैनिकों ने इन लाठी डंडों से भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया। जिसका भारतीय सैनिकों ने वीरता से मुकाबला कियाऔर इस हमले में दोनों देशों के काफी सैनिक मारे गए। 2021 में अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सैनिकों नेएक भारतीय सैनिक टुकड़ी पर इसी प्रकार हमला करने की कोशिश की और इसका भी गलवान की तरह भारतीय सैनिकों ने करारा जवाब दिया।

आप का नजरीया

# सेर पर अब सवा सेर

**हम** जिसे सामान्य मानते या जिस आंख से सियासत को देखते हैं, उससे कहीं अलग देश के ढर्रे में लोकतंत्र का समाधान है। पहली जून को हिमाचल में छह उपचुनाव की कलाबाजियां, मतदान से पूरी हुईं तो अब बिसात पर तीन निर्दलीय विधायक रख दिए गए। बहुप्रतीक्षित लोकतांत्रिक फैसले की वैधता तीन जून को पूरी हो गई जब विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने तीन निर्दलीयों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए, यानी लोकसभा परिणामों की आहट में हिमाचल की गलियों में पुनः उपचुनाव की फुसफुसाहट शुरू हो गई। पहले ही तीन निर्दलीयों द्वारा इस्तीफा देना ऐसा आकस्मिक प्रहार था जो प्रदेश के सत्ता पक्ष से बहुत कुछ छीन गया, लेकिन अब इनका मंजूर होना 'सेर पर सवा सेर' होना है, यानी 'तू डाल-डाल, तो मैं पात-पात' जैसा फैसला आगे की सियासत को रगड़ा लगा रहा है। आज फैसले का बड़ा दिन है और ऊंट की हर करवट पर परेशानी का सबब बन सकता है, लेकिन तीन निर्दलीयों की विदाई से विधानसभा गिनती में रिक्तियां सारा खेल बदल सकती हैं। बहरहाल देहरा से होशियार सिंह, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से केएल ठाकुर के विधानसभा से रुखसत होने से प्रदेश की हवाओं में सियासत का नमक फिर हलाल होने के लिए जनता की अदालत में जाएगा। व्यावहारिक रूप से चुनाव परिणामों के बावजूद विधानसभा 65 प्रतिनिधियों की रह जाएगी तथा बहुमत के लिए कांग्रेस को मात्र 33 विधायक चाहिएं। यह कोई अपूर्णीय क्षति नहीं हो सकती और आसानी से सुक्खू सरकार का टिकाऊ अंकगणित प्रभावी हो जाएगा। शुक्र यह कि विधायक डिसक्वालीफाई नहीं हुए, वरना चाल, चरित्र और चेहरे पर कई विराम लग जाते। यह दीगर है कि अब कसरतें पुनः देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में सत्ता के संघर्ष को कठिन दौर में पहुंचाएंगी। जाहिर है लोकतंत्र कहीं न कहीं बंधक तो जरूर बन रहा है, वरना छह उपचुनाव न होते और अगर होने ही थे तो पूरे के पूरे नौ हो जाते, लेकिन 'बिजलियां तूफानों की हकीकत में रोशनी नहीं होतीं, यह तो दस्तूर है तेरे आंगन में खबर देने का।' हिमाचल में जनादेश के सारे पहलू गड्ड मड्ड से हैं। जो सवा साल पहले सोचा गया, वह आदेश बदल गया। आज के चुनाव परिणाम राजनीति को उसकी हैसियत और नेताओं को उनकी औकात बताएंगे। हिमाचल में लोकसभा की चार सीटों के परिणाम से भी गहरे असर में छह उपचुनाव कहे और सुने जाएंगे। आज चुनाव की कुछ आहुतियां पूर्ण होंगी, लेकिन पूर्णाहुति का मंत्र अभी फूंका जाएगा। प्रदेश की राजनीतिक उथल-पुथल में गोटियां भी कैसी-कैसी कि छह विधायक आज अपना रिपोर्ट बताएंगे, जबकि सिफर कर दिए गए तीन विधायक अब केवल भाजपा के लाल कहलाएंगे। एक और चुनाव के लिए तीन विधानसभा क्षेत्रों के गले में घंटियां तब तक बजती रहेंगी, जब तक उपचुनावों की नई पारी नहीं सजती। बहरहाल, अध्यक्ष के फैसले ने गिल्लियां उड़ाई जरूर, लेकिन मैच अभी जारी है। काफी कुछ आज आने वाले लोकसभा तथा विधानसभा के उपचुनावों से सामने आएगा। फिलहाल कहीं कोई खतरा नहीं, लेकिन सियासत के माध्यम से प्रदेश का और कितना चीरहरण हो सकता है, इसके ऊपर कोई रोक नहीं।

# विधायक बैद्यनाथ राम ने छठ घाट का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड मे कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय भवन का निर्माण कार्य चार वर्षो मे भी पूर्ण नहीं हुआ को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। प्रखंड मे क्षेत्र के बालिका छात्राओं के 6 से 12 वीं तक शिक्षा के लिए सभी प्रखंडो मे कस्तूरबा आवासीय विद्यालय स्थापित किया गया। बारियातू आवासीय मे लगभग 6 वर्ग से 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई के लिए 216 छात्रा हैं। वर्तमान मे आदर्श मध्य विद्यालय बारियातू के कम्पाउंड मे विद्यालय चल रहा है. जहाँ कमरे के आभाव मे काफ़ी परेशानी होती है. उक्त समस्या से निजात दिलाने व कस्तूरबा विद्यालय का अपना भवन निर्माण के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 2017 मे भवन निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई. कस्तूरबा भवन बनाने के लिए स्थल चयन मे लगभग तीन वर्ष बित गए. 2020 मे बरछीया स्थित जबरा रोड मे कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कार्य निर्माण शुरू किया गया. संवेदक व विभागीय लापरवाही के कारण लगभग चार वर्ष बित जाने के बावजूद भी मात्र लिल्टन का कार्य हुआ है.जबकि मात्र किचन ढलाई हुआ है. अब तक पूरा विद्यालय भवन का छत की ढलाई का भी कार्य नहीं हो सका है. वर्तमान मे सभी छात्रा बारियातू स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के अंदर बालिका आवासीय विद्यालय मे पठन पाठन का कार्य कर रहे हैं. कमरे की आभाव के कारण सभी छात्राओं को अपने निजी सामग्री रखने के लिए काफ़ी कठिनाई होती है। उपरोक्त खबर के असर से लातेहार लोक प्रिय विधायक वैद्यनाथ राम पहुँच कर विद्यालय भवन का जायजा लेकर कहा की सम्बंधित विभाग व संवेदक से बात कर जल्द समस्या समाधान कराया जायेगा. ठीक इसके पश्चात् बारियातू प्रखंड कार्यालय पहुँच कर जलनल योजना के तहत लगाए गए सोलर जलमिनार इटके ग्राम मे किसी एक व्यक्ति द्वारा पाईप लगाकर व्यक्तिगत पानी उपयोग कर रहा है जिससे गांव मे पेयजल आपूर्ति नहीं हो रहा है इसको लेकर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम से बात की। वहीं अपने सौजन्य से निर्मित प्रखंड के डाढ़ा ग्राम स्थित मुख्य द्वार पर बना श्रद्धा द्वार व छठ घाट में बने सिढी निर्माण को विधिवत पुजा अर्चना के पश्चात फिता काट व नारियल फोड़ कर उद्धघाटन किया. मौके पर राजेंद्र गांझू, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव, मो होजैफा, सुरेश गंझु, ईश्वरी उरांव सहित कई गठबंधन के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में समर कैंप का समापन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में बुधवार को आयोजित एक सप्ताह का समर कैंप संपन्न हो गया। समर कैंप के अंतिम दिन विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील को ले कर पेंटिग व पोस्टर मेकिंग किया। मौके पर छात्र आदित्य राज, आध्या टैगोर, अमन कुमार व साक्षी प्रिया आदि ने आकर्षक पेंटिंग बनायी। विद्यालय के कला शिक्षक अनुराग ने छात्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने जल संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक किया और कहा कि बिना जल के हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि गत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया था। प्रत्येक दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया।श्री कुमार ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। इससे न सिर्फ धरती हरी भरी रहती है वरन पर्यावरण भी संतुलित होता है।असंतुलित पर्यावरण के कारण ही आज कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा है। ग्लोबल वार्मिंग भी पर्यावरण के असंतुलित होने के कारण हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में बालूमाथ थाना का एएसआई घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर चेताग ग्राम के पास सड़क दुर्घटना में बालूमाथ थाना में कार्यरत एएसआई आर0एस उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आर0एस उपाध्याय कार से बालूमाथ थाना के कार्य लिए लातेहार व्यवहार न्यायालय गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के क्रम में झपकी लग जाने के कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से जा टकराई। जिससे कार का शीशा टूटकर आर0एस उपाध्याय के सर में जा घुसा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल एएसआई को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## संत सेवा में ईश्वर के दर्शन होते हैं : ईश्वर दयाल



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिसई में राजगीर से बाबा राम गोपाल दास जी महाराज का आगमन हुआ। भाजपा नेता सिसई निवासी ईश्वर दयाल पांडेय के आवास पर बाबा राम गोपाल दास ने अपने साथ पांच संतो के साथ वहां उपस्थित धर्म प्रेमी जनों के बीच सत्संग कार्यक्रम किया। भाजपा नेता ईश्वर दयाल कहते हैं कि संत सेवा सत्कार और उनके विचार से आत्मसंतुष्टि होती है। वास्तव में संत सेवा में ईश्वर के दर्शन होते हैं। साधु न केवल एक विचार है न वैराग्य का रुप अपितु साधु जिज्ञासा है, तपस्या का हैं स्वरूप इस सुखद अवसर पर पूर्व मुखिया छेदी पांडेय, धर्म प्रेमी द्वारिका पांडेय, संजय पांडेय, धनंजय कुमार पांडेय, पियूष भारद्वाज व अन्य उपस्थित थे।

# हाईवा ने शिव मंदिर को किया क्षतिग्रस्त ग्रामीण हुए उग्र किया सड़क जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** डीवीसी कॉल माइंस से परिचालन हो रहे एक हाईवा ने बीती रात्रि सदर प्रखंड के डीही पंचायत के मुरुप ग्राम स्थित शिव मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे ग्रामीण उग्र हो गये। उग्र ग्रामीणों ने मुरुप चौक के पास सड़क जाम कर दिया।जिससे दोनों तरफ गाड़ी की लंम्बी कतारें लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि डीवीसी कंम्पनी के द्वारा नियम का उल्लंघन कर 24 घंटे कोयला का ढुलाई किया जा रहा है जिससे हम लोग काफी परेशान हो गये। साथ ही जहां तहां बड़े बड़े गड्ढे हो हो जाने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। आज इसी का नतीजा है कि इन्होंने हमारे शिव मंदिर को क्षतिग्रस्त कर हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया है। जिसको हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे आगे उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा समय पर पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि आज हम लोग धूल फांकने पर विवश हो गये हैं।सबसे ज्यादा खतरा तो स्कूल के छात्रों का लगा रहता है क्योंकि सुबह के समय स्कूल के बच्चों का आवागमन लगा रहता है और हाईवे की रफ्तार उतने ही तेज रहती है जिसके कारण कभी भी बड़ी अनहोनी होने की संभावना बन सकती है। इसलिए डीवीसी कंपनी को परिचालन का समय बदलना होगा साथ ही साथ उक्त गड्ढे को भरकर पुनः ठीक करना होगा। वहीं ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद डीवीसी कर्मचारियों द्वारा ठीक करने का आश्वासन देते हुए, धरना प्रदर्शन को हटा गया।

# जहरीले राख की ढुलाई के विरोध में महिलाओं ने खोला मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** एनटीपीसी प्लांट से नियम विरुद्ध पब्लिक रूट से जहरीले राख ढुलाई मामले में महिलाओं के द्वारा खोले गए मोर्चा के बाद सिमरिया एसडीओ सन्नी राज हुए सख्त। अब राख की ढूलाई दिन मे नही करने, नियमित पानी छिड़काव, ट्रक हाइवा में त्रिपाल लगाने का दिया सख्त निर्देश। जहरीले राख के ढुलाई से पब्लिक सड़क पर गिरते व उड़ते जहरीले राख से परेशान होकर महिलाओं ने जहरीले राख की ढुलाई रोक कर, ढुलाई में लगे सौरभ सागर, मोदी, नोकर्स, पीएम इंफ्रा, ट्यूटोरियल नामक कंपनियों पर की थी कार्रवाई की मांग। एसडीओ के कार्रवाई का चेतावनी के बाद मैनेजिंग के नाम पर नियम विरुद्ध क्षेत्र में तबाही मचाने वाले शातिर ट्रांस्पोटरों व चुनिंदे में मचा हड़कंप। इस मामले में बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने सरकार सहित संबंधित विभाग, हत्तञ्ज को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई का मांग करने की कहीं है बात।

## जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल द्वारा किया गया पुतला दहन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामिक जेहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खोडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या करदी। जिससे देशभर में भारी आक्रोश व्याप्त है। हिन्दू तीर्थ यात्रियों की हत्या के विरुद्ध बुधवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम सिमडेगा डीसी को ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर जिला मंत्री कृष्णा शर्मा सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन सपना के पश्चात सिमडेगा के हृदयस्थली महावीर चौक में बजरंग दल की अगवाई में इस्लामी जिहादी आतंकियों के खिलाफ पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर कहा गया कि लगातार इस प्रकार से करना हरकत पाकिस्तान पोषित आतंकियों के द्वारा किया जाता है जिसे हम विरोध करते हैं लेकिन इसके बावजूद बार-बार वहां से इस प्रकार की घटनाएं सामने आती है जिसको लेकर भारत के जनमानस पूरी तरह से आक्रोशित है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में हिंदू जनमानस उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए लगाया गया जांच शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में शिक्षा विभाग की ओर से दिव्यांग बच्चों के जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर का विधिवत उद्धघाटन बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया ।शिविर में बालूमाथ प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की मेडिकल जांच किया गया। एवं विभिन्न विद्यालय से आये 79 दिव्यांग बच्चों के बीच कान का मशीन, व्हील चेयर, सीपी चेयर उपकरण का वितरण किया गया। जांच शिविर में डाक्टर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह (औडियोलॉजिस्ट), दीपक मंडल (प्रोस्थेटिक व आर्थोटिक) अमर बहादुर(पी एंड ओ) डॉ अरुण यादव, आकाश सैनी समेत बीईओ बालूमाथ निर्मला लता, बीपीओ निकेत कुमार गुप्ता, वीरेंद्र सिंह जिला प्रतिनिधि उत्तम पांडे, बीआरपी अनिल कुमार राम, एमआईइस जितेंद्र कुमार चौधरी, सीआरपी विनय कुमार समेत बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं बंदी वापस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** अनुमंडल मुख्यालय महुआडांड़ में पानी एवं बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर युवा नेता अजीत पाल कुजूर के नेतृत्व में प्रखंड वासियों द्वारा अनिश्चितकालीन बंदी एवं धरना प्रदर्शन किया गया था। जो कि 40 घंटे बाद दूसरे दिन अधिकारियों के लिखित आश्वासन पर वापस लिया गया। जिसके बाद प्रखंड के सभी जगहों से बैरिकेडिंग हटाते हुए? आवागमन सुचारू रूप से चालू कर दी गई। दुकानदारों ने भी अपने-अपने प्रतिष्ठान खोले।लंबे समय से पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे प्रखंड के ग्रामीण बार-बार अधिकारियों से गुहार लगाकर कर थक चुके थे। बार-बार अपने प्रयासों को असफल होता देख प्रखंड वासियों ने आंदोलन की राह पकड़ ली। प्रखंड के सैकड़ो युवाओं ने अपनी समस्या को गंभीरता से लिया और युवा नेता अजीत पाल से मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। प्रखंड के तमाम दुकानदार एवं प्रखंड वासियों से घूम घूम कर समर्थन मांगा। जिस पर प्रखंड के तमाम जनता ने समर्थन देने का निर्णय किया। जिसके बाद बिजली एवं पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण आंदोलन के लिए एकजुट हुए। पहले दिन के धरना प्रदर्शन एवं संपूर्ण बंदी के साथ ही स्थानीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों की ओर से पहल करते हुए अंचल पदाधिकारी संतोष बैठा धरना स्थल पर पहुंचे। जिस पर ग्रामीणों ने अपनी मांग के अनुरूप बिजली एवं पेयजल से संबंधित अधिकारी को बुलाने की मांग की। जिस पर गारू प्रखंड के विद्युत अभियंता विकास कुमार धरना स्थल पर पहुंचे। लेकिन ग्रामीणों ने स्थानीय जेई दुर्गा शंकर सिंह को बुलाने की मांग करते हुए वापस भेज दिया। वही धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन बिजली विभाग के बरवाडीह एसडीओ सह प्रखंड के विद्युत अभियंता दुर्गा शंकर सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने बिजली की लचर व्यवस्था एवं अनियमित कटौती पर बारी-बारी से सवाल करते हुए जवाब मांगा। जिस पर बिजली विभाग के विद्युत अभियंता दुर्गा शंकर ने लिखित आश्वासन दिया की एक महीना के अंदर सभी जगह पर बिजली पोल खम्बो एवं तार की मरम्मती कार्य पूर्ण कर ली जाएगी और 10 दिन के अंदर बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करते हुए प्रतिदिन 22 घंटे बिजली प्रखंड को उपलब्ध कराया जाएगा। लिखित आश्वासन के बाद प्रखंड वासियों ने बिजली विभाग में किए गए तालाबंदी को खोलने का आदेश दिया।

# टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू कराने को लेकर माकपा ने खून से लिखा मांगपत्र

## प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सड़क परिवहन मंत्री के नाम डीडीसी को सौंपा मांगपत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने टोरी - चंदवा एनएच 99 न्यु 22 में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने को लेकर अपने खून से मांगपत्र लिखा। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के पदनाम खून से लिखे मांगपत्र को डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह को सौंपा गया। जिसमें फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग की गई है। इसके पहले समाहरणालय स्थित नगर पंचायत कार्यालय परिसर में माकपा कार्यकर्ता एकत्र हुए, अपने - अपने शरीर से खून निकलवाया, इसी खुन से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के संबोधित मांग पत्र तैयार किया, लिखने के दौरान कलम के जगह बरस और स्याही के जगह खून का इस्तेमाल किया।खून से लिखे मांगपत्र को हाथों में लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया, केंद्र, राज्य सरकार और एनएच विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, पैसा भी आवंटित कर दिया गया है, जमीन की अधिग्रहण भी हो चुका है दिनांक 03 अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने आरओबी का आउनलाईन शिलान्यास भी की है। लेकिन एनएच विभाग की लापरवाही के कारण कार्य शुरू नहीं हुआ, संबंधित विभाग सोई हुई है, केंद्र और राज्य सरकार, व रेलवे विभाग एवं एनएच विभाग को जगाने के लिए खून बहाना पड़ रहा है। वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम में फंसकर बिमार मरीज अपनी जान गंवा रहे हैं इसके बाद भी इस समस्या कि समाधान के लिए किसी को कोई चिंता नहीं है। रेलवे क्रॉसिंग जाम से प्रतिदिन लाखों ग्रामीण परेशान हैं, जाम पर घंटों फंसे रहने के कारण महिलाओं का प्रसव और बिमार व्यक्तियों की मौत रेल क्रॉसिंग पर ही हो जा रही है।टोरी जंक्शन व्यस्त रेलमार्ग है तीन रूट रांची - लोहरदगा से टोरी, टोरी से बालूमाथ, हावड़ा से टोरी भाया दिल्ली समेत अन्य महानगरों तक रोजाना करीब सैंकड़ों गुड्स ट्रेन और दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों का आना जाना लगा रहता है, जिसके कारण फाटक बंद ही रहता है। शिर्फ लोगों को पास करने के लिए तीन चार मिनट खोल दिया जाता है, एनएच पर फाटक होने के कारण फाटक से हजारों छोटी बड़ी दो पहिया और चार पहिया वाहन से प्रत्येक दिन लाखों लोग गुजरते हैं जो रेलवे क्रॉसिंग जाम में आधे से अधिक घंटे तक फंसे रहते हैं।जाम में मरीज लिए एम्बुलेंस भी फंस जाती है, दर्जनों मरीजों की मौत फाटक जामपर फंसने से हो चुकी है।रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या से झारखंड की आधी आबादी प्रभावित है। नेताओं ने कहा कि निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं की गई तो तीखा आंदोलन किया जाएगा। वहीं डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह ने मांगपत्र लेते हुए मांगपत्र भेजने और इस दिसा में जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता अयुब खान, शोभन उरांव, हनुक लकड़ा, पचु गंझु, रसीद मियां, मो0 फैजान, द्वारीका ठाकुर, बासु उरांव, परवेज खान, प्रमोद उरांव, निलेश उरांव समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# तलाब में डूबने से एक युवक की हुई मौत, साथी युवक फरार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के दूंदुआ गांव के करीब केशो बहिया तलाब में एक युवक को तलाब में डूबने से मौत हो गई है। मृतक युवक सिमरिया टांड़ के साकिब के पुत्र समीउल्लाह उम्र लगभग 18 वर्ष है। जानकारी के अनुशार समीउल्लाह अपने घर से लगभग 11 बजे दिन किसी को वगैर बताए घर से निकला था। जहा डूबने से मौत हो गई । शव को निकालने के लिए ग्रामीणों ने काफी संघर्ष किया परंतु शव को बरामद नहीं किया जा सका। अंत में सिमरिया गांव के हीं मछुवारों ने महाजाल लगा लगभग 4 बजे के लगभग शव को बरामद किया । इधर युवक को तलाब में डूबने की सूचना पर थाना प्रभारी मानव मयंक ने एक पुलिस की टीम घटना स्थल पर लगा दिया गया। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि इचाक गांव निवासी मो नेशार के पुत्र अपने मोबाइल से मेरा पुत्र समीउल्लाह को फोन कर अपने घर बुलाया था। और दोनों उक्त तलाब पर जा पहुंचा। मेरा पुत्र के कॉल से जाकारी मिली की मेरा पुत्र को फोन कर बुलाया गया था जहां वगैर बताए घर से निकल गया था। वहीं घटना के बाबत घटना स्थल पर मौजूद दो युवको ने बताया कि दो लड़का मोटर साइकिल सवार हो कर तलाब के पास आया और एक लड़का कपड़ा खोल तलाब में डूब गया । हम लोग घटना स्थल से दूरी पर थे। जहां डूबने के बाद मो नेशार के पुत्र घटना स्थल से फरार हो गया। और ना किसी को जानकारी दिया। किसी तरह ग्रामीणों ने एक युवक को डूबने की हल्ला हंगामा के बाद हम परिजनों को जानकारी मिली तब जाकर हम लोगों ने जांच पड़ताल करने लगे । और शव को निकालने का प्रयास करने लगे। हालांकि बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर हॉस्पिटल भेज दिया गया है। शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। वहीं परिजनों ने खबर लिखे जाने तक लिखित शिकायत नेशार के पुत्र के विरुद्ध नहीं दिया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# हर घर नल जल योजना में अनियमितता पर आक्रोश, लाखों खर्च कर भी लोगों को नहीं मिल रहा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पदमा ।** हर घर नल-जल योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला पदमा प्रखण्ड के महकोल व बिहारी ग्राम का है। स्थानीय लोगों ने पदमा प्रमुख वीणा देवी को फोन कर नल जल योजना की स्थिति की जानकारी दी, उन्होंने तुरंत उक्त स्थल पर पहुँचकर ज़ायज़ा लिया तत्पश्चात सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को फोन कर क्लास ली, प्रमुख ने कहा है कि काम में सुधार लायें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें, साथ ही कहा की नल जल योजना केंद्र सरकार की सबसे बड़ी योजना है, योजना पर आम जनता का अधिकार है, काम अच्छा होगा, तो लोगों को सालों शुद्ध पानी मिलेगा, परंतु अगर घटिया काम होगा तो महीने व दो महीने में योजना डेड पड़ जायेगी, इसलिए गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। ग्रामीणों का शिकायत है की पाइप भी सही से नहीं बिछाया गया है। ग्रामीणों ने बोरिंग में मानक से कम गुणवत्ता की केसिंग पाइप लगाने व निर्धारित गहराई तक केसिंग नहीं लगाने का आरोप लगाया। कहीं तीन इंच तो कहीं मात्र छह इंच गड्ढा खोदकर बिछाया गया है और जैसे तैसे घटिया मशाला से लीपापोती कर दिया गया है। सब कुछ आईने में देखने जैसा दिख रहा है। नल-जल योजना के जिस संवेदक को जहां मौका मिला वही लाखों-की लूट कर ली, बढ़ियाँ क्वालिटी की कुछ पाइप को मिट्टी के नीचे दबाया। फिर विभाग से अपना भुगतान पाया और चलते बने। लेकिन लोगों को शुद्ध पेयजल अब भी नसीब नहीं हो पा रहा है। कहीं पानी की टंकी लगी है तो मोटर खराब, कहीं सब कुछ लगा है तो घटिया समाग्री योजना को मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है। ऐसे में हैंडपंप का गंदा पानी ही इनलोगों के लिए एक मात्र जीने का साधन बना हुआ है, ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि आखिर इस जल घोटाले का जिम्मेवार कौन है।

# पानी मोटर चोरी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पानी मोटर चोरी के मामले को लेकर बड़कागांव नटराज नगर निवासी इंद्रनाथ महतो पिता स्व. चितू महतो के द्वारा बड़कागांव थाने में आवेदन दिया था। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्रवाई करते हुए बड़कागांव थाना कांड संख्या 251/24 के तहत मामला दर्ज किया गया। वही उक्त कांड संख्या पर कार्रवाई करते हुए अरमान अंसारी पिता ग्राम छवनिया निवासी एवं दूसरा अर्जुन महतो उर्फ देव महतो पिता स्व. विनोद महतो नटराज नगर बड़कागांव निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं मामले को लेकर भुक्त भोगी ने बताया कि मैं इंद्रनाथ महतो, बुद्धि नाथ महतो एवं खूनी महतो हम तीनों लोग 10 जुन को हुरलंगबागी के नदी में अपने - अपने मोटर पंप को लगाकर खेत में लगे फसलों की सिंचाई कर रहे थे। रात लगभग 10ः00 बजे खाना खाने के लिए घर आ गए। जब खाना खाकर वापस मशीन के पास पहुंचे तो तीनों किसान का मशीन उक्त स्थान पर नहीं था। आस-पास खोजबीन किया पर नहीं मिला। वही 11 जून को लगभग 3ः00 बजे कुछ सामान बोरा में बंद कर दो लड़का सूर्य मंदिर की ओर लेकर जा रहे थे। ग्रामीणों को शक हुआ और जांच किया तो पाया कि पानी मोटर पंप है। हल्ला होने पर हम लोग भी पहुंचे और देखा तो उक्त मशीन हम लोगों का था। मौके पर एक चोर को पकड़ा गया पर दूसरा चोर भागने में सफल रहा। इसकी सूचना हम लोगों ने बड़कागांव पुलिस को दिया और बड़कागांव पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए दोनों चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आगे थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि चोरी करते पकड़े जाते हैं तो किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा निश्चित तौर पर केस कर उसे जेल भेजा जाएगा।

# पेपर लिक मामलों से बेरोजगार छात्रों का सरकारों से विश्वास उठ रहा है : डॉ आरसी प्रसाद मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत के सबसे विश्वसनीय मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा नीट में पेपर लीक होने पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किया गया है । यूपी में यूपीएससी पेपर लिक एमपी का मेडिकल एंट्रेंस व्यापम पेपर लीक घोटाला पटवारी पेपर लीक घोटाला बिहार में शिक्षक पेपर लीक घोटाला झारखंड में 11वीं जेपीसी पेपर लीक सीजीएल पेपर लीक हुआ है ।जिस कारण अनेको छात्र आत्महत्या कर रहे हैं,छात्रो का सरकार से विश्वास उठ रहा है। पेपर लीक करने वाले लोगों को कड़ी सजा देने में सरकारी नाकाम नजर आ रही है। बेरोजगार उग्र होते जा रहे हैं कहीं ना कहीं केंद्र एवं राज्य सरकारें पेपर लिक घोटाले में शक के दायरे में आते हैं। यह बातें कांग्रेस सदर विधानसभा के विजेता डॉ आरसी प्रसाद ने मटवारी स्थित अपने कार्यालय में कहा । माइनॉरिटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा की की भारत का छवि धूमल करने वाली घटना है जिला उपाध्यक्ष डॉ दीपक बंधु ने कहा की पेपर लिखो ना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। डॉ मेहता ने आगे कहा की झारखंड के अलग होने 24 वर्षो बात भी झारखंड की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है, झारखंड में स्थानीय नीति लागू होना चाहिए। आज झारखंड बाहरियों का चारागाह बना हुआ है। 2024 लोकसभा चुनाव में पांच बाहरी सांसद चुने गए है, 40% नौकरियां एवं 50% व्यापार बाहरियों के कब्जे में है । राजनीति में 60% गैर झारखंडी का वर्चस्व है, जो झारखंड के उत्थान के लिए अनुचित प्रतीत हो रहा है ।झारखंडी बुद्धिजीवों को पुनर्विचार करने की जरूरत है।

# प्रदीप प्रसाद के एक लाख वृक्षारोपण की मुहिम को सांसद मनीष जायसवाल ने सराहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाजसेवी प्रदीप प्रसाद द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख पौधों के वितरण के अभियान के तहत बुधवार को कुम्हारटोली पार तालाब एवं छठ घाट के समीप वृक्षारोपण किया गया।वहीं सांसद बनने के बाद पहली बार कुम्हार टोली पहुँचने पर स्थानीय लोगों द्वारा मनीष जायसवाल का स्वागत किया गया।इस मौके पर वे जनसमस्याओं से भी रूबरू हुए,साथ हीं छठ घाट के सौंदर्यीकरण का भी भरोसा दिलाया।श्री जायसवाल ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मुहिम की सराहना की। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल नें पौधारोपण व जल संरक्षण कार्यक्रम की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया है। मौके पर मनोज श्रीवास्तव,भूलन राम, दीपक वर्मा, अमित कुमार, राजेश कुमार, राजा जिमर, अशीष वर्णवाल, मुकेश साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# छोटकी बरही में चल रहें प्रवचन मंच का डीएसपी ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में श्री श्री 1008 श्रीमद् शिव हनुमत लला वार्षिक महोत्सव महायज्ञ हो रहा है। इस अवसर पर रात्रि 7 बजे से लेकर 11 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम भी की जा रही है। प्रवचन कार्यक्रम राष्ट्रीय कथा वाचिका श्री ज्योति शास्त्री अयोध्या धाम और आचार्य श्री छोटे सरकार जी महराज देवघर बाबाधाम के द्वारा की जा रहीं है। प्रवचन के दूसरे दिन बरही डीएसपी सुरजीत कुमार ने प्रवचन मंच का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मनुष्य अपनी जन्मजात प्रवृत्ति को अपनी बुद्धि की सहायता से नियंत्रित करता है, यह उन्हें मनुष्य कहलाने के योग्य बनाता है। आत्मज्ञान की प्राप्ति का अर्थ है मोक्ष की प्राप्ति, मनुष्य होना आत्मज्ञानी होने की आध्यात्मिक योग्यता है, यह वह योग्यता है जिससे मोक्ष तक की यात्रा संभव होती है। वही कथा वाचिका ज्योति शास्त्री जी ने शिव विवाह के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कथा के माध्यम से शिवजी की विवाह किस प्रकार हुआ, शिव विवाह की बात तय होने के बाद भगवान शिव की बारात की तैयारी हुई, इस बात में देवी देवता, भूत प्रेत सभी लोग शामिल हुए। भगवान शिव की बारात में भूत पिचास दोनों भी पहुंचे थे, ऐसी बरात देखकर पार्वती जी की मां बहुत डर गई और कहा कि वह ऐसे वर को अपनी पुत्री को नहीं सौंप सकते हैं। तब जाकर देवी देवताओं ने भगवान शिव को परंपरा के अनुसार तैयार किया और सुंदर तरीके से सिंगार कराया इसके बाद दोनों का विवाह शिव और पार्वती झांकी के साथ संपन्न हुआ। बता दे कि इस दौरान यज्ञ मंडप का 12 घंटे का फेरी करते युवा श्रद्धालू नजर आए। जिसमें विवेक कुमार, आदर्श कुमार, अंशु कुमार, शीतल कुमार, स्वीटी कुमारी आदि शामिल है।

## विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा ने चेडरा पैक्स का किया उद्धघाटन



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा के द्वारा चेडरा पैक्स धान बीज केंद्र का विधिवत फीता काटकर उद्धघाटन किया ।पैक्स धान बीज क्रय केंद्र के उद्धघाटन समारोह में विष्णुगढ़ बीस सूत्री उपाध्यक्ष की मौजूदगी रही।इस मौके पर प्रमुख जैबुन निशा ने किसानों को संदेश देते हुए कहा कि,पैक्स में धान बीज के सममय बिक्री से किसानों को कम कीमत पर उच्च कोटि के बीज उपलब्ध होंगे जिससे किसानों को काफी लाभ होगा। चेडरा पैक्स संचालक मो.शमशुल खान ने कहा पैक्स में धान की बीज सरकारी दर उपलब्ध कराई जाती है,छुटे हुए किसान साथी जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। जिससे बिना किसी रुकावट के आप-सबो को बीज उपलब्ध कराई जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, प्रमुख प्रतिनिधि मो.बेलाल अंसारी, भेलवारा पंसस अजय मंडल,विष्णुगढ़ पैक्स अध्यक्ष रंजीत गुप्ता समेत किसान भी मौजूद थे।

## नगर निगम के पार्किंग व्यवस्था की योजना से फुटपाथ दुकानदारों में दहशत



**हजारीबाग :** नगर निगम के द्वारा हर चौक चौराहे पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।इससे फुटपाथ दुकानदारों में भय का माहौल है।उनका कहना है कि जो पार्किंग का टेंडर लेते हैं वे फुटपाथ दुकानदारों से जबरन सौ से 2 सौ रुपए प्रतिदिन जबरन वसूलते हैं जिसके कारण फुटपाथ दुकानदारों को परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है।फुटपाथ दुकानदार संघ ने इसकी सूचना सासंद, नगर आयुक्त,उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को देते हुए समस्या के समाधान की अपील की है।दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि यदि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो विवश होकर उन्हे उग्र आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।विरोध दर्ज करवाने वालों में संतोष कुमार गुप्ता ,रविंद्र महतो, विजय गुप्ता ,सलीम भाई ,इम्तियाज, प्रदीप कुमार ,कुंती देवी ,गीत देवी ,कर्मी तिर्की ,प्रतिमा मसमा ,मंगल पांडे समेत कई अन्य फुटपाथ दुकानदार शामिल थें।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रतिराम ने अंततः हारी जीवन की जंग



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़- गोमिया सड़क मार्ग में गरहमुर्गी,कोनार होटल के समीप सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार सड़क के किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मंगलवार देर शाम की है,विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के डूबका निवासी रतिराम किस्कु 56 वर्षीय,पिता पोचा किस्कु जिसमे गंभीर रूप से घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक रतिराम किस्कु बाइक से अपना बेटा को सरिया, गिरिडीह छोड़कर अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान गरहमुर्गी कोनार होटल के समीप उसका बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस सेवा 108 वाहन से घायलावस्था में विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया।घायल रतिराम किस्कु को माथे और चेहरे पर गंभीर चोटे आई उसके दोनों पैर भी फ्रैक्चर हो गया था। बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया एंबुलेंस में जाते समय अचानक उसकी मौत हो गई।मृतक रतिराम किस्कु अपने पीछे चार बेटी और दो बेटा को छोड़ चला गया।इस हृदयविदारक घटना से परिजन सदमे में, सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।विष्णुगढ़ पुलिस बुधवार सुबह मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

## भराज़ो पंचायत में अबुआ आवास में जियो टैग करते दो ठग धाराएं, एक फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र में चल रहे आबुआ आवास का जियो टैग जिनका स्वीकृति किया जा चुका है ,उनका जिओ टैग प्रखंड मुख्यालय द्वारा किया जा रहा है। बता दे कि 12 जून बुधवार को भराजो पंचायत के मथुरा नगर टोला में तीन अज्ञात व्यक्ति एक ही मोटरसाइकिल से जियो टैग करने आए और अपने आप को टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय का कर्मी बताकर कौशल्या देवी पति राजू राम,निशा देवी पति रवि राम रेणु देवी पति संजय भुइयां और संजय राम पिता परमेश्वर राम के घर गए जहां जियो टैग किया। उक्त लोगो ने दो दो हजार रुपए की मांग किया और कहा की जल्दी से आज ही पैसा दे दीजिए आपके खाते में पैसा चला जायेगा। सभी अबुवा आवास लाभुको ने 1000 रुपया करके दिया जब वार्ड सदस्य दीपक कुमार को पता चला की प्रखंड मुख्यालय से जियो टैग करने के लिए कोई कर्मी आए है, और रुपए की उगाही कर रहे है। उनलोगो से पूछताछ किया गया तो वे लोग भागने लगे ।तीन में दो को धर्मेंद्र गिरी पिता बीरबल गिरी ,विक्रम पासवान पिता स्व नागेश्वर पासवान इचाक निवासी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और राशि उगाही की खबर भराजो मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय को दिया गया ।हालांकि खबर लिखे जाने तक दोनो को पुलिस को सौप दिया गया था। वही ग्रामीणों के द्वारा धराएं आरोपित ठगो ने कहा की फरार हुए युवक का नाम पप्पू मेहता है जो मोटरसाइकिल से फरार होने में सफल रहा ।

## मृत बिजली मिस्त्री किशोर कुमार के परिजनों को दी गई 10 लाख की मुआवजा राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बानादाग निवासी किशोर कुमार पोल पर 11 हजार बिजली तार तार को ठीक करने के लिए चढ़े हुए थे, इसी क्रम में बिजली विभाग के द्वारा पावर ऑन कर दिया गया और मौके पर ही किशोर कुमार की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने मंगलवार को देर शाम जुलू पार्क स्थित जीएम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया इस धरना प्रदर्शन में बानादाग के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।ग्रामीणों को हक दिलाने के लिए मंगलवार को देर शाम धरना स्थल पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा देर रात तक डटे रहे।तत्पश्चात देर रात मे मृतक की धर्मपत्नी सरिता देवी के नाम से एक पत्र जारी किया गया, जिसमें लिखा गया कि उन्हे 60 वर्ष तक पेंशन मिलता रहेगा, मृतक के बच्चों को 25 वर्ष आयु तक पेंशन प्राप्त होते रहेगी,10 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी गई वहीं सदस्य की सैलरी 10 से 12 हजार होगी ।शव के अंतिम संस्कार के लिए एक लाख नगद दिया गया। उक्त पत्र गीतराज इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक के द्वारा जारी किया गया था।धरने पर ग्रामीणों के साथ पूर्व मुखिया उदय साव भी बैठे थें।हर्ष अजमेरा के साथ उदय साव भी मौजूद थे। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि वंचितों के न्याय के लिए वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

## सेवा सहयोग समिति द्वारा कटकमदाग प्रखंड में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग स्थित शिव मंदिर पुराना प्रखंड में सेवा सहयोग समिति के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा यह आयोजन 12 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक निरंतर कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में लगाया जाएगा।वही दूसरे,तीसरे एवं चौथे चरण में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने विधिवत रूप से किया। शिविर में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध चिकित्सक जनरल फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे।शिविर के दौरान मरीज को निशुल्क दवा भी उपलब्ध कराया गया। साथ ही ब्लड,बीपी, शुगर,पल्स एवं वजन की जांच की गई।इस शिविर में करीब 6सौ से भी अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा कर जांच करवाया, शिविर के उद्घाटन समारोह में पंचायत के प्रमुख गण मौजूद रहे सभी को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि उनका लक्ष्य समाज में शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार से संपूर्ण विकास करना है।स्वास्थ्य शिविर आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से लगाया गया था। शिविर के दौरान युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा ग्रामीण बच्चों एवं शिविर में पहुंचे सभी लोगों के बीच बिस्कुट का वितरण किया।मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी सुविधा काफी सराहनीय है हम लोगों को काफी मदद मिल रही है मुफ्त में दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।इस स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन के लिए लोगो ने सेवा सहयोग समिति का आभार व्यक्त किया।

# आचार संहिता के कारण नहीं हो रहा था कार्य, अब विकास कार्य पकड़ेगी रफ्तार : अंबा प्रसाद

**अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव, केरेडारी में 25 करोड़ की विकास योजनाओं की मिली स्वीकृति, निविदा जारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में डीएमएफटी मद से लगभग 25 करोड़ की लागत से कई विकास योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। उक्त योजनाओं का स्वीकृति लोकसभा चुनाव से पूर्व ही विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर हुई थी परंतु आचार संहिता लगने के कारण टेंडर प्रक्रिया नहीं हो पाई और आचार संहिता खत्म होते ही एजेंसियों के द्वारा निविदा जारी कर दी गई है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि अब विकास कार्य रफ्तार पकड़ेगी। ज्ञात हो कि पंचायतों में कोर कमेटी का गठन करके योजनाओं की सूची एकत्रित करने के बाद विधायक अंबा प्रसाद द्वारा गांव से आए प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कराने का कार्य किया जा रहा है।

**इन महत्वपूर्ण सड़कों, पुल व गार्डवाल का होगा निर्माण-**

विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सांढ़ पंचायत अंतर्गत दुफेड़वा आम बैजनाथ महतो के घर से धर्मेंद्र प्रसाद के घर होते हुए शमशान घाट तक एवं चैता महतो के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय होते हुए मुख्य पथ जोधी महतो के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण लगभग तीन करोड़ की लागत से, गरसुल्ला पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से ग्राम बिहड़ के आंगनबाड़ी केंद्र तक पीसीसी पथ निर्माण लगभग एक करोड़ की लागत से, केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बेलतू पंचायत अंतर्गत बाजारटांड़ से उर्दू स्कूल तक पीसीसी पथ लगभग 1 करोड़ 82 लाख की लागत से, वही ग्राम पंचायत केरेडारी में कुंजल साव के घर से कुर्मी बांध तक पीसीसी पथ निर्माण एक करोड़ 17 लाख की लागत से व केरेडारी पीडबलुडी रोड से सीएचसी जाने वाले रास्ते में तालाब तक पीसीसी पथ का निर्माण लगभग 34 लाख की लागत से होना है। इसके अलावा बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सिरमा पंचायत के ग्राम पड़रिया में अजीमुद्दीन के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक गार्डवाल का निर्माण लगभग दो करोड़ 34 लाख की लागत से, गरसुल्ला पंचायत में ग्राम चानों से लुरुंगा के बीच धोबनी नदी में पुल का निर्माण में लगभग एक करोड़ व गरसुल्ला पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ग्राम बिहड़ के आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ निर्माण लगभग एक करोड़ की लागत से होगा जिसके लिए जिला परिषद व ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा निविदा जारी किए गए हैं, टेंडर की प्रक्रिया 21 एवं 22 जून से शुरू होगी इसके बाद टेंडर प्रक्रिया को निष्पादित करते हुए कार्य को धरातल पर उतारा जाएगा।

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में लगे किसी भी वाहन पर नही लगेगा पार्किंग शुल्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर निगम द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगे निजी एंबुलेंस पर पार्किंग शुल्क लगाने का निर्णय लिया गया था।इस बाबत एंबुलेंस चालकों द्वारा मामले की जानकारी समाजसेवी तथा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद को दी गई थी।श्री प्रसाद ने बुधवार को नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल से मुलाकात कर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में लगने वाले पार्किंग शुल्क को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि संबंधित एजेंसी से तत्काल जांच के बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर से सभी वाहनों का पार्किंग शुल्क हटा दिया जाएगा।मौके पर मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश झा, सुरेन्द्र सिंह, राजेश यादव,चंदन सिंह, राजा,भास्कर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दरिंदों ने की हैवानियत की हद पार नाबालिग के साथ किया गैंगरेप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनसार थाना क्षेत्र के दहुआटांड़ में 14 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पहले प्रेमी ने एक दोस्त के साथ मिलकर प्रेमिका का रेप किया। फिर रात मे उसने प्रेमिका को अपने पांच दोस्तों को सौंप दिया। प्रेमी के पांचों दोस्तों ने पीड़िता के साथ न केवल सामूहिक दुराचार किया, बल्कि मोबाइल पर उसका वीडियो भी बनाते रहे। पीड़िता के दर्द से कराहने की आवाज सुन आसपास के लोग जुटे। लोगों को देख आरोपी पीड़िता को छोड़कर भाग निकले। हालांकि भागने के दौरान वह मोबाइल मौके पर गिर गया, जिससे वीडियो बनाया जा रहा था। वही घटना की सूचना मिलने पर धनसार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई। उसके बाद उसे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया। उसे अभी शेल्टर होम में रखा गया है। किशोरी की शिकायत पर धनसार थाने में प्रेमी सहित सात के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई है। वही एक आरोपी का नाम चंदन कुमार साव है। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल को भी जब्त कर लिया। पीड़िता का प्रेमी भी नाबालिग है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। पुलिस के मुताबिक, किशोरी झरिया की घनुआडीह थाना क्षेत्र की रहने वाली है। माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। किशोरी का प्रेम प्रसंग दहुआटांड़ के रहने वाले किशोर के साथ चल रहा था। प्रेमी ने किशोरी को झांसा देकर दहुआटांड़ बुलाया था। रात में प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ एक बंद घर में किशोरी का रेप किया। इसके बाद उसे अपने पांच बालिग दोस्तों को सौंप दिया। पांचों दोस्त किशोरी को झाड़ियों में ले गए, जहां जबरन उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने लगे। इस दौरान एक आरोपी रेप का लगातार वीडियो बनाता रहा। किशोरी के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। इसके बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। किशोरी की शिकायत पर सात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सीडब्ल्यूसी के निर्देश पर पीड़िता को फिलहाल शेल्टर होम में रखा गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। वही धनसार थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय के अनुसार किशोरी की शिकायत पर सात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### श्रम निषेध दिवस पर चला जागरुकता अभियान

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले के बेंगाबाद प्रखंड के केंदुआगढ़ाह में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी जयप्रकाश वर्मा , संतोष पाठक की ओर से लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई।वही बताया गया कि बाल श्रम से मुक्ति के लिए जन जागरूकता फैलाएगा। इसके साथ ही लोगों से अपील किया गया कि बाल मजदूरी ना कराए अगर बाल मजदूरी कराते है तो आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर रणधीर प्रसाद ज्वाला, उदय कुमार, नीतीश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### अनियंत्रित बस सड़क किनारे नाले के स्लैब में जा फंसी

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला अंतर्गत अहिल्यापुर-नारायणपुर थाना के सीमावर्ती क्षेत्र दखनीडीह मोड़ के समीप एक बस सवारी गाड़ी को अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले के स्लैब में जा फंसी। मिडिया रिपोर्ट के अनुसार घटना में कोई हताहत नहीं हुवा है, बता दें बाद में बहुत मशक्कत के बाद बस को नाली से बाहर निकाला जा सका। बताया गया कि गिरिडीह की ओर से तेजी से आ रही एक पिकअप वैन को बचाने के चक्कर में बस चालक ने बस को रोड किनारे बने नाले के स्लैब में चढ़ा दिया। जिससे बस असंतुलित हो गई और बस में बैठे लोग काफी डर गए। जिसके बाद पिकअप वैन चालक वाहन के साथ मौके से फरार हो गया। बस सड़क किनारे नाले के स्लैब में चले जाने से बस में सवार सवारी बाल बाल बचे और सब सुरक्षित भी रह गए जो बड़ी घटनाएं से टल गया।

### जर्जर बिजली तार की चपेट में आकर करंट से दो मवेशी की मौत

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के नावाहार करंट लगने से दो गायों की मौत हो गयी है। घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के नावाहार गाँव की है। बताते हैं कि नावाहार गांव मे बिजली विभाग ने खेतों से होकर बिजली के खम्भे लगाए हैं। तार काफी जर्जर अवस्था मे है। कुछ जगह में तार काफी नीचे झूल गया है। बुधवार सुबह को गांव के जानवर वहां चर रहे थे।इसी दौरान करंट लगने से दो गायों की मृत्यु हो गयी। इससे गो स्वामी काफी परेशान हैं। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मुआवजा और जजर्र तार बदले की मांग की है।

### पशु तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई, एक को भेजा जेल

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देर रात को छोटकी खरगडीहा ओझाडीह मुख्य मार्ग स्थित ओझाडीह के समीप पशु तस्करी ले जा रहे एक पिकअप वैन को बेंगाबाद पुलिस ने जप्त कर बेंगाबाद थाना ले आया है।

बताया जाता है कि बेंगाबाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिक अप वाहन संख्या JH02AS 8741 छोटकी खरगडीहा के पास ओझाडीह रोड में खड़ा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए गस्ती पदाधिकारी स0 अ0 नि. अजय कुमार को निर्देशित किया गया। गस्ती पदाधिकारी द्वारा पूछ ताछ किए जाने पर कोई कागजात नही दिखाया जा सका एवं जगह जगह से खरीद कर पशुओं का तस्करी कर अन्यत्र बेचने की बात सामने आई । घटना पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ कांड संख्या 78/24 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है । इधर इस मामले में बेंगाबाद पुलिस जांच में जुटी है ।

### फुलारीटाँड बस्ती में किया गया हरि संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत फुलारीटाँड पंचायत के हरि मंदिर फुलारीटाँड बस्ती के प्रांगण में हरि संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मन्दिर के पुजारी ने पारंपरिक विधिवत गंधक पूजा अर्चना कर संकीर्तन की शुरुआत किया। चन्दनकियारी से आए हुए किर्तन मंडली परमेश्वर दास द्वारा भगवान हरि देव का भजन प्रस्तुत किया । संकीर्तन में आस पास गांवो के सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे ने श्रद्धालु के रूप में उपस्थित होकर भजन कीर्तन का आनंद उठाया।

## कैलूडीह जीटीए आउटसोर्सिंग में पांच सूत्री मांगों को लेकर झामुमो ने किया अनिश्चितकालीन चक्का जाम

# मजदूरों ने प्रबंधन पर लगाया मनमानी करने का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 के कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में मनमानी के कारण यहां कार्यरत कर्मचारी त्रस्त हैं। आए दिन धरना प्रदर्शन कर मजदूर अपनी मांगे मांग रहे हैं। प्रबंधन मजदूरों की समस्याओं को लगातार अनदेखी कर रही है। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले बाघमारा प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष शहजाद अंसारी के नेतृत्व में जीटीए आउटसोर्सिंग कंपनी में पांच सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया। इस मामले में शहजाद अंसारी ने बताया कि 5 जून 2024 को आउटसोर्सिंग कंपनी के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर पांच सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना एवं चक्का जाम की अग्रिम सूचना दी गई थी। प्रबंधन ने आवेदन पर कोई विचार नहीं किए जाने पर आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चक्का जाम कर दिया गया। शहजाद अंसारी ने बताया कि प्रबंधन को पांच सूत्री मांग सौपा गया जिसमें स्थानीय लोगों को गोपालीचक से हटाकर अपने क्षेत्र में स्थानांतरण किया जाए, बकाया नियोजन दिया जाए, बी फार्म में नाम



चढ़ाया जाए, मजदूरों को आई कार्ड दी निर्गत जाए, अप्रैल 2024 से एचपीसी रेट से भुगतान किया जाए आदि मांग शामिल है। अंसारी ने बताया कि 7 मई 2023 को महाप्रबंधक कार्यालय में हुई समझौता में 10 नियोजन देने पर समिति बनी थी। उस दिशा में भी आज तक कोई पहल नहीं किया गया। झारखंड सरकार के नियमानुसार स्थानीय बेरोजगारों को 75% रोजगार देना है। इसके बाद 26 दिसंबर 2023 को अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया गया। जिसमें 9 जनवरी 2024 को कंपनी के महाप्रबंधक मधु सिंह, वाईके सिंह के उपस्थिति में बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 के महाप्रबंधक कार्यालय में एक लिखित समझौता हुआ जिसमें अप्रैल 2024 से एचपीसी वेतन भुगतान करने का वादा किया लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया गया। आउटसोर्सिंग प्रबंधन गुंडो के बदौलत यहां काम करना चाहती है और मजदूर की आवाज को दबाना चाहती है। प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ जो भी कदम उठाना होगा झारखंड मुक्ति मोर्चा उठेएगा। दूसरी और प्रबंधन का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर प्रबंधन ने फोन नहीं उठाया। चक्का जाम करने वालों में मो शहजाद, मो मिनहाज़, मो राजन, अब्दुल वाहिद, राजकुमार भुइंया, मो जाहिद, शिव, अजय, समद, राजा, मेराज, मनोहर, अकबर, अफरोज, आफताब, अख्तर, राहुल, शंभु मंडल, सोनू, जितेंद्र, मुस्ताक, मुन्ना, आजाद, दिनेश आदि उपस्थित थे।

## मुख्तार अहमद ने बीएलओ शबाना परवीन को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के द्वारा वार्ड संख्या 14 के अंतर्गत बूथ संख्या 88 की बीएलओ शबाना परवीन को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है की बीएलओ शबाना परवीन के नेतृत्व मे पुरे वार्ड संख्या 14 मे बूथ संख्या 88 पर सर्वाधिक 77.12 प्रतिशत मतदान हुआ, जो पुरे धनबाद जिला मे भी दुसरा स्थान रखता है।

ज्ञात हो की बूथ संख्या 88 की सुचि मे कुल 564 मतदाता हैं जिनमे से 435 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी के उपलक्ष्य मे मुख्तार अहमद ने बीएलओ शबाना परवीन एवं समाज मे हमेशा सक्रिय भूमिका निभाने वाले उनके पति समाजसेवी मंजूर आलम को सम्मानित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। मौके पर समाजसेवी तनवीर आलम, हाजी ज़मीर आरिफ समेत अन्य मौजुद थे।

## स्टील हब के रूप में विकसित हो सकता है गिरिडीह
## यहां स्टील यार्ड बनाने की जरूरत : राजकुमार राज

प्रभात मंत्र संवाददाता


**गिरिडीह :** गिरिडीह में संसाधनों का कोई अभाव नहीं, बस ज़रूरत है इन संसाधनों के उचित रख - रखाव और इस्तेमाल की. यहाँ के स्टील उद्योग ने राष्ट्रीय फलक पर जिस तरह से अपनी पहचान बनाई है, उसके मद्देनज़र गिरिडीह को स्टील हब के रूप में विकसित किया जा सकता है. ये मानना है राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज का और इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने नई दिल्ली में देश के नवनियुक्त इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी से शिष्टाचार मुलाक़ात की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली गए राजकुमार राज ने शपथ ग्रहण के बाद विभिन्न विभागों के मंत्रियों से



मुलाक़ात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं. इस्पात मंत्री से मुलाक़ात के दौरान उन्होंने मंत्री को गिरिडीह के लौह उद्योग के बारे में बताया और मांग की कि गिरिडीह में बहुत जल्दी ही स्टील यार्ड बनाया जाए ताकि यहाँ का स्टील उद्योग और भी ऊंचाईयां हासिल कर सके.

इसके साथ ही राज ने नवनियुक्त केन्द्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से भी मुलाक़ात की. शिष्टाचार मुलाक़ात के दौरान बात - चीत में उन्होंने गिरिडीह कोलियरी को पुनर्जीवित करने की दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया और साथ ही यहाँ के लिए विशेष पैकेज की मांग भी की. राज ने बताया कि दोनों ही मंत्रियों ने उनकी बातों को बहुत ध्यानपूर्वक सुना और बहुत जल्दी ही सकारात्मक पहल करने का आश्वासन भी दिया.

## चुनाव के बाद टुंडी पुलिस फिर सक्रिय अवैध बालू लदे तीन 407 ट्रक जब्त




दीपक कुमार पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी/धनबाद :** जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया तथा टुंडी थाना पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी असीम कमल टोपनो के संयुक्त नेतृत्व में टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ कमारडीह पंचायत अंतर्गत भोजूडीह बैरियर स्थित अवैध बालू लदे तीन मालवाहक 407 वाहनों को पकड़ा और जब्त कर टुंडी थाना लाया गया। बताते चलें की टुंडी थाना क्षेत्र के बरकार नदी से हमेशा सैकड़ों वाहन अवैध बालू का खनन एवं भंडारण कर रात तथा दिन में बालू माफियाओं द्वारा तथा खादी एवं खाकी के सहयोग से मालवाहक वाहनों से ऊंचे दर में धनबाद एवं अन्य स्थानों में बेचने हेतु ले जाया करते हैं। बालू खनन में प्रतिबंध होने के बावजूद बालू का अवैध कारोबार सामान्य रूप से संचालित हो रहा है, प्रतिदिन वाहनों के द्वारा बालू का खेल खेला जा रहा है, परन्तु किसी खास वाहन को ही शिकंजे में लिया गया,जिस पर टुंडी बीडीओ ने काररवाई की। अहले सुबह भोजूडीह चेक पोस्ट के पास बैठ गये और गाड़ियों को पकड़ा जाने लगा। वाहन जांच दिन के दोपहर 11--12 बजे हो रही थी ??

**पांच में से तीन को पकड़ा गया,** उनके नम्बर इस प्रकार हैं :- JH10S --- 1099, JH10G --4737, JH1 BV -- 0398 जबकि दो वाहन भागने में सफल भी रहे। क्षेत्र के लोगों का कहना हैं पांचों को पकड़ना चाहिए था या फिर पांचों को छोड़ देना चाहिए था।।

## इंप्रेशन ग्रुप द्वारा नई दिल्ली में प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** 'इंप्रेशन'' नाम से बख्तियार दादाभोय, मुकुल सरन माथुर, आशिमा मेहरोत्रा, कृष्णनाथ एस पाटिल और कुलदीप तिवारी द्वारा चलित एक सामूहिक प्रदर्शनी है। इन कलाकारों की कलाकृतियाँ 14-18 जून 2024 के दौरान विजुअल आर्ट्स गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाएँगी।

प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 जून 2024 को शाम 5.00 बजे भारत हैबिटेट सेंटर की अध्यक्ष राजदूत भास्वती मुखर्जी द्वारा किया जाएगा, जिसमें रेलवे बोर्ड की अध्यक्षा और सीईओ जया वर्मा सिन्हा मुख्य अतिथि होंगी। यह 15-18 जून 2024 (सुबह 11 बजे से शाम 07 बजे तक) जनता के देखने के लिए खुला रहेगा।

यह प्रदर्शनी रूप और रंग के भावनात्मक और अभिव्यंजक गुणों पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक कलाकार एक विशेष मनोदशा या भावना व्यक्त करता है। यह विभिन्न विषयों या रंग पैलेट की खोज करते हुए प्रत्येक कलाकार के अनूठे दृष्टिकोण और शैलियों को दर्शाता है। पेंटिंग अमूर्त कला की दुनिया में रंग, आकार और संरचना की सीमाएँ में भी प्रवेश करती हैं । थीम को इस प्रकार लचीला और समावेशी बनाया गया है, जिसमें प्रत्येक कलाकार एक साझे ढांचे के भीतर एक अनूठी दृष्टि की व्याख्या और अभिव्यक्ति कर सके। कलाकारों में आशिमा मेहरोत्रा शामिल हैं, जिनके नाम कई कला शो हैं। कला का माध्यम वाटर कलर, ऐक्रेलिक, ऑयल पेंटिंग्स का मिश्रण है।

बी. के. दादाभॉय, आशिमा मेहरोत्रा, मुकुल सरन माथुर, कृष्णनाथ एस. पाटिल और कुलदीप तिवारी के जादुई ब्रश जीवन के समय और रिदम के अस्तित्व के विविध रंगों को समाहित करते हैं .....

प्रत्येक कलाकार का संक्षिप्त परिचय नीचे दिया गया है - 1.बख्तियार दादाभॉय, एक पूर्व सिविल सेवक और नौ पुस्तकों के लेखक, एक स्व-शिक्षित कलाकार हैं, जिन्होंने तेल में पेंटिंग शुरू की थी, लेकिन बाद में ऐक्रेलिक में बदल गए। उनकी वर्तमान कृतियाँ प्रकृति की भव्यता से प्रेरित अमूर्त पेंटिंग्स को प्रदर्शित करती हैं। पेंटिंग प्राकृतिक दुनिया के सार को पकड़ती हैं, इसकी सुंदरता को कला के जीवंत अभिव्यंजक कार्यों में बदल देती हैं। उनके काम भावनाओं को जगाते हैं, कल्पना को जगाते हैं और दर्शकों को रूप, रंग और बनावट के बीच जटिल संबंधों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करते हैं। बोल्ड ब्रशस्ट्रोक और ज्वलंत रंगों के माध्यम से उनकी पेंटिंग प्राकृतिक दुनिया को इस तरह से जीवंत करती हैं जो गहराई से व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक प्रतिध्वनि वाली भी है।

2. मुकुल सरन माथुर एक सिविल सेवक हैं, जिनमें रचनात्मकता, सटीकता और विवरणों पर नज़र रखने की कुशाग्रता है। उनके कामों में उनके अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो प्राकृतिक दुनिया को मानव निर्मित दुनिया में लाने के तरीके के रूप में अभिव्यक्तियों में समाहित होती है, जो अक्सर उनके दर्शकों को पर्यावरण, विरासत और जीवन के आसपास के सामाजिक परिवेश के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करती है।

Annexure1

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 08/2023-24

Date :-12/06/2024

2nd Call

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Kumharbar Nala, Block- Mandu, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 51.674 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 18/06/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 27/06/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 27/06/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 29/06/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 326137 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
(Civil Engineering Department)
Regd. Office: JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002 e-mail- ceciviljusnl@gmail.com

e-TENDER NOTICE (3rd Call)

e-Tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost (in Rs.) | Earnest money to be deposited (in Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) (in Rs.) | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 22/PR/JUSNL/ 24-25 | Raising of west side and plastering of south of boundary wall including provision of concentrina coil fencing, repairing and painting of boundary wall at 132/33 KV, G/S/S, Lalmatia, Dumka. | 26,36,400.00 (Including GST) | Rs. 52,800.00 | Rs. 5,000.00 + 18% GST= Rs. 5,900.00 | 04 Months |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | | | 13.06.2024 at 11:00 AM | | |
| Start Date and Time of Upload of BID | | | 13.06.2024 at 11:00 AM | | |
| End Date and Time of Upload of BID | | | 04.07.2024 Upto 03:00 PM | | |
| BID Opening Date for Technical Part | | | 05.07.2024 at 03:00 PM | | |
| BID Opening Date for Price Part | | | Will be Communicated | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | GENERAL MANAGER (CIVIL), JUSNL, HQ. Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002 | | |


1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions. Tender specification etc. can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (8789017436) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
4. Tenderer will have to upload an affidavit on non-judicial stamp paper of requisite value prevailing in Jharkhand duly executed before notary that their close members, blood relations/ proxies are not employed in any office of the Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited and other statement in the prescribed format in original. The original uploaded affidavit will have to be submitted in the office of the undersigned physically or by post within 30 (Thirty) days from the date of opening of Part-I (Technical and Commercial Part). This will not impact the process of the tender.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, (Civil)

PR.NO.326111 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D

# कैरो के सढ़ाबे में नाबालिग की हत्या, पुलिस पहुंच शव को भेज अस्पताल, जुटी हत्या की जांच में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी चुईटा उरांव की 15 वर्षीय पुत्री रेशमा उरांव की बीते मंगलवार रात्रि हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना बुधवार सुबह कैरो थाना को मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर आजाद,कैरो थान प्रभारी नीरज झा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुड़ गई। मृतक रेशमा उरांव की माता हिंदिया उरांव ने बतलाया कि हम लोग रात में खाना पीना के बाद सो गए थे रात को लगभग 1 बजे हम उठकर बाहर गए थे फिर सो गए इसके बाद न जाने कब मेरी पुत्री बाहर गई उसके साथ क्या हुई पता नही सुबह में नदी में खेतो की सिंचाई के लिए खोदे गए गढ्ढे में मेरी पुत्री का शव पत्थर बांधकर डाला हुआ पाया गया किसान के द्वारा गढ्ढे में शव होने की जानकारी दी गई। उसका कहना है कि घटना कैसे घटी कौन किया इसके बारे में कुछ भी पता नही है। पुलिस इंइस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद ने बारीकी से एक एक बिंदु को देखा और पूछताछ किया साथ ही साथ घर के बाहर लगे गोभी खेत मे जहां जहां पर खेती को रौंदा गया है या जहां कहीं भी खून का निशान मिले या घटना स्थल की बारीकी से गहन जांच पड़ताल किया।इस संबध में पुलिस इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर आजाद का कहना है कि मामला हत्या का है,ऐसा प्रतीत होता है कि लड़की की हत्या घर से कुछ ही दूरी पर किया गया और हत्या के बाद नदी में पटवन कार्य के लिए खोदे गए गढ्ढे में पत्थर बांधकर डाल दिया था। पुलिस प्रशासन हर पहलू पर अनुसंधान कर रही है, जल्द ही हत्या का खुलासा कर ली जाएगी।

# शिबू साहू हत्या कांड के और दो अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के सरेंगहातु तोड़ार गांव स्थित व्यवसायिक नरेश साहू उर्फ शिबू साहू की हत्या के मुख्य जासूसी करने वाले चान्हो थाना क्षेत्र के बलसोकरा तलाब मोहल्ला गांव निवासी अपराधी स्व मो सलीम अंसारी का 30 वर्षीय पूत्र अब्दुल रहीम उर्फ सदाम एवं कार चालक सलीम का पूत्र केसर अंसारी उम्र 32 वर्ष को गांव से गिरिफ्तार कर बुधवार को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया। वही आठ अप्रैल को शिबू साहु सेरेंगहातु के एक सैलून में दाढ़ी बना रहा था। जिसे अपराधियों द्वारा शिबू साहु की गोली मार हत्या करने के बाद भाग गये थे। वही सेन्हा पुलिस द्वारा बताया गया की एक क्रेशर चालक हत्याकांड में भी शामिल था। जिसे सेन्हा थाना पुलिस ने कार जब्त कर कार चालक केसर अंसारी को भी गिरिफ्तार किया है। सेन्हा थाना पुलिस के प्रभारी पु अ नि प्रभारी मनोज कुमार ने कहा की सेन्हा थाना कांड संख्या 24/2024 धारा 302 आर्म्स एक्ट दिनाक 8 अप्रैल 2024 की घटना पर दो अपराधी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस हत्या कांड में शामिल तीन अपराधी को पूर्व में ही जेल भेजा जा चूका है। और अन्य शामिल अपराधियों की खोज सेन्हा थाना पुलिस कर रही है। जिसे सभी को पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाघा में तीन दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ, सैकड़ो की संख्या में जुटे श्रद्धालु



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र के बाघा में तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस मौके पर बुधवार को भक्सो कोयल नदी तट से पुरोहित भास्कर पाठक,प्रणव पाठक के द्वारा विधि विधान के साथ भक्सो शिव मन्दिर तट सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने जल उठाकर बाघा स्थित महायज्ञ स्थल पहुंचे जिसके पश्चात पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। इस होने वाली महायज्ञ की जिम्मेवारी भैया सुरेन्द्र नाथ शाह ने संभाली है। वही बताते चलें कि 12 से 14 मई तक तीन दिवसीय महायज्ञ को बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ की गई जो कि गुरुवार को विशेष पूजा अर्चना के साथ तथा शुक्रवार को भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन किया जाएगा। इस समस्त कार्यक्रम के दौरान विवेक चौहान, राहुल चौहान, भईया श्याम किशोर नाथ शाह, आदर्श चौहान, धन्नजय चौहान के साथ भारी संख्या में महिला पुरुष तथा ग्रामीण शामिल रहेंगे।

# सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को एवं कूरू प्रखंड के विभिन्न गाँव में समाज कल्याण विभाग,शिक्षा विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सहयोग तथा मार्गदर्शन से महिला पुरुष समानता और नशापान के दुष्परिणाम विषय पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने हेतु नुक्कड़ नाटक मंचन का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से परिवार एवं समाज में लंबे समय से व्याप्त लैंगिक भेदभाव एवं असमानता को समाप्त करने में पुरुषों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसे उन्हें निर्वाहन करना है। तभी महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, नौकरी एवं अपने निर्णय लेने का अधिकार मिल पाएगा और व्याप्त असमानता घटेगी। वहीं दूसरे नाटक मंचन में दिखलाया गया कि किस तरह नशापान की लत एक परिवार पर बहुत सारे मुसीबत लेकर लाती है। परिवार का जो लड़का होता है और नशा पान के कारण अपना शिक्षा और जीवन दोनों बर्बाद करता है और नशा के कारण आकस्मिक दुर्घटना का शिकार हो जाता है। कार्यक्रम के उपरांत मौके पर उपस्थित शिक्षक ने कहा आज हमारे गाँव में सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा जो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम होते रहें तो हमारे समाज में इस दिशा में सकारात्मक बदलाव आयेगा। मौके पर सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज के समन्वयक, मुखिया, वार्ड सदस्य, विद्यालय के शिक्षक, स्वास्थ्य आरोग्य दूत, सेविका, सहिया एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए बजरंग दल ने किया पुतला दहन : सचिन कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बुधवार को बरवा टोली चौक में जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा आतंकियों का पुतला दहन किया। इस दौरान बजरंग दल के संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा की बजरंग दल के द्वारा बुधवार को पुतला दहन किया गया जो जम्मू कश्मीर में सनातन धर्म के धार्मिक यात्रा पर निकले हिंदू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णो देवी कटरा से शिवखोड़ी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामी जिहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खेड़ी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंन गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्राओं के हत्या कर दी थी।जिसको लेकर देशभर में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इसी घटना की निंदा करते हुए बुधवार को देशभर में बजरंग दल के द्वारा आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। इस दौरान सचिन कुमार साहू ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ बार-बार किसी न किसी प्रकार से धर्म को अपमानित करने का काम कुछ आसामाजिक तत्व करते आ रहे हैं जिससे सनातन धर्म के लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

# सांसद सुखदेव भगत नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद माननीय श्री सुखदेव भगत आज पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन के आवास पहुंचकर कल्पना सोरेन को जीत की बधाई दिए। कल्पना सोरेन ने भी सुखदेव भगत को लोकसभा जीतने पर बधाई दिए। इसके बाद दोनों नेताओं ने झारखंड के वर्तमान राजनीति पर चर्चा की। सांसद सुखदेव भगत ने कहा CWC मीटिंग में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि हम अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करेंगे, हमें जो जनादेश मिला है हम उसके साथ चलेंगे। विधानसभा चुनाव के लिए हम पूरी मेहनत से लड़ेंगे।हम पूरी तरह आस्वस्थ है कि राज्य में आगामी सरकार भी हमारी ही बनेगी।

# जीप सदस्य ने क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर जीप सदस्य ने प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत संचालित विभिन्न सरकारी विद्यालयों का किया निरीक्षण। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालयों का जर्जर भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय साके तथा चाऊ, अरु पंचायत अन्तर्ग राजकीय मध्य विद्यालय जोगना, झलजमीरा पंचायत का मध्य विद्यालय गगेया, उगरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कोराम्बे, मुर्की तोड़ार पंचायत का कन्या मध्य विद्यालय मन्हे तथा भड़गाँव पंचायत अन्तर्गत मध्य विद्यालय पारही का निरीक्षण कर मरम्मती के लिये कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद को लिखित रूप से पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश सरकारी विद्यालयों का भवन काफी जर्जर हो गया है। बच्चों को बरसात के दिनों में पढ़ाई करने के लिये काफी परेशानी होती है। जिसे बरसात से पूर्व मरम्मती के लिये विभाग को अवगत कराया गया है। बरसात से पहले सभी विद्यालयों का भवन प्राथमिकता के साथ मरम्मत हो जाने से बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं का समस्या का समाधान हो जाएगा।

# प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं के चयन को लेकर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 जुन बुधवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार मे प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव, एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी छ्न्दा भट्टाचार्य एवं पंचायत समिति सदस्यो के उपस्थिति मे पंचायत समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक मे 2024-25 वितीय वर्ष मे जी0पी0डी0पी0 के तह्त योजना के चयन को लेकर की गई चर्चा। बैठक मे प्रखंड प्रमुख के द्वारा निर्देशित किया गया योजनाओं के चयन मे प्रखंड सुदृढीकरण, एवं सौंदर्यीकरण जैसी योजनाओं के चयन मे प्राथमिकता देना है। मौके पर प्रविपदा0 भट्टाचार्य ने कहा कि जनोपयोगी योजनाओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर करें, मरम्मति जैसी योजनाओं का चयन विल्कुल ही न करें। प्रविपदा0 ने कहा कि समिति की आगामी बैठक 20 जुन को होगी। मौके पर निवर्तमान उप-प्रमुख मधुलिका रानी, पंचायत समिति सदस्य अंगनु उराँव, सुनीता लकड़ा, सुखंमणि देवी, प्रखंडकर्मी प्रदीप कुमार प्रजापति, संजीव कुमार इत्यादि पंचायत समिति की बैठक मे उपस्थित थे।

# बजरंग दल द्वारा सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में मंगल महाआरती का किया गया आयोजन, उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के बरवा टोली स्थित सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में मंगलवार को महाआरती का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ कर एवं दीप सजा कर किया गया। जिसमें नगर के राम भक्त माताएं बहने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू के द्वारा किया गया और उन्होंने बतलाया कि प्रत्येक मंगलवार को लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बजरंग दल के द्वारा मंगल महा आरती का कार्यक्रम शुभारंभ कर दिया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कमल केसरी जी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजू अग्रवाल थे। इस दौरान कमल केसरी ने बताया कि बजरंग दल के द्वारा जगह-जगह में महा आरती का कार्यक्रम करना बजरंग दल का उद्देश्य रहा है बजरंग दल की स्थापना 1984 ईस्वी में किया गया था और पूरे विश्व में बजरंग दल युवा इकाई के रूप में काम करती है। वही मंजू अग्रवाल ने कहा कि बजरंग दल की आगामी कार्यक्रम गंगा दशहरा 16 जून को शिव मंदिर बड़ा तालाब में किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में माताएं बहने राम भक्त उपस्थित होंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा के उपलक्ष में महाआरती होना लोहरदगा जिला के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। जिसमें जिले के सभी माताएं बहने 16 जून को बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर प्रांगण में उपस्थित होंगे। नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार ने कहा कि आए दिन बजरंग दल के द्वारा अनेको कार्यक्रम जिले में किया जा रहा है जैसे की मंदिर सफाई, पौधारोपण, जल बचाओ, जैसे अनेकों कार्यक्रम बजरंग दल के द्वारा किया जाता रहा है।वही इस दौरान छवि सिंह ने कहा कि 4 वर्षों में आज का मंगल महाआरती एक बार आता है और यह मंगल आरती में हनुमान चालीसा का पाठ होना बहुत ही शुभ माना गया है। वहीं रीता पांडे ने कहा कि बजरंग दल की युवाओं ने हर कार्य में आगे बढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए रहते हैं। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान कमल केसरी, सचिन कुमार साहू, हसमुख रंजन, अमित अग्रवाल, निशांत साहू, आशु राजपूत, छवि सिंह, जूली अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रीता देवी, पूनम देवी, माधुरी देवी, सरिता देवी, चमचम देवी, गुड़िया देवी, छवि सिंह, सरिता देवी, चंदू देवी, कंचन देवी, निधि कुमारी, किरण देवी, सुधा देवी के साथ भारी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

# उड़ीसा में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने दी बधाई





**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भातीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा संगठन की ओर से उड़ीसा में भाजपा में बनी पूर्ण बहुमत की सरकार जिसमें मुख्यमंत्री के रूप में मोहन चरण माझी और इनके अलावा दो डिप्टी सीएम छह बार के विधायक केवी सिंह देव और प्रवती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, विधान पार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, बजरंग उरांव, नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत,सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, सरोज प्रजापति, विमलकांत सिंह, सुरेश बैठा, मीना बाखला, भारती सिन्हा, कलावती देवी, विश्वजीत शाहदेव, राजेश महतो, रामोतार वर्मन, त्रिवेणी दास, अशोक कुमार, संजय महतो, अनूप वर्मा, उमेश कास्यकार, सूरज दसोंधी, अमरेश भारती, सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, मुकेश साहू, लखन उरांव,नवीन साहू, भरत किसान, मनीष शिखर, संजय चौधरी, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, बाल्मीकि कुमार, विवेक चौहान शंकर प्रजापति, कृष्णा मोदी, यदुनंदन तिवारी सहीत अन्य कार्यकर्ताओं ने दी।

# जय श्री राम समिति ने पांच यूनिट रक्तदान कर दिया मान्यता का परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के द्वारा चार मरीजों को 5 यूनिट ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप सेन्हा प्रखंड के पुराना थाना निवासी अजय राम की पत्नी रेशमी देवी एवं कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत निवासी बजरंग महतो की पत्नी जयंती देवी सदर अस्पताल लोहरदगा में दोनो इलाजरत, सदर प्रखंड के मन्हो पंचायत निवासी अष्टमी लोहरा की पत्नी धर्मी देवी स्थानीय क्लिनिक मधुर हॉस्पिटल पतराटोली तथा सदर प्रखंड के ब्राह्मणडीहा करंज टोली निवासी संजीदा भगत की पुत्री सुमंत भगत बेडो के इरा अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने ऑपरेशन की बात कह ब्लड की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य क्रमशः शुभम साहू, राहुल कुमार, आनन्द शर्मा, जीवन उरांव सुमित भगत ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर मरीज की जान बचाई। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा प्रचंड गर्मी के बावजूद समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक कर रही है थोड़ी सी मुश्किलें जरूर हो रही है परंतु समिति के प्रति लोगों का प्यार और विश्वास ही है जो हम सब को हिम्मत देती है। आगे कहा वर्तमान में गलत ढंग से खानपान के कारण लोगों को खून की कमी हो रही है पहले इतनी संख्या में खून की कमी नहीं होती थी इसलिए लोगों को अपने दिनचर्या में भी परिवर्तन करना होगा?। आजकल पानी में भी आयरन की कमी हो गई है जिससे लोगों को शरीर में आयरन के लिए दवाइयां खानी पड़ रही है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, बजरंग साहू, संदीप साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, संध्या देवी, दीपक राम, धनंजय कुमार, रतनलाल लोहरा, विजय महतो आदि लोग मौजूद थे।

# हमारी 11 सूत्री मांगों पर विचार नहीं तो, सरकार के खिलाफ होगा तीव्र आंदोलन : राजू महतो

- झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश को करें नाकाम : कयूम खान
- समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलनकारियों में एकजुटता जरूरी : राजेश वर्मा
- एकजूट होकर तीव्र होकर आंदोलन करने की जरूरत : प्रो. विनोद भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड आन्दोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय मैदान में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, गिरिडीह के वरिष्ठ साथी राजेश वर्मा, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि राज्य निर्माण कर्ताओं की पहचान सम्मान एवं व्यवस्थाओं का लाभ देने में सरकार अभी भी विफल है। झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने द्वारा झारखंड सरकार को आंदोलनकारियों के 11 सूत्री मांग पत्र दिया है। जिस पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मुख्य मंत्री इस पर संज्ञान में लेते हुए जल्द वार्ता करे, अन्यथा झारखंड सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों एवं सरकार में शामिल राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा। श्री महतो ने आगे कहा कि अब सरकार एवं सरकार में शामिल दलों के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ी जाएगी। प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि हमारे शहीदों एवं पूर्वजों और पुरखों ने झारखण्ड की पहचान एवं झारखण्ड की आदिवासी, मूलवासी समुदाय के अधिकारों के लिये लगातार संघर्ष करते रहे हैं। आजादी के पूर्व, आजादी की लड़ाई के समय एवं आजादी के बाद भी शोषण के खिलाफ लम्बी संघर्ष हमारे अमर पुरोधाओं ने अपनी कुर्बानी दीं। लंबे संघर्ष के बाद राज्य का गठन हुआ। जिसके बुनियाद में जल-जंगल-जमीन, भाषा, संस्कृति, परंपरा व महान जीवन प्रणाली की रक्षा अर्न्तनिहित थी। झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश के खिलाफ आन्दोलनकारियों का त्याग एवं बलिदान आज बेकार साबित हो चला है।

# एएसआई हत्याकांड में सार्जेंट मेजर और डे मुंशी सस्पेंड

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह की मानसिक रूप से बीमार कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने कार्रवाई करते हुए लोहरदगा पुलिस के सार्जेंट मेजर शेरू कुमार रंजन को सस्पेंड कर दिया है । जांच में दोषी पाए जाने पर लोहरदगा एसपी हारिश बिन जमां ने डे मुंशी विनोद कुजूर को सस्पेंड कर दिया है। एसपी की जांच रिपोर्ट पर डीआईजी ने कार्रवाई की है। जांच में पता चला है कि डे मुंशी को यह बात मालूम थी कि आरोपी कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा मानसिक रोगी है और उसका इलाज रिनपास से चल रहा है। उसने विभाग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं दी थी । बावजूद इसे इंसास राइफल देकर चुनाव ड्यूटी पर दूसरे जिले भेज दिया था।

## चलते चलते एक नजर

### सीएम ने पैरालंपिक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में पैरालम्पिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी 13 जून से 19 जून 2024 तक आयोजित होने वाले भारत बनाम थाईलैंड के बीच दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में झारखंड के 9 पैरालम्पिक खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से झारखंड के चयनित खिलाड़ियों को हर संभव मदद किए जाने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूरी टीम को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### रांची झील की साफ सफाई अविलंब कराई जाए : राजीव मिश्रा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राँची झील बचाओ अभियान समिति राँची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने जिला प्रशासन एवं राँची नगर निगम से राँची झील की साफ सफाई को अविलंब कराने की मांग की । मिश्रा ने बताया कि राँची झील का पानी दूषित होने के कारण सड़ गया है एवं बदबू दे रहा है जिससे आस पड़ोस के लोगो , मारवाड़ी कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है । मिश्रा ने बताया कि राँची झील के दूषित पानी का सैम्पल समिति के द्वारा उच्च न्यायालय को भी दिया जाएगा ।राँची झील के दूषित पानी के कारण आसपास के क्षेत्रों में मलेरिया , डेंगू सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों में महामारी भी फैल सकती है । मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा लगातार पिछले कई सालों से राँची झील की साफ सफाई की मांग को लेकर सत्याग्रह भी किया जा चुका है परंतु आज तक राँची झील की साफ सफाई नही हो सकी जो कि दुर्भाग्यपूर्ण बात है । राँची झील बचाओ अभियान समिति के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से इस विषय को संज्ञान में लेकर राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन से अभिलंब राँची झील की साफ सफाई हेतु उचित कार्यवाही करने एवं राँची झील को बचाने के लिए उचित कदम उठाने का दिशा निर्देश दिए जाने की मांग की । मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार एवं निगम प्रशासन के द्वारा अभिलंब रांची झील में नाले के गंदे पानी के प्रवेश पे रोक लगाकर साफ सफाई हेतु उचित करवाई कराई जाए ।

**हरियाणा-दिल्ली में रार, महाराष्ट्र में तकरार**

# क्या इंडिया गठबंधन में पड़ गई है दरार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव में बीजेपी के विजय रथ को रोकने के लिए तमाम विपक्षी दलों ने एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था. इंडिया गठबंधन भले ही पीएम मोदी को सत्ता की हैट्रिक लगाने से न रोक पाया हो, लेकिन बीजेपी को बहुमत के आंकड़े से दूर कर दिया था. एनडीए को इंडिया गठबंधन ने कड़ा मुकाबला दिया था, लेकिन अब नतीजे के बाद विपक्षी एकता बिखरने लगी है. दिल्ली-हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सियासी रार छिड़ गई है तो महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के बीच तकरार शुरू हो गई है.आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने पंजाब छोड़कर दिल्ली, हरियाणा, असम और गुजरात सहित बाकी राज्यों में मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था. हरियाणा में कांग्रेस ने पांच सीटें जीतीं तो आम आदमी पार्टी कुछ वोटों से कुरुक्षेत्र सीट हार गई. दिल्ली में भी किसी का खाता नहीं खुला. हरियाणा और दिल्ली में मिली हार का ठीकरा आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर फोड़ा है. आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है तो कांग्रेस ने हरियाणा में अकेले चुनावी मैदान में उतरने की बात कही है. इस तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की राह एक दूसरे से जुदा हो गई है.

**हरियाणा में टूटी कांग्रेस-आप की दोस्ती:** हरियाणा में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं. लोकसभा चुनाव में पांच सीटें जीतने के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं तो आम आदमी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि उनकी पार्टी को कुरुक्षेत्र सीट पर कांग्रेस से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला, जिसके चलते सुशील गुप्ता हार गए. ऐसे में कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि जहां तक आप के साथ हमारे गठबंधन की बात है, तो यह राष्ट्रीय स्तर (लोकसभा चुनाव) के लिए था, न कि राज्य (विधानसभा) स्तर के लिए. हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा ने भी सोमवार को कहा था कि कांग्रेस का आप के साथ गठबंधन लोकसभा चुनाव तक सीमित है. हरियाणा में इंडिया गठबंधन को 47.6 प्रतिशत वोट मिला, जो देश के सभी राज्यों में सबसे अधिक है. ऐसे में हुड्डा और कांग्रेस पार्टी अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने की राह पर हैं.



**दिल्ली में अकेले-अकेले चुनाव लड़ेगी:** राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन टूट गया है. आम आदमी पार्टी की ओर से आज ये स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव वह अकेले लड़ेगी. कांग्रेस के साथ सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन किया गया था. आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा. दोनों ही पार्टियों ने लोकसभा चुनाव में मिलकर दिल्ली में चुनाव लड़ा था. दिल्ली की सात में से चार सीटों पर आम आदमी पार्टी ने और तीन पर कांग्रेस ने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत सके. यही वजह है कि अब लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद आज आम आदमी पार्टी ने गठबंधन तोड़ने का ऐलान किया. दिल्ली में इंडिया गठबंधन की हार की यह वजह भी बताई जा रही है कि चुनाव में दोनों पार्टियां अपने वोट एक दूसरे के दल में शिफ्ट कराने में नाकाम रहीं.

**महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव में तकरार:** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन में दरार पड़ती दिख रही है. विधान परिषद शिक्षक और स्नातक कोटे के चुनाव को लेकर कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के बीच अनबन शुरू हो गई है. सूबे की चार सीटों पर हो रहे एमएलसी चुनाव में उद्धव की शिवसेना ने बिना चर्चा के ही चारों सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, जिससे कांग्रेस नेता नाराज हो गए हैं. महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि विधान परिषद चुनाव को लेकर उद्धव ने कोई चर्चा नहीं की. इस संबंध में जब हमने ठाकरे से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया.

## मानवता के रिश्ते सदा-सदा के लिए है : शौकत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले में जारी भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त-व्यस्त है। तापमान 44-45 रहने से लोगों के रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं समाजसेवी शौकत खान इस भीषण गर्मी में भी गरीबों के साथ-साथ पशुओं का भी ख्याल रखने में पीछे नही हट रहे हैं।

मालूम हो कि गढ़वा जिले का तापमान 44-45 चल रहा है। ऐसे में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम के इस बेरुखी से सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदुरों को हो रही है। अनेक निःशुल्क बैंक के संचालक समाजसेवी शौकत खान कपड़ा बैंक, सत्तू बैंक, चावल बैंक से जरुरतमंदों की जरुरत पुरी करने में जुटे हुए हैं। साथ ही वे बेजुबान जानवरों को भी भोजन और पानी उपलब्ध कराते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होने बताया कि धुप और गर्मी इतना है कि एक सेकंड भी राहत नहीं मिल रही है। ऐसे हालात में जरुरतमंद लोग तो अपनी जरुरत कि चिजे मांगकर लें जाते हैं। लेकिन बेचारे बेजुबान जानवरों का दुख दर्द कौन समझेगा। इसलिए मुझसे जितना बन पा रहा है हम इंसानों के साथ बेजुबान जानवरों को भी ज्यादा से ज्यादा सेवा देने कि कोशिश कर रहे हैं। साथ ही गढ़वा पलामू के नागरिकों से अपील कर रहे हैं कि गर्मी अधिक है। आप लोग भी अपने आस पड़ोस में घुम रहे बेजुबान जानवरों को भी ज्यादा से ज्यादा मदद करें और शहर में बहुत सारे जगहों पर जंगल से आये हनुमान और बंदर भी दिख रहे हैं। प्लीज उन्हें मारकर भगाये नहीं बल्कि उन्हें भी भोजन और पानी उपलब्ध कराकर मानवता कि मिसाल पेश करें।

## गरीब परिवार के पढने वाले बच्चे व उसके माता-पिता पर आधारित है फिल्म त्वमेव सर्वम

एजेंसी

**मुंबई :** फिल्म त्वमेव सर्वम एक गरीब परिवार की ही नहीं वरन हर गरीब परिवार के पढने बाले बच्चों और उनके माता पिता की कहानी है। कहानी समाज के आईने को बहुत अच्छी तरह से दिखाती है। इस कहानी को देखकर गरीब बच्चों को हिम्मत मिलती है कामयाब होने की। अगर मन लगाकर पढाई की जाए तो कामयाबी चलकर आपको गले लगाती है।फिल्म में पिता के किरदार को बहुत ही सच्चाई के साथ दिखाया गया है,जो कि हर गरीब पिता की कहानी होती है कि उसके बच्चे कामयाब हों।और जो जाति आधारित लोगों की सोच होती है,उसको बदल सकें। सिस्टम को अपने लोगों को और दूषित समाज को बदल सकें।ताकि कोई गरीब खुद को समाज से अलग थलग महसूस न कर सके।पिता के किरदार को मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा ने बहुत ही शानदार तरीके से निभाया है। इस फिल्म में बेटे के किरदार को मशहूर और उभरते हुए अभिनेता विक्रम सिंह ने निभाया है। जो कि एक बेटे की भूमिका को पूरी तरह निभाते हुए। जान फूंक दी है। बहुत से पढने बाले बच्चे इस फिल्म और किरदार को देखकर मोटिवेट होंगे। और अपने परिवार के सपने को पूरा करने में जान लगा देंगे। वास्तव में विक्रम सिंह का किरदार सिर्फ नौकरी पाने के लिए नहीं पढ रहा। बल्कि समाज को और सिस्टम को सुधारने और बदलने के लिए पढ रहा है। इस फिल्म को सभी को देखना




चाहिए और खासकर पढने बाले बच्चों को जरूर दिखाना चाहिए।जिससे के उनको आगे पढने और बढने की हिम्मत मिल सके।मेरी तरफ से इस फिल्म को 5 स्टार हैं। इस फिल्म के निर्देशक- मनोज तिवारी,निर्माता -रामपाल सिंह पठारिया,लेखक- डॉ जीवन एस रजक,एडिटर- चन्दन अरोड़ा व कलाकार- संजय मिश्रा व बिक्रम सिंह हैं।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

• शरीर में पानी की कमी
• उल्टी, तेज बुखार
• कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
• हृदयाघात, मस्तिष्कघात
• कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
* साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
* तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
* बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

• गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
• घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
• लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
• ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
• लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है|सावधानियाँ हीं बचाव|
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

104 चिकित्सा सलाह
24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)
PR-326230(Health Med Edu and Family Welfare)24-25